गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड

GARDEN REACH SHIPBUILDERS & ENGINEERS LIMITED

वार्षिक रिपोर्ट 2021-22

पोतनिर्माण में
उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता
की दिशा में अग्रसर

विषय सूची

निष्पादन का वर्ष	02
जीआरएसई के बारे में	03
पोत निर्माण	04
इंजीनियरिंग	06
डीज़ल इंजन संयंत्र	07
दृष्टिकोण, लक्ष्य एवं मूल्य	08
वित्तीय वर्ष 22 की मुख्य बातें	10
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश	12
निगमित सूचना	15
निदेशक मंडल	16
10 वर्ष की मुख्य वित्तीय बातें	18
प्रतिस्पर्धी ताकतें	20
जीआरएसई का पर्यावरण उत्तरदायित्व	22
निदेशक रिपोर्ट	23
प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट	63
निगमित शासन पर रिपोर्ट	71
व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट	97
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	109
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ	119
तुलन पत्र	120
लाभ एवं हानि का विवरण	121
नकदी प्रवाह विवरण	122
इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण	124
वित्तीय टिप्पणियाँ	125
सूचना	178

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड

लोकसभा / राज्यसभा के पटल
पर प्रस्तुत किए जाने वाले कागजात

अधिप्रमाणित

रक्षा राज्य मंत्री

निष्पादन का वर्ष

कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 1,748 करोड़ रू. का अबतक का सबसे अधिक कारोबार दर्ज किया, जो 54% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि को दर्शाता है। एक श्रम प्रधान उद्योग होने के बावजूद, कंपनी ने कोविड 19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन और संचालन में प्रगति, आंतरिक क्षमता में लगातार सुधार किया। जीआरएसई ने वित्त वर्ष 20-21 में 3.85 रू. के मुकाबले वित्त वर्ष 21-22 के लिए 4.95 रू. प्रति इक्विटी शेयर 10 रू. के अंतरिम लाभांश की भी घोषणा की है, जो 28.57% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। शिपयार्ड एक शून्य-ऋण कंपनी भी है और मैसर्स ब्रिकवर्क से उच्चतम क्रेडिट रेटिंग बरकरार रखा है।

+54%
कारोबार में वर्ष दर वर्ष की वृद्धि

₹24,000 करोड़ रू. की आदेश पुस्तिका
वर्ष 2027 तक राजस्व दृश्यता के साथ

2022 अवलोकन

गोलियाथ क्रेन का प्रवर्तीकरण

जीआरएसई मेन वर्क्स में ड्राई डॉक इंक्लाइंड बर्थ एवं मॉड्यूल हॉल को कवर कर रहे 250 टन क्षमता वाली गोलियाथ क्रेन प्रवर्तीकरण किया गया।

संध्याक जलावतरित

भारतीय नौसेना हेतु सर्वे वेसल (लार्ज) परियोजना के तहत चार पोतों की श्रृंख्ला का पहला सर्वे वेसल जलावतरित किया गया। समुद्री परंपराओं को कायम रखते हुए पोत का नाम "संध्याक" रखा गया।

एसएमपी कोलकाता के साथ समझौता

खिदिरपुर में तीन मौजूदा ड्राई डॉक के विकास एवं उपयोग हेतु कोलकाता में रक्षा एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में पोत मरम्मत एवं रिफिट के नए व्यावसायिक अवसरों के खोज के संबंध में।

रिपब्लिक ऑफ गुयाना के लिए वेसल

रिपब्लिक ऑफ गुयाना हेतु ओशन गोइंग वेसल का शिलान्यास किया गया।

इलेक्ट्रिक फेरी

अंतर्देशीय जल में यात्रियों के परिवहन हेतु पूर्ण विद्युत बैटरी चालित फेरी की अवधारणा डिजाइन विकसित किया गया।

जीआरएसई के बारे में

जीआरएसई भारतीय रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत एक प्रमुख पोत निर्माण कंपनी है, जो मुख्य रूप से भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक की पोत निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करती है। जीआरएसई एक विविध, लाभकारी और लाभांश देने वाली कंपनी है तथा युद्धपोत निर्यात करने एवं भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक को 100+ युद्धपोतों को सुपुर्द करने वाला देश का प्रथम शिपयार्ड है।

पोत निर्माण

जीआरएसई का पोत निर्माण प्रभाग मुख्य रूप से रक्षा क्षेत्र, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के लिए युद्धपोतों / जलयानों के निर्माण करता है। जीआरएसई में पोत निर्माण के लिए 3 पृथक केंद्र हैं तथा ये सभी एक दूसरे के निकट कोलकाता में हुगली नदी से जुड़े हुए है।

पोत निर्माण क्षमताएँ

- फ्रिगेट
- एंटी-सबमरीन वॉरफेयर कोर्वेट
- मिसाइल कोर्वेट
- लैंडिंग शिप टैंक
- लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी
- सर्वे वेसल
- फ्लीट रिप्लेनिशमेंट टैंकर
- फास्ट पेट्रोल वेसल
- ऑफशोर पेट्रोल वेसल
- इनशोर पेट्रोल वेसल
- डब्ल्यूजे-एफएसी
- होवर क्राफ्ट
- फास्ट इंटरसेप्टर बोट
- एंटी-सबमरीन शैलो वाटर क्राफ्ट
- पैसेंजर कम फेरी कार्गो वेसेल



हमारा व्यवसाय

पोत निर्माण क्षमताएँ

मेन वर्क्स

मेन वर्क्स जीआरएसई के संचालन का केंद्र है। मेन वर्क्स का केंद्र बिंदु कोलकाता में स्थित एकीकृत पोत निर्माण सुविधा है। लगभग 48 एकड़ भूमि में फैली सुविधाओं में निम्नलिखित शामिल है जिसमे 10,000 डीडब्ल्यूटी लॉचिंग क्षमता का एक ड्राई डॉक और 4,500 डीडब्ल्यूटी क्षमता का एक इंक्लाइंड बर्थ है। इन दोनों में पोर्टेबल शेल्टर भी है। इस संयंत्र में 200 टन तक के बड़े पूर्वनिर्मित ब्लॉक, ब्लास्ट और पेंट सेल, दो अतिरिक्त रिवर जेटी आदि के निर्माण के लिए मॉड्यूल हॉल भी शामिल है। 80 x 25 x 8 मीटर के पूरी तरह से ढके हुए गैर-ज्वारीय वेट बेसिन जिनमे 2 x 10 टन ईओटी क्रेन है जो मध्यम और छोटे पोतों के लिए उयोगी है और 160 x 25 x 8 मीटर ड्राई डॉक जिनमें 2 x 40 टन गोलियाथ क्रेन है जो पोतों के निर्माण और मरम्मत हेतु उपयोगी है। बिल्डिंग बर्थ का माप 180 x 25 मीटर है और यह 2 x 40/10 टन क्रेन और सहायक फैब्रिकेशन शॉप से सुसज्जित है।

दो (2) नदी जेटी जो 60 मीटर तक के जलयानों की बर्थिंग में सक्षम हैं और छोटे जलयानों की आउट-फिटिंग / मरम्मत के लिए अनुकूल हैं। अतिरिक्त सुविधाएं- फास्ट इंटरसेप्टर बोट के निर्माण के लिए बोट शेड। दो वातानुकूलित और आर्द्रता-नियंत्रित शॉप जिनकी छ: खण्डों वाली 18 से 40 मीटर तक की लंबाई है, जो 20 मीटर तक के क्राफ़्ट बनाने में सक्षम है।

फ़िटिंग आउट जेटी

फ़िटिंग आउट जेटी (एफओजे) कोलकाता, भारत में 18 एकड़ भूमि पर फैली हुई है। यह पोतों की फ़िटिंग और मरम्मत के लिए समर्पित है। एफओजे यूनिट में निम्न सुविधाएं शामिल है: नेवल कॉम्प्लेक्स जेटी (229 x 10 x 8 मीटर, एक 25 टन टॉवर क्रेन के साथ), फिंगर जेटी (184.50 x 11.43 x 7 मीटर, एक 15 टन लेवल लफिंग क्रेन के साथ)। हालांकि मुख्यत: ये बड़े पोतों के लिए है परंतु हमारी एफओजे यूनिट छोटे,मध्यम और बड़े पोतों को फिट करने में सक्षम है। यहाँ एक साथ चार (4) बड़े पोतों को फिट किया जा सकता है।

राजाबगान डॉकयार्ड

राजाबगान डॉकयार्ड कोलकाता में 550 मीटर ओपन रिवर फ्रंट के साथ 31.15 एकड़ में फैला हुआ है। यह एक साथ तीन (3) 50 मीटर-आकार के पोतों का प्री-लॉचं और चार (4) पोतों की पोस्टलॉन्च आउटफिटिंग ओपन रिवर के पास कर सकता है। राजाबगान डॉकयार्ड में सुविधाओं में एक (1) ड्राई डॉक शामिल है जो 4 मीटर तक के ड्राफ़्ट पोतो को समायोजित कर सकता है।

इंजीनियरिंग

हमारे इंजीनियरिंग डिवीजन के उत्पादों और व्यापार में शामिल है पोर्टेबल ब्रिज, डेक मशीनरी मदें और मरीन पंप। वर्ष 1970 में जीआरएसई में इंजीनियरिंग डिवीजन की स्थापना मुख्य रूप से परिष्कृत डेक मशीनरी मदों के स्वदेशीकरण के लिए हुई थी।

निर्माण क्षमता

- पोर्टेबल ब्रिज
- डेक मशीनरी





डीजल इंजन संयंत्र

रांची में स्थित डीजल इंजन प्लांट (डीईपी) मरीन प्रोपल्शन इंजनों के परीक्षण और ओवरहॉलिंग और डीजल इंजनों की सेमी नाक्ट डाउन इकाइयों की असेंबली में लगा हुआ है । यह प्रभाग एमटीयू 396-04; एमटीयू 4000; एमटीयू 1163; एवं एमटीयू 538 श्रेणी के डीजल इंजनों की आपूर्ति एवं ओवरहाल करता है । हमारे पास एमटीयू 12 वी/16 वी 4000एम90 इंजन की सेमी नॉक डाउन असेंबली और कुछ इंजन भागों के उत्पादन के लिए एमटीयू जर्मनी के साथ एक लाइसेंस समझौता भी है । डीईपी ने पी17ए हेतु 1एमडब्लयूए डीजल जनरेटर भी सफलतापूर्वक विकसित किया है ।

दृष्टिकोण, लक्ष्य एवं मूल्य

2030 तक नवरत्न कंपनी बनना और विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ भातीय शिपयार्ड के रूप में मान्यता प्राप्त करना।

दृष्टिकोण

डिजाइन क्षमता में आत्मनिर्भर होना और अत्याधुनिक निर्माण प्रक्रिया को लागू करना।

प्रतियोगी मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण युद्धपोत बनाना, डिलीवरी के समय और उत्पाद समर्थन के मामले में ग्राहक की अपेक्षा को पूरा करना ।

ग्राहकों की संतुष्टि, उत्पाद नवोन्मेष, निर्यात संभावनाओं पर पकड़, कर्मचारी उद्देश्य, और अन्य हितधारक जुड़ाव तथा प्रतिभा विकास के माध्यम से निरंतर विकास प्राप्त करना।

भारत सरकार के पहल और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने हेतु संचालन के सभी क्षेत्रों मे "सुधार एवं परिवर्तन" का लाभ प्राप्त करना है।

लक्ष्य

मूल्य

निष्पक्षता

जीआरएसई अपने विक्रेताओं, स्वतंत्र ठेकेदारों, व्यापार भागीदारों और ग्राहकों को अपने साथ बार-बार व्यापार करने के लिए प्रोत्साहित करने के माध्यम से स्वयं को निष्पक्ष व्यावहार की एक मजबूत प्रसिद्धि बनाना चाहता है। कंपनी अपने आंतरिक और बाहरी व्यवहार में पूर्ण पारदर्शिता लाने के पथ पर मजबूती से अग्रसर है।

उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर

कंपनी अपनी पिछली उपलब्धियों से संतुष्ट होकर रुकना नहीं चाहती अपितु वह लगातार बेहतर उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने की कोशिश करती है, लगातार ग्राहक संतुष्टि में सुधार करती है, परिचालन क्षमता को उन्नत करती है और संगठन में सभी की उत्पादकता को बढ़ाती है। इस मूल्य पर जोर आंशिक रूप से निकट भविष्य में व्यापार की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मक से प्रेरित है।

कर्मचारियों की कल्याण चिंता

कर्मचारी अपने करियर को पैसा कमाने के एक साधन से कहीं अधिक के रूप में देखते हैं। वे ऐसी कंपनी के साथ काम करना चाहते हैं जिसे सच में उनकी परवाह है। कर्माचारी चाहते हैं कि पर्यवेक्षकों उनके विचारों और चिंताओं को सुनें। वे चाहते हैं कि उन्हें एक ऐसा कैरियर मार्ग मले जिसमें वे सीखते रहें, नए कौशल प्राप्त कर सकें और संगठन के साथ आगे बढ़ सकें। संगठन के सभी स्तर के प्रबन्धक चाहते हैं कि उन्हें अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जिन प्रौद्योगिक,मानव संसाधनों और धन की आवश्यकता है, उनकी आपूर्ति की जाए। जीआरएसई की इस मूल्य प्रणाली को अपने भविष्य में भी जारी रखने की योजना है।

उदारता

उदारता का अर्थ है कि संगठन का प्रत्येक सदस्य कंपनी की सफलता में भाग ले। पुरस्कार और मान्यता जीवन का एक अभिन्न अंग है, इससे कर्मचारी में प्रेरणा व निष्ठा बढ़ती है जिससे हम उच्च उत्पादकता की ओर अग्रसर होते हैं।

सामाजिक भागीदारी

जीआरएसई की योजना अपने प्रचालन स्थल के आस पास के समुदाय व समाज के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखने की है।

नवोन्मेष

व्यापार में नवोन्मेषक लगातार उभरती हुई ग्राहक जरूरतों की तलाश कर रहे है और उन्हें पूरा करने के लिए सर्वोत्तम समाधान डिज़ाइन कर रहे हैं | नवोन्मेष द्वारा कंपनी अपने ग्राहकों के लिए नए जीवन मूल्य निर्मित करती है| निरंतर नवोन्मेष से निगम को बढ़ती प्रतिस्प्रधा में आगे बने रहने में मदद मिलती है क्योंकि वो प्रतियोगियों से पहले उभरते अवसरों का लाभ उठा पाते हैं | जीआरएसई ने इस मूल्य प्रणाली को अपने वर्तमान और भविष्य के कार्यों में दृढ़ता से लागू करने की योजना बनायीं गयी है |

वित्तीय वर्ष 22 की मुख्य बातें

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ समझौता ज्ञापन

सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी तरह का प्रथम, 27 डबल-लेन क्लास 70 मॉड्यूलर स्टील पुलों के आपूर्ति, निर्माण और लॉन्चिंग के लिए समझौता ज्ञापन।

आईसीसी पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार 2021 में दो पुरस्कार जीते

जीआरएसई को 11वें आईसीसी पीएसई एक्सीलेंस अवार्ड्स के एक आभासी समारोह में सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी (विजेता) और कॉर्पोरेट गवर्नेंस (उपविजेता) के श्रेणियों में दो प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

पोत मरम्मत पर जोर

जीआरएसई ने मॉरीशस सरकार के लिए सीजीएस बाराकुडा सहित कुल चार (4) पोतों की मरम्मत की है।

संध्याक जलावतरित किया गया

भारतीय नौसेना के लिए सर्वे वेसल (बड़े) परियोजना के तहत चार जलयानों की श्रृंखला में पहला सर्वे वेसल जलावतरित किया गया। समुद्री परंपराओं को कायम रखते हुए, जलयान का नाम "संध्याक" रखा गया।

एसएमपी कोलकाता के साथ समझौता

रक्षा और वाणिज्यिक क्षेत्रों की पोतों की मरम्मत एवं रिफिट संबंधी नए व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए खिद्दरपुर, कोलकाता के तीन मौजूदा ड्राई डॉक के विकास और उपयोग हेतु

गुयाना गणराज्य के लिए जलयान

गुयाना गणराज्य के लिए ओशन-गोइंग वेसल के लिए शिलान्यास किया गया। जलयान को पूरी तरह से जीआरएसई डिजाइन टीमों द्वारा डिजाइन किया गया है और इसमें 14 कारों, 02 ट्रकों और 14 कंटेनरों और कार्गो के साथ 294 यात्रियों (14 चालक दल के सदस्यों सहित) को समायोजित किया जा सकता है।

नेवल ग्रुप फ्रांस के साथ समझौता ज्ञापन

जीआरएसई ने उन्नत युद्धपोतों के डिजाइन और निर्माण के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए यूरोपीय नौसेना रक्षा उद्योग में अग्रणी नेवल ग्रुप फ्रांस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

आपकी कंपनी ने शिपयार्ड के इतिहास मे अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन किया है और वित्त वर्ष 2021- 22 के लिए ₹ 1,748 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक कारोबार दर्ज किया है, जो 54% की सालाना वृद्धि को दर्शाता है | कर पश्चात लाभ पिछले वर्ष के ₹153.47 करोड़ की तुलना मे बढ़कर ₹189 करोड़ हो गया।



प्रिय शेयरधारकों,

मुझे आप सभी का 106वीं वार्षिक आम बैठक में स्वागत करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है, और वर्चुअल मोड में बैठक में भाग लेने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं।

कंपनी के शेयरधारकों के लिए यह मेरा पहला संबोधन है और मुझे ऐसा करते हुए वास्तव में खुशी हो रही है, यह देखते हुए कि यह एक विशेष अवसर है, क्योंकि हम भारतीय ‹आजादी का अमृत महोत्सव - अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने› का जश्न मना रहे हैं। शिपयार्ड के विकासोन्मुख होने और पोत निर्माण और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करने से विगत वर्षों में जीआरएसई की यात्रा शानदार रही है। जबकि ‹मेक इन इंडिया› का आह्वान पिछले कुछ वर्षों में हमारे देश में गूंज रहा है, तथापि “मेक इन इंडिया” पिछले 60 वर्षों से हमारे डीएनए में है और आज तक 107 युद्धपोतों सहित 788 समुद्री प्लेटफार्मों की डिलीवरी के साथ जीआरएसई आज युद्धपोत निर्माण में «आत्मनिर्भरता» का प्रतीक है।

इसके अलावा, हमारा विविध उत्पाद पोर्टफोलियो हमारी यूएसपी (अद्वितीय बिक्री बिंदु) है और यह हमें सभी सूचीबद्ध भारतीय पोत निर्माण यार्डों में बढ़त प्रदान करता है।

महामारी के परिणाम और उसके दुष्परिणामों को देखते हुए बीता वर्ष चुनौतीपूर्ण रहा। आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर उच्च निर्भरता के साथ एक श्रम प्रधान उद्योग होने के बावजूद, कंपनी ने इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया और चपलता, व्यापार लचीलापन और दृढ़ संकल्प के साथ संचालन को आगे बढ़ाया, और वित्तीय और उत्पादन निष्पादन, दोनों के मामले में सफलतापूर्वक बाहर आया।

निष्पादन अवलोकन

आपकी कंपनी ने शिपयार्ड के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन किया है और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ₹ 1,748 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक कारोबार दर्ज किया है, जो 54% की सालाना वृद्धि को दर्शाता है। कर पश्चात लाभ पिछले वर्ष के ₹ 153 करोड़ की तुलना में बढ़कर ₹ 189 करोड़ हो गया। हमारे राजस्व और मार्जिन की विस्तृत समीक्षा निदेशकों की रिपोर्ट में विस्तृत है।

मुझे प्रसन्नता है कि आपकी कंपनी के बोर्ड ने चुकता पूंजी का 49.50% की दर से अंतरिम लाभांश अर्थात ₹ 4.95/- प्रति शेयर जिसका भुगतान पहले ही किया जा चुका है, के अलावा इस वार्षिक आम बैठक में चुकता पूंजी के 8.50% अर्थात @ 0.85/- प्रति शेयर की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है जो शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। आप के लिए यह भी उल्लेखनीय है कि आपकी कंपनी पिछले 29 वर्षों से लगातार लाभांश का भुगतान कर रही है।

उत्पादन निष्पादन के मोर्चे पर भी महामारी की चुनौतियों के बावजूद हमने परियोजना माइलस्टोन हासिल किए हैं। दिसंबर 2021 में, चार सर्वेक्षण जलयानों (बड़े) में से पहला पोत 'भा. नौ. पो. संध्याक' लगभग 40% की प्रत्यक्ष निर्माण प्रगति के साथ जलावतरित की गई थी। इसके अलावा, भारतीय नौसेना के लिए तीसरे पी-17ए पोत का शिलान्यास किया गया और इस प्रतिष्ठित परियोजना के तीनों पोतों का निर्माण सुचारू रूप से चल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष की शुरुआत में, आपकी कंपनी द्वारा निर्मित 'एससीजी पीएस जोरोस्टर' को भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा सेशेल्स के राष्ट्रपति को सौंपा गया था।

आपकी कंपनी के लिए पोत की मरम्मत एक फोकस क्षेत्र रहा है और जीआरएसई-केपीडीडी यूनिट (खिद्दरपुर ड्राई डॉक) ने पिछले वर्ष कंपनी के लिए एक संरचित व्यवसाय वर्टिकल के रूप में «शिप रिपेयर एंड रिफिट» के लिए एक नया प्रवेश द्वार शुरू किया। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने मॉरीशस सरकार के लिए सीजीएस बाराकुडा की मरम्मत सहित कुल चार (4) पोतों की मरम्मत की है।

बेली ब्रिज डिवीजन को सिंगल और डबल लेन पोर्टेबल ब्रिज में नए उत्पादों और «बाजार रणनीतियों पर जाएं» के साथ एक प्रोत्साहन प्रदान किया गया है और भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र में दुर्गम इलाकों के लिए 27 पुलों की आपूर्ति के लिए डीजीबीआर के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।

इंजन डिवीजन ने एफएटी को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और पी17ए परियोजना के लिए 1 मेगावाट डीजल अल्टरनेटर का पहला शिपसेट डिलीवर किया है, जो पिछले वर्ष की एक प्रमुख उपलब्धि है।

आदेशपुस्तिका की स्थिति

31 मार्च 2022 तक हमारी आदेशपुस्तिका बहुत ही स्वस्थ ₹24,103.60 करोड़ पर है और पोत निर्माण के मोर्चे पर, छह (6) परियोजनाएं वर्तमान में निष्पादन के अधीन हैं, जिसमें भारतीय नौसेना के लिए पंद्रह (15) पोतों की तीन परियोजनाएं, एक (1) भारत तटरक्षक बल के लिए एफपीवी परियोजना, और दो निर्यात परियोजनाएं, गुयाना सरकार के लिए एक समुद्र में जाने वाली यात्री सह कार्गो फेरी और बांग्लादेश सरकार के लिए छह गश्ती नौकाएं शामिल हैं।

मुझे आपको यह बताते हुए भी प्रसन्ता हो रही है कि आपकी कंपनी को भारतीय नौसेना के लिए नेक्स्ट जेनरेशन ओशन गोइंग पैट्रोल वेसल्स (एनजीओपीवी) के निर्माण के लिए आरएफ़पी में एल2 घोषित किया गया है, और निविदा शर्तों के अनुसार, एल2 शिपयार्ड को चार (4) पोतों के निर्माण के लिए अनुबंध दिया जाएगा।

भावी पथ

आगे बढ़ते हुए, चल रहे पोत निर्माण परियोजनाओं की उत्पादन परिपक्वता को देखते हुए, अगले तीन वर्षों के दौरान हमारे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। मुझे आपको यह बताते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी को भारतीय नौसेना के लिए नेक्स्ट जेनरेशन ओशन गोइंग पैट्रोल वेसल्स (एनजीओपीवी) के निर्माण के लिए आरएफ़पी में एल2 घोषित किया गया है, और निविदा शर्तों के अनुसार, एल2 शिपयार्ड को चार (4) पोतों के निर्माण के लिए अनुबंध दिया जाएगा। । हमने अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक फेरी के निर्माण के लिए 22 जुलाई को पश्चिम बंगाल सरकार के साथ भी एक अनुबंध किया है। इन दोनों परियोजनाओं से हमारी ऑर्डरबुक स्थिति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक फेरी पोत निर्माण उद्योग के भीतर नई राजस्व धारा के इस आशाजनक और उभरते क्षेत्र में हमारी «हरित पहल» को एक प्रोत्साहन प्रदान करती है।

हमारा «शिप रिपेयर एंड रिफिट» प्रचालन भी एक फोकस क्षेत्र होगा और मुझे इस सेगमेंट में भी राजस्व वृद्धि की उम्मीद है, खासकर जीआरएसई-केपीपीडी सुविधा से।

हमारे प्रमुख ग्राहकों, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास निगम (एनएचआईडीसीएल) और भारतीय सेना द्वारा हमारी क्षमता में अपने भरोसे को कायम रखने और हमें नए आदेश प्रदान करने से बेली ब्रिज डिवीजन विकास पथ पर ऊपर की ओर अग्रसर है

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

युद्धपोत निर्माण में वर्षों से प्राप्त हमारी मुख्य दक्षताओं का उपयोग करने के अलावा, प्रमुख प्राथमिकताओं की परिकल्पना में अनुसंधान एवं विकास में नए सिरे से ध्यान केंद्रित है, जिसमें हरित प्रौद्योगिकी और स्वायत्त / मानव रहित पोतों पर जोर दिया गया है। हमारी नई पीढ़ी की इलेक्ट्रिक फेरी के आसन्न शामिल होने के साथ, हुगली नदी पर कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ शुरू होने वाली हरित प्रौद्योगिकी की शुरुआत में एक बहुप्रतीक्षित रोडमैप को लागू करने की दिशा में आपकी कंपनी अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। आपकी कंपनी भारतीय नौसेना के साथ भी जुड़ी हुई है और हमारे साथी देशवासियों के जीवन को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मानव रहित सतह के पोतों को डिजाइन कर रही है। निकट भविष्य के मानवरहित पोत बाथमेट्री अध्ययन, हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण, स्पेक्ट्रम के निचले सिरे पर माईं की खोज करने में सक्षम होंगे, जबकि उच्च अंत में मॉड्यूलर पेलोड की डिलीवरी के साथ लड़ाकू भूमिका निभाने का लक्ष्य होगा। आपकी कंपनी ने अवसरों और पुरस्कारों से अलंकृत भविष्य के लिए दृढ़ता से अपना मार्ग निर्धारित किया है।

निर्यात - फोकस क्षेत्र

यूरोप, **सार्क, आसियान, अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, निर्यात आपकी कंपनी का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है, जहां हम निर्यात के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए आक्रामक व्यापार विकास और विपणन रणनीतियों को तैनात कर रहे हैं।** वर्तमान में हम दो निर्यात आदेश निष्पादित कर रहे हैं, गुयाना के सहकारी गणराज्य के लिए एक महासागरीय यात्री सह फेरी जलयान और बांग्लादेश सरकार के लिए छह (6) पेट्रोल नाव परियोजना। आपकी कंपनी ने 14 बेली टाइप पोर्टेबल स्टील ब्रिज (भूटान को दस ब्रिज और नेपाल को चार ब्रिज) का निर्यात भी किया है। हम संभावित ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं ताकि नए पोतों की मांग में वृद्धि की प्रवृत्ति का फायदा उठाया जा सके, खासकर छोटे समुद्री शिपिंग क्षेत्र में।

ये प्रयास हमारे विस्तारित वैश्विक पदचिह्न और पहुंच को दर्शाते हैं, इसलिए हम समुद्री मंच प्रदान करने के लिए व्यावसायिक मोर्चे पर संरेखित होते हैं जो हिंद महासागर क्षेत्र में शांति में योगदान करने के लिए हमारे राष्ट्र की आकांक्षा को पूरा करते हैं और हमारी कंपनी इस बार्गेन की प्रक्रिया में व्यापार राजस्व और अवसर का उपयोग करती है।

प्रौद्योगिकी अपनाने और डिजिटल परिवर्तन

प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए जीआरएसई में कोर समूहों का गठन किया गया है। जबकि आपकी कंपनी अपने डिजाइन और उत्पादन प्रक्रियाओं में सुधार की दिशा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने में तेज रही है। जीआरएसई डिजिटलीकरण की ओर आगे बढ़ने के उद्देश्य से अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं का कड़ाई से ऑडिट करके उत्पादकता और ‹बैंग फॉर द बक' को अधिकतम करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम लागत कम करने के लिए एक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रिया सुनिश्चित करने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम मुख्य दक्षताओं को बनाए रखते हुए एक लीन और एकजुट कार्यबल की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे माननीय रक्षा मंत्री द्वारा 11 जुलाई 22 को एआई सक्षम वेल्डिंग एक्स-रे मूल्यांकन (आईडब्ल्यूआई) और एचआर चैटबॉट "अन्वेषा" के लिए एनडीटी सुविधा शुरू की गई।

स्वदेशीकरण और बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर)

स्वदेशीकरण पर रक्षा मंत्रालय के हालिया प्रोत्साहन के साथ, जीआरएसई आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक बन गया है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि आपकी कंपनी के पास डीपीएसयू की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची के तहत 31 आइटम सूचीबद्ध हैं, जिनमें से 22 आइटम पहले से ही स्वदेशी हैं। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने मिशन रक्षा ज्ञान शक्ति (एमआरजीएस) के तहत 100 आईपीआर दाखिल किए हैं, जिनमें से 62 आईपीआर प्रदान किए जा चुके हैं।

शासन के साथ विकास

आपकी कंपनी ठोस निगमित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाती है और आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को छोड़कर सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) और सेबी लिस्टिंग विनियमों द्वारा तैयार किए गए कॉरपोरेट गवर्नेंस पर दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है।

समाज की सेवा

आपकी कंपनी हमेशा सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुरूप हमारे सामाजिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को एक स्थायी तरीके से एकीकृत करने की दिशा में विभिन्न कार्यक्रमों और परियोजनाओं को शुरू किया है। सीएसआर के तहत सभी लक्षित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹ 410 लाख की राशि खर्च की गई है।

समापन टिप्पणी

मैंने अपने पूर्ववर्ती रियर एडमिरल वीके सक्सेना, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) से कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया, जो 28 फरवरी 2022 को अपना कार्यकाल पूरा किए हम उनके कार्यकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करने और जीआरएसई को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए उनके ऋणी हैं। मैं 2016 से टीम जीआरएसई के साथ हूं और मुझे अपने वरिष्ठों और सहयोगियों से समर्थन और मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। मुझे अपनी टीम, निदेशक मंडल और रक्षा मंत्रालय के सहयोग से आने वाले वर्षों में अपने निष्पादन को बनाए रखने का विश्वास है।

मैं इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों और भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक अधिकारियों को उनके अमूल्य समर्थन और बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूं। मैं इस अवसर पर अपने सभी सम्मानित शेयरधारकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने हम पर निरंतर निष्ठा एवं भरोसा जताया है, जिसके लिए हम और अधिक वैल्यू उत्पन्न करना जारी रखना चाहते हैं। अंततः मैं टीम जीआरएसई को कंपनी का लक्ष्य प्राप्त करने में उनके अथक प्रयासों और अडिग प्रतिबद्धता के लिए तथा निदेशक मण्डल को भी आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने कंपनी को त्वरित विकास के मार्ग पर लाने के लिए सहयोग एवं मार्गदर्शन किया है।

जय हिन्द

कमोडोर पीआर हरि, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निगमित सूचना

निदेशक मंडल

कमोडोर हरि पी आर, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(10 जून 2022 से)

रमेश कुमार दाश
निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ (सेवानिवृत्त)
निदेशक (पोतनिर्माण
(08 जून 22 से)

श्री राजीव प्रकाश, आईपी एवं टीएएफएस
सरकार द्वारा नामित निदेशक
(23 जून 22 से)

संजय दत्ताराया पांसे
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र)
निदेशक
(27 दिसंबर 21 से)

संजीब मोहंती
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र)
निदेशक
(06 अप्रैल 22 से)

रियर एडमिरल विपिन कुमार सक्सेना, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(28 फ़रवरी 22 तक)

कमोडोर संजीव नैय्यर, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
निदेशक (पोतनिर्माण)
(31 दिसंबर 21 तक)

श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, आईएफ़एस
सरकार द्वारा नामित निदेशक
(23 जून 22 तक)

डॉ. बिश्वप्रिय रॉय चौधुरी
अंशकालिक गैर-सरकारी
(स्वतंत्र) निदेशक
(14 अगस्त 21 तक)

श्रीमती दर्शना सिंह
अंशकालिक गैर-सरकारी
(स्वतंत्र) निदेशक
(12 अप्रैल 22 से 31 मई 22 तक)

मुख्य सतर्कता अधिकारी

वेंकटेश्वरलु तल्लुरी, सीपीईएस (2001)

स्वतंत्र बाह्य

मॉनिटर
पीडातल श्रीधर,आईआरएस (सेवानिवृत्त)
बी बी सिंह, भुतपूर्व अ.प्र.नि. एमएसटीसी लिमिटेड

वरिष्ठ प्रबंधन

वेंकटेश मूर्ति
मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी)

कमोडोर रजत मनचन्दा, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
मुख्य महाप्रबंधक (पीपी एवं सी)

डीआईजी सुब्रोतो घोष, आईसीजी (सेवानिवृत्त)
मुख्य महाप्रबंधक (बीबी, डीईपी एवं एसआर)

कमांडर बी सेनगुप्ता, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्लयू)

कैप्टन पी सुनीलकुमार, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
मुख्य महाप्रबंधक (सीपी एवं सीसी)

एस श्रीनिवास
महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)

कमांडेंट ए के विश्वास, आईसीजी (सेवानिवृत्त)
महाप्रबंधक (आरबीडी)

कमांडर ए के महापात्र, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
महाप्रबंधक (क्यूए)

श्री गुलशन रतन
महाप्रबंधक (आईएनडी एवं आईईपी)

श्री सुजय चक्रवर्ती
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

कमांडर बी मिश्रा, भा.नौ (सेवानिवृत्त)
महाप्रबंधक (एफओजे एवं तारातला यूनिट)

कमोडोर विनीत एराट, भा.नौ (सेवानिवृत्त)
महाप्रबंधक (डिजाइन)

श्रीमती सुचिता नन्दी
महाप्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट)

श्रीमती लिपि दास
महाप्रबंधक (कार्मिक संबंध एवं विधि)

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

श्री संदीप महापात्र

बैंकर

भरतीय स्टेट बैंक
पीएनबी
आईडीबीआई बैंक
आईसीआईसीआई बैंक
एचडीएफसी बैंक एक्सिस बैंक
बैंक ऑफ बड़ौदा
कैनरा बैंक
इंडियन बैंक
यस बैंक
आरबीएल बैंक
फैडरल बैंक
इंडसइंड बैंक

सांविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स मुखर्जी विश्वास एवं पाठक
चार्टरित लेखाकार

सचिवीय लेखापरीक्षक

मैसर्स मेहता एंड मेहता
प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव

लागत लेखापरीक्षक

मैमर्स चटर्जी एंड कंपनी
लागत लेखाकार

रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट

मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय

जीआरएसई भवन,
61,गार्डन रीच रोड
कोलकाता – 700 024
सीआईएन संख्या – L35111WB1934GO1007891
वेबसाइट : www.grse.in

निदेशक मंडल

कमोडोर पी आर हरि, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कमोडोर पी आर हरि, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) (डीआईएन: 08591411) जिनके पास 33 से अधिक वर्षों का अनुभव है, ने 10 जून 2022 से कंपनी का कार्यभार ग्रहण किए। उनके पास कंपनी के निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त प्रभार भी है। उन्होंने भारतीय नौसेना में अट्ठाईस वर्षों (28) से अधिक की कमीशंड सेवा की है जिसमें ऑनबोर्ड युद्धपोतों, नेवल रिपेयर संगठनों एवं विभिन्न स्टाफ नियुक्तियों का विविध अनुभव शामिल हैं। उनके पास इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और रक्षा एवं सामरिक अध्ययन में मास्टर डिग्री है। वे डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के एक पूर्व छात्र हैं और उन्होंने एडब्ल्यूसी एमएचओडब्ल्यू में 5 वें उच्च रक्षा उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम और नौसेना वॉर कॉलेज, गोवा में प्रतिष्ठित नौसेना उच्च कमान पाठ्यक्रम भी पूरा किए हैं।

कमोडोर पी आर हरि, 2016 में एक मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कंपनी में शामिल हुए और शिपयार्ड में निर्मित सभी नए निर्माण पोतों के उत्पादन योजना के प्रभारी रहे हैं। उन्होंने 21 अक्टूबर 2019 को कंपनी के निदेशक (कार्मिक) के रूप में पदभार ग्रहण किया था और जीआरएसई के मानव संसाधन, निगमित योजना और तकनीकी कार्यों का नेतृत्व किए।

श्री राजीव प्रकाश, संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली)
सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री राजीव प्रकाश (डीआईएन: 08590061), संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली), को कंपनी के अंशकालिक सरकारी निदेशक (सरकार द्वारा नामित निदेशक) के रूप में 23 जून 2022 को नियुक्त किया गया। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में बी.ए. ऑनर्स और इरास्मस विश्वविद्यालय से सामाजिक अध्ययन संस्थान विकास अध्ययन में एम.ए. किया हैं। इसके अलावा, वह 1995 बैच के भारतीय डाक और दूरसंचार लेखा और वित्तीय सेवा अधिकारी (आईपी और टीएएफएस) भी रहें हैं। उन्हें वित्त के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है और उन्होंने भारत सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

जून 2022 में रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली) के रूप में शामिल होने से पहले, वे उप महानिदेशक (वायरलेस योजना और वित्त), दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, वह 2.5 वर्षों से अधिक समय तक भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के बोर्ड में एक सरकार द्वारा नामित निदेशक भी थे।

श्री रमेश कुमार दाश
निदेशक (वित्त) एवं मु.वि.अ.

श्री रमेश कुमार दाश (डीआईएन: 08511344) "इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया", मास्टर इन कॉमर्स और बैचलर ऑफ लॉ के एसोसिएट सदस्य हैं। कंपनी में शामिल होने से पूर्व, वह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बैंगलोर में कार्यरत थे। उन्हें वित्त और लेखा के क्षेत्र में विभिन्न सीपीएसयू में लगभग 30 वर्षों का अनुभव है। श्री रमेश कुमार दाश ने कंपनी के निदेशक (वित्त) एवं मु.वि.अ. के रूप में 01 जुलाई 2020 कार्यभार ग्रहण किए हैं।

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)
निदेशक (पोत निर्माण)

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) (डीआईएन: 09631817), 23 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा करने के उपरांत वर्ष 2013 में कंपनी में शामिल हुए। उन्होंने 08 जून 2022 से कंपनी के निदेशक (पोत निर्माण) के रूप में कार्यभार संभाला। कमांडर बोस एक उच्च योग्यता प्राप्त और अनुभवी नौसेना वास्तुकार हैं, जो 2013 से कंपनी द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाओं के प्रभारी भी रहें हैं। निदेशक (पोत निर्माण) के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वह महाप्रबंधक (एमडब्ल्यू एवं पी17ए) के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से नौसेना वास्तुकला और पोत निर्माण में बी.टेक और आईआईटी, दिल्ली से डिप्लोमा पूरा किया। उन्होंने जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी किया है। इसके अलावा, उनके पास इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग (इंडिया) और इंस्टीट्यूशन ऑफ नेवल आर्किटेक्चर की सदस्यता भी है।

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) के पास गहरी तकनीकी अंतर्दृष्टि और पोत निर्माण के सभी पहलुओं में काम करने का अनुभव है, व्यक्ति प्रबंधन करना और उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना उनकी विशेषता रही है। जीआरएसई में वह एकीकृत निर्माण (आईसी) पद्धति को अपनाने में सबसे आगे रहे हैं। उनके वर्तमान फोकस क्षेत्रों में आर एंड डी परियोजनाएं और स्वदेशीकरण की ओर अधिक जोर शामिल है। उनकी देखरेख में जीआरएसई की आरबीडी यूनिट की आधारभूत संरचना उन्नयन योजना, क्रियान्वयन और पूर्वेक्षण किया गया है।

श्री संजय दत्तात्रेय पणसे
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक

श्री संजय दत्तात्रेय पणसे (डीआईएन: 02725875), उम्र 58 वर्ष कंपनी के अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र निदेशक) के रूप में 27 दिसंबर 2021 कार्यभार संभाले है। वह फेलो चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं तथा एस पणसे एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, मुंबई के संस्थापक और वरिष्ठ भागीदार भी हैं। उनके पास 35 से अधिक वर्षों का अनुभव है और वित्तीय और पूंजी बाजार में व्यापक अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित पेशेवर हैं। उन्हें वित्तीय बाजार क्षेत्र के प्रतिभागियों के लेखांकन, लेखा परीक्षा और कामकाज की गहरी समझ है और उन्होंने लेखा परीक्षा, गुणवत्ता आश्वासन सेवाओं, उचित परिश्रम, आंतरिक लेखा परीक्षा, म्यूचुअल फंडों , पोर्टफोलियो प्रबंधकों, बैंक, बीमा कंपनियां और पूंजी बाजार में अन्य मध्यस्थ के लिए सलाहकार सेवाओं के क्षेत्र में एस पणसे एंड कंपनी एलएलपी के अभ्यास का नेतृत्व किया है। वह आर्थिक और वित्तीय मामलों पर लगातार वक्ता और लेखक हैं। उन्होंने विभिन्न कंपनियों के मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्य किया है।

श्री संजीव मोहंती
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक

श्री संजीव मोहंती, (डीआईएन 09559883), जिनकी आयु लगभग 59 वर्ष है, कंपनी के अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र निदेशक) के रूप में 06 अप्रैल 2022 को नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने वर्ष 1984 में उत्कल विश्वविद्यालय से बी.ए. और यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज, भुवनेश्वर, ओडिशा से कानून में स्नातक किया हैं और वर्ष 1990 में ओडिशा स्टेट बार काउंसिल के सदस्य के रूप में नामांकित हैं। वह भारत के ओडिशा राज्य में 32 से अधिक वर्षों के अभ्यासरत अधिवक्ता हैं। उनके अभ्यास के व्यापक क्षेत्र आपराधिक और नागरिक कानून हैं। वह नियमित रूप से उच्च न्यायालय, जिला न्यायालयों / सत्र न्यायालयों और अन्य मंचों के समक्ष उपस्थित होते हैं। उन्होंने ओडिशा कोऑपरेटिव टसर एंड सिल्क फेडरेशन लिमिटेड (एसईआरआईएफ़ईडी), 2002-2008 से ओडिशा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किए है। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं।

10 वर्ष की मुख्य वित्तीय बातें

(लाख रू में)

विवरण	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
वित्तीय स्थिति										
इक्विटी शेयर पूंजी	12384	12384	12384	12384	12384	11455	11455	11455	11455	11455
आरक्षित एवं अधिशेष	73948	83196	84391	101042	95767	90698	92376	92568	102257	114334
शुद्ध लाभ	86332	95580	96775	113426	108151	102154	103831	104023	113712	125789
नियोजित पूंजी	75907	91667	90810	110613	98112	102154	103831	104023	113712	125789
सकल ब्लॉक	42732	53387	56381	56640	60454	47233	39959	43081	49614	68703
शुद्ध अचल परिसम्पत्तियां	27979	36548	36574	34370	35834	38917	30225	30369	34020	50065
कार्यकारी पूंजी	47928	55119	54236	76243	62278	60249	68476	56100	54298	56965
प्रचालन परिणाम										
बिक्री	46434	30819	230805	30668	22162	23390	14677	21784	51573	21568
उत्पादन मूल्य	152915	161167	161266	166075	92784	134552	137877	142470	113276	174835
संयोजित मूल्य	49609	50463	47702	48182	30018	41923	44217	45578	46641	55053
कर पूर्व लाभ/(हानि)	19315	18723	7602	24915	2089	12775	17896	22387	20712	25724
कर हेतु प्रावधान	6161	6577	3257	8710	865	3535	6902	6039	5365	6771
कर पश्चात लाभ/(हानि)	13154	12146	4345	16205	1223	9240	10994	16348	15347	18953
विनियोजन										
सीएसआर आरक्षित	-	-	2	-	94	-	-	-	-	-
सामान्य आरक्षित	1315	1215	435	1607		9554	-	-	-	-
इक्विटी पर प्रस्तावित लाभांश	2631	2477	2477	5322	5408	5080	7961	8179	5728	6644
प्रस्तावित लाभांश पर कर	447	421	504	1083	1101	1034	1636	1352	-	-
अनुपात :										
सकल लाभ/नियोजित पूंजी	0.26	0.21	0.08	0.22	0.02	0.13	0.17	0.22	0.18	0.28
पीबीटी / उत्पादन (वीओपी)	0.13	0.12	0.05	0.15	0.02	0.10	0.13	0.16	0.18	0.15
उत्पादन (वीओपी)/नियोजित पूंजी	2.01	1.76	1.78	1.46	0.86	1.32	1.33	1.37	1.00	1.39
संयोजित मूल्य/ उत्पादन (वीओपी)	0.32	0.31	0.30	0.29	0.34	0.31	0.32	0.32	0.41	0.31
कर्मचारियों की संख्या	3491	3133	2834	2592	2401	2214	2100	1973	1900	1790

कुल बिक्री (करोड़ रु. में)



कर पूर्व लाभ (करोड़ रु. में)



कर पश्चात लाभ (करोड़ रु. में)



लाभांश (करोड़ रु. में)



शुद्ध लाभ (करोड़ रु. में)



जनशक्ति (सं.) (करोड़ रु. में)



प्रतिस्पर्धी ताकतें

गुणवत्ता वाले उत्पादों की डिलीवरी हेतु आधुनिक विनिर्माण मंच एवं एकीकृत पोत निर्माण सविधाएं

जीआरएसई की विशाल तकनीकि विशेषज्ञता के साथ नवोन्नत सुविधाएं, कंपनी को अन्य रक्षा शिपयार्डों पर महत्वपूर्ण बढ़त देती हैं। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने अपनी सुविधाओं के आधुनिकीकरण एवं सूचना प्रोद्योगिकी के अंगीकरण से अपने विनिर्माण एवं अन्य कार्यात्मक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण सुधार किया है। कंपनी अपनी सुविधाओं में आठ बड़े पोत एवं बारह माध्यम/छोटे पोतों का निर्माण एक साथ कर सकती है। इसके अतिरिक्त कंपनी ने नए हर शॉप, मेगा ब्लॉक इंटीग्रेशन हेतु मॉड्यूल शॉप, ड्राई डॉक एवं बिल्डिंग बर्थ का निर्माण किया है।

मजबूत डिजाइन क्षमताएं और एंड टू एंड समाधान प्रदान करना

जीआरएसई के पास एक समर्पित केंद्रीय डिजाइन कार्यालय (सीडीओ) है जहाँ 100 सदस्यों की अत्याधिक कुशल वर्कफोर्स डिजाइन, अनुसंधान और विकास का कार्य करते है। सीडीओ टीम विभिन्न सॉफ्टवेयरों का उपयोग करती है, जिसमें अवीवा मरीन, नेवल आर्किटेक्चरल डिजाइन के लिए एनएपीए, ड्राफ्टिंग कार्य के लिए ऑटोकैड और संरचनात्मक विश्लेषण हेतु अन्य सॉफ्टवेयर शामिल हैं। सीडीओ की इस समर्पित टीम ने कई जटिल युद्धपोत डिजाइनों को अंजाम देने हेतु अभिनव उपाय खोजे हैं। यह अपने ग्राहकों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे उत्पाद अवधारणा, डिजाइन, सिस्टम एकीकरण और परियोजना प्रबंधन में एंड टू एंड समाधान प्रदान करती है।

भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के साथ मजबूत एवं स्थापित संबंध

आईएनएस अजय 1961 में भारतीय नौसेना के लिए जीआरएसई द्वारा निर्मित पहला स्वदेशी युद्धपोत था तब से कंपनी ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के साथ संबंध स्थापित कर रखें हैं। कंपनी ने आज तक भारतीय नौसेना, भारतीय तट रक्षक और मैत्रीपूर्ण देशों को 107 युद्धपोत की डिलीवर की है। शिपयार्ड ने मैरिटाइन सुरक्षा के लिए 780 से अधिक पोतों को निर्मित और आपूर्ति की है।

मेक इन इंडिया पहल

भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के लिए पोतों के निर्माण के अनुबंध को हासिल करने में वैश्विक शिपयार्ड पर कंपनी का एक फायदा है : यह डीपीपी के तहत 'मेक इन इंडिया' पहल का हिस्सा है। 'मेक इन 'इंडिया' पहल से स्वदेशी निर्माताओं को घरेलू बाजार में आपूर्ति करते समय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता है। एमओडी ने पूंजी खरीद के लेए स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित ("आईडीडीएम") उत्पादों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भारतीय नौसेना और भारतीय तट रक्षक कंपनी के रिपीट ग्राहक हैं, और ये घरेलू बाजार का हिस्सा हैं और इसलिए कंपनी को कुछ परिस्थितियों में वैश्विक शिपयार्ड पर वरीयता मिलती है।

व्यापार विविधता

पोत निर्माण के लिए मुख्य विनिर्माण गतिविधियों के अलवा, कंपनी अपने ग्राहकों को पोर्टेबल ब्रिज, डेक मशीनरी मदें, पंप और इंजन सहित विविध उत्पाद और सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के पास एक समर्पित डेक मशीनरी उपकरण सुविधा और एक इंजन असेंबलिंग और परीक्षण सुविधा है, ये दोनों पोत निर्माण और परीक्षण प्रक्रिया के लिए आवश्यक हैं। यह वर्टिकल इंटीग्रेशन है जो कंपनी को अधिक कुशल समय से पोतों का उत्पादन करने में सक्षम बनाता है।

मजबूत आदेश पुस्तिका

31 मार्च 2022 तक के अनुसार कंपनी की आदेश पुस्तिका रू. 24,103.60 करोड़ की थी जिसमें पोतनिर्माण प्रभाग के लिए रू. 23,864.31 करोड़ और इंजीनियरिंग एवं इंजन प्रभाग के लिए रू. 143.98 करोड़ के आदेश शामिल है।

अनुभवी कार्यबल

कंपनी के पास उसकी वरिष्ठ प्रबंधन टीम सहित एक योग्य और अनुभवी कार्यबल है, जिसमें तकनीकी रूप से योग्य और अनुभवी पेशेवर शामिल हैं। उनके पास पोत निर्माण, डिजाइन और इंजीनियरिंग, आदेश प्रबंधन, संचालन, मानव संसाधन, वित्त और बिक्री पश्चात सेवाओं में व्यापक अनुभव है।

G R S E
दूनागिरी
DUNAGIRI

जीआरएसई का पर्यावरण उत्तरदायित्व

कंपनी ऊर्जा के संरक्षण की दिशा में प्रतिबद्ध है और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के इष्टतम उपयोग की व्यवहार्यता का पता लगाने हेतु स्वच्छ और हरित कार्य पर्यावरण के तहत सभी बहिर्वर्ती यूनिटों में आवधिक आधार पर ऊर्जा लेखा परीक्षा आयोजित कराती है।

हाइलाइट

सौर क्षमता स्थापित	सीईएससी	सौर	लक्ष्य: 2025 तक सौर ऊर्जा
1500 केडब्ल्यूपी	**90%**	**10%**	**20%**

सतत भविष्य हेतु परिपोषण

जीआरएसई में विभिन्न स्थानों पर भविष्य की योजनाओं के हिस्सों के तहत निमन्लिखित पर विचार किया जा रहा है।

सौर शक्ति

वित्त वर्ष 2022-23 में मेन यूनिट (इंजीनियरिंग कॉम्प्लेक्स) में 200 केडब्ल्यूपी रूफटॉप सोलर पावर प्लांट।

वित्त वर्ष 2023-24 में एफओजे यूनिट (शेड-9) में 250 केडब्ल्यूपी रूफटॉप सोलर पावर प्लांट।

ऊर्जा लेखा परीक्षा

चालू वर्ष 2022-23 में जीआरएसई में मेन वर्क्स और एफओजे परिसर के लिए ऊर्जा लेखा परीक्षा आयोजित करना।

ऊर्जा कुशल इलेक्ट्रिकल्स

पारंपरिक लाइटों को एलईडी से बदलने के अलावा नवनिर्मित भवन/सिविल संरचनाओं हेतु 1800 संख्या में एलईडी लाइट्स लगाना।

नवनिर्मित भवन में वीआरएफ एसी सिस्टम की स्थापना और वर्ष 2022-23 में प्रगतिशील तरीके से पुराने एसी की 34 संख्या की जगह पर बीईई स्टार रेटेड एसी को लगाना।

विद्युत संरक्षण प्राप्त करने के लिए कार्यशालाओं में पारदर्शी रूफ शीट के साथ वर्टिकल माउंट नेचुरल वेंट/ एग्जॉस्ट ब्लोअर की स्थापना।

उत्पादन क्षेत्रों में 12 संख्या में बैटरी चालित सामग्री हैंडलिंग उपयोगि वाहनों की तैनाती।

निदेशक रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारकों,

आपके निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आपकी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय निष्पादन

वित्तीय निष्पादन

कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान राजस्व सृजन के मामले में आपकी कंपनी का निष्पादन अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा है।

चालू वर्ष में, कंपनी ने गत वर्ष ₹ 1,141 करोड़ के मुकाबले ₹ 1,757 करोड़ दर्ज करते हुए, प्रचालन से राजस्व में 54% का सुधार दर्ज किया । वर्ष के दौरान, कंपनी ने ईबीआईडीटीए और पीएटी में 24% की वृद्धि दर्ज की है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2020-21 के लिए संक्षिप्त प्रचालन परिणाम नीचे दिए गए हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2021-22	2020-21
उत्पादन का मूल्य	1748.34	1132.76
प्रचालन से राजस्व	1757.51	1140.83
मूल्यह्रास, ब्याज और कर से पूर्व लाभ	301.40	257.64
वित्तीय लागत	0.76	0.67
मूल्यह्रास	35.71	29.09
असाधारण वस्तुओं और कर पूर्व लाभ	264.93	227.87
असाधारण वस्तु	(7.69)	(20.75)
कर पूर्व लाभ	257.24	207.12
कर के लिए प्रावधान	67.71	53.65
कर पश्चात लाभ	189.53	153.47
अन्य व्यापक आय (कुल कर)	1.12	3.56
कुल व्यापक आय	190.65	157.03

31 मार्च 2022 और 31 मार्च 2021 के अनुसार आपकी कंपनी की वित्तीय स्थिति नीचे दिखाई गई है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 22 तक के अनुसार	31 मार्च 21 तक के अनुसार
नियोजित पूंजी	1257.89	1137.12
सकल खंड	687.03	496.14
शुद्ध खंड	500.65	340.20
कार्यशील पूंजी	569.65	542.98
निवल मूल्य	1257.89	1137.12
संवर्धित मूल्य	550.53	466.41
उत्पादन मूल्य	1748.34	1132.76
असाधारण वस्तुओं और कर पूर्व लाभ	264.93	227.87
असाधारण वस्तु	(7.69)	(20.75)

विवरण	31 मार्च 22 तक के अनुसार	31 मार्च 21 तक के अनुसार
कर पूर्व लाभ	257.24	207.12
अनुपात: (%)		
ब्याज और कर पूर्व लाभ: नियोजित पूंजी (%)	20.51	18.27
कर पश्चात लाभ: निवल मूल्य (%)	15.07	13.50
सकल लाभ: नियोजित पूंजी (%)	23.34	20.08
कर पूर्व लाभ: उत्पादन मूल्य (%)	14.71	18.28
उत्पादन मूल्य: नियोजित पूंजी (%)	138.98	99.62

अनुपात	वित्तीय वर्ष - 22	वित्तीय वर्ष -21
वर्तमान अनुपात (समय में)	0.93	0.99
इक्विटी पर रिटर्न (%)	16%	14%
व्यापार प्राप्य टर्नओवर अनुपात (समय में)	10.55	3.20
व्यापार देय टर्नओवर अनुपात (समय में)	2.20	1.24
नियोजित पूंजी पर रिटर्न (%)	20%	18%

उत्पादन मूल्य

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कोविड -19 महामारी की तत्कालीन उभरती दूसरी लहर के कारण और सरकार के निर्देशों के अनुसार, आपकी कंपनी मई 2021 के मध्य से जून 2021 के मध्य तक लॉक-डाउन से प्रभावित थी । इन रुकावटों के बावजूद, आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष के दौरान ₹1,132.76 करोड़ की तुलना में ₹1,748.34 करोड़ का अब तक का उच्चतम उत्पादन मूल्य (‹ वीओपी ‹) हासिल किया है। तीन प्रभागों के लिए तुलनात्मक वीओपी इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	पोत प्रभाग	इंजीनियरिंग प्रभाग	इंजन प्रभाग	विविध	कुल
2021-22	1620.50	71.83	55.48	0.53	1748.34
2020-21	1048.02	66.69	18.05	-	1132.76

निवल मूल्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान , आपकी कंपनी ने 31 मार्च 2021 को ₹1,257.89 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2022 को ₹ 1,137.12 करोड़ निवल मूल्य की सूचना दी है।

मूल्य संवर्धन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान मूल्य संवर्धन गत वर्ष के ₹466.41 करोड़ के मुकाबले ₹550.53 करोड़ था। प्रति कर्मचारी मूल्य संवर्धन गत वर्ष के ₹ 24.56 लाख की तुलना में ₹ 30.76 लाख था।

विनियोग

वर्ष 2021-22 में आपकी कंपनी के वित्तीय निष्पादन को ध्यान में रखते हुए, निदेशकों को डिस्पोजेबल अधिशेष से निम्नलिखित विनियोगों की सिफारिश करने में प्रसन्नता हो रही है:

(₹ करोड़ में)

कर पश्चात लाभ	189.53
वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय, निवल कर	1.12
अवधि के लिए कुल व्यापक आय	190.65
घटाएँ :	
चुकता पूंजी पर वित्त वर्ष 2020-21 का अंतिम लाभांश	13.17
वित्त वर्ष 2021-22 का अंतरिम लाभांश	56.70
लाभ और हानि विवरण में बरकरार रखी शेष राशि	120.78

राजकोष में योगदान

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आयकर और जीएसटी के माध्यम से राष्ट्रीय राजकोष में ₹47.52 करोड़ का योगदान दिया है।

लाभांश

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 («सेबी सूचीकरण विनियम») के विनियम 43ए के अनुसरण में, सूचीबद्ध शीर्ष एक हजार संस्थाएं एक लाभांश वितरण नीति तैयार करेंगी। तदनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल ने सेबी लिस्टिंग विनियमों, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) और निवेश तथा सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) द्वारा जारी दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए एक लाभांश वितरण नीति तैयार की है। । पॉलिसी कंपनी की वेबसाइट https://grse.in/wp-content/uploads/2022/04/GRSE-Dividend-Distribution-Policy.pdf पर उपलब्ध है ।

11 फरवरी 2022 को निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसरण में, आपकी कंपनी ने उन शेयरधारकों को ₹10/- अंकित मूल्य के प्रति शेयर हेतु ₹4.95/- का अंतरिम लाभांश दिया है, जो 23 फरवरी 2022, इस उद्देश्य के लिए तय की गई रिकॉर्ड तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज हैं। इसके अलावा, बोर्ड ने 25 मई 2022 को हुई अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ₹10/- अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर हेतु ₹0.85/- के लाभांश की सिफारिश की है। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कुल लाभांश, यदि शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो ₹5.80/- प्रति इक्विटी शेयर होगा।

कोविड-19 महामारी का प्रभाव

कंपनी वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही के दौरान कोविड -19 महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित थी, जिसमें मई, 2021 के मध्य से प्रचालन बाधित हो गया था। जबकि हमने अपेक्षित सावधानियों के साथ लगभग एक महीने के बाद आंशिक रूप से प्रचालन फिर से शुरू किया, परंतु कंपनी के राजस्व और वित्तीय निष्पादन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । प्रबंधन ने 30 जून 2021 को समाप्त तिमाही के लिए उत्पादन के घंटों के नुकसान और उत्पादन शॉपों के संयंत्र और मशीनरी के गैर-उपयोग की मात्रा का मूल्य क्रमशः ₹709.95 लाख और ₹58.59 लाख (कुल ₹768.54 लाख) के रूप में और वित्त वर्ष 2021-22 की बाद की तिमाहियों में शून्य के रूप में अनुमानित किया है और इसे वित्तीय विवरण में असाधारण मदों के रूप में वर्णित किया गया है।

वित्तीय हाइलाइट्स

₹ 1,748 करोड़

वित्तीय वर्ष 21 के ₹1,133 करोड़ की तुलना में ₹1,748 करोड़ का उत्पादन मूल्य

₹ 1,758 करोड़

वित्तीय वर्ष 21 के ₹1,141 करोड़ की तुलना में ₹1,758 करोड़ का प्रचालन से राजस्व

₹ 1,258 करोड़

वित्तीय वर्ष 21 के ₹1,137 करोड़ की तुलना में ₹1,258 करोड़ का नियोजित पूंजी

₹ 257 करोड़

वित्तीय वर्ष 21 के ₹ 207 करोड़ की तुलना में ₹ 257 करोड़ का कर पूर्व लाभ

₹ 190 करोड़

वित्तीय वर्ष 21 के ₹ 153 करोड़ की तुलना में ₹ 190 करोड़ का कर पश्चात लाभ

एमओयू रेटिंग

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा अनुमोदित वित्त वर्ष 2020-21 के लिए एमओयू मूल्यांकन के अनुसार आपकी कंपनी को 100 में से 91.23 के स्कोर के साथ «उत्कृष्ट» दर्जा दिया गया है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है क्योंकि वित्त वर्ष 2020-21 के लिए « **उत्कृष्ट» रेटिंग** प्राप्त करने वाला जीआरएसई एकमात्र शिपयार्ड है, जो दो डीपीएसयू में से एक है और 22 सीपीएसई में से एक है। यह उत्कृष्ट रेटिंग महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्तीय वर्ष कोविड -19 महामारी से ग्रस्त था और इसके परिणामस्वरूप 75 दिनों का पूर्ण लॉक डाउन लगाया गया था, कई संबद्ध प्रतिबंध उत्पादन गतिविधियों में बाधा उत्पन्न करते थे और पूरे वर्ष सामग्री की आपूर्ति में देरी हुई। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में निर्धारित वास्तविक उपलब्धियों के आधार पर , आपकी कंपनी को वित्तीय वर्ष के दौरान उसके निष्पादन के लिए «बहुत अच्छा» दर्जा दिए जाने की उम्मीद है।

निदेशक रिपोर्ट

वर्ष के दौरान कंपनी का प्रदर्शन

पोत निर्माण

कंपनी ने 2020-21 में ₹1,048.02 करोड़ के मुक़ाबले 2021-22 के दौरान ₹1,620.50 करोड़ की कुल पोत निर्माण आय हासिल की है। वर्ष के दौरान, एससीजी पीएस 'जोरोस्टर' **जीआरएसई द्वारा निर्मित फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) की श्रृंखला में चतुर्थ पोत,** 08 अप्रैल 2021 को सेशेल्स में भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कमीशन किया गया। इसके अलावा, आपकी कंपनी में 31 मार्च 2022 तक निर्माणाधीन पोतों का विवरण इस प्रकार है:

परियोजना / **जलयान का** प्रकार	**जलयानों** की संख्या **31 मार्च 2022**
भारतीय नौसेना के लिए परियोजना पी-17ए	03
भारतीय नौसेना के लिए सर्वेक्षण पोत (बड़ा)	04
भारतीय नौसेना के लिए एएसडबल्यू -एसडबल्यूसी	08
गुयाना सरकार के लिए ओशन गोइंग पैसेंजर कम कार्गो फेरी	01
भारतीय तटरक्षक बल के लिए फास्ट पैट्रोल वेसल	01
कुल पोत	**17**
बांग्लादेश सरकार के लिए गश्ती नौकाएँ	6

शिपयार्ड ने वित्तीय वर्ष के दौरान जलावतरण, शिलान्यास और उत्पादन शुरू करने सहित विभिन्न परियोजनाओं पर प्रमुख माइलस्टोन भी पूरे किए हैं:

जलावतरण

क्र. सं.	पोत	यार्ड	दिनांक
1	प्रथम सर्वेक्षण पोत (बड़ा)	3025	05 दिसंबर 2021
2	द्वितीय सर्वेक्षण पोत (बड़ा)	3026	21 मार्च 2022

शिलान्यास

क्र.सं.	पोत	यार्ड	दिनांक
1	फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी)	2118	15 जुलाई 2021
2	तृतीय सर्वेक्षण पोत (बड़ा)	3027	06 अगस्त 2021
3	प्रथम एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी)	3029	06 अगस्त 2021
4	ओशन गोइंग पैसेंजर एंड कार्गो फेरी वेसल (ओजीवी)	2119	20 नवंबर 2021
5	5वां एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी)	3035	21 दिसंबर 2021

उत्पादन आरंभ

क्र.सं.	पोत	यार्ड	दिनांक
1	द्वितीय एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी)	3030	14 जुलाई 2021
2	तृतीय एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी)	3031	14 जुलाई 2021
3	ओशन गोइंग पैसेंजर एंड कार्गो फेरी वेसल (ओजीवी)	2119	07 अगस्त 2021
4	5वां एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी))	3035	28 मई 2021

अनुबंध हस्ताक्षरित

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 28 मई 2021 को सेशेल्स को निर्यात किए गए एफपीवी के बदले भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक अतिरिक्त फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध को अंतिम रूप दिया।

रक्षा परियोजनाओं हेतु पर्स्यु करने के अलावा, आपकी कंपनी ने गैर-रक्षा सरकारी क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए भी पर्स्यु किया है। जीआरएसई को छह ‹गश्ती नौकाओं› की आपूर्ति के लिए बांग्लादेश के मत्स्य विभाग से 1.82 मिलियन अमरीकी डालर का निर्यात आदेश मिला। प्रतिस्पर्धी बोली पर जीआरएसई द्वारा जीता गया यह पहला निर्यात आदेश था जिसमें बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड और सिंगापुर के 06 बोलीदाताओं ने भाग लिया था। जीआरएसई को 01 जुलाई 2021 को आदेश दिए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी और बाद में, जीआरएसई और मत्स्य विभाग के बीच 28 जुलाई 2021 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

पोत की मरम्मत

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, आपकी कंपनी ने मॉरीशस के पोत बाराकुडा की रिफिट का 20.90 करोड़ रुपये की राशि का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। पोत मरम्मत और रिफिट व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए, कंपनी ने पोतों की मरम्मत और रिफिट सहित पोत निर्माण के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के साथ 03 मौजूदा ड्राई डॉक के दीर्घकालिक पट्टे के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आईसीजीएस सरोजिनी नायडू की रिफिट भी इसी वर्ष की गई।

इंजीनियरिंग प्रभाग

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान इंजीनियरिंग प्रभाग द्वारा प्राप्त उत्पादन मूल्य (वीओपी) ₹71.83 करोड़ था।

पोर्टेबल स्टील ब्रिज यूनिट

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बेली ब्रिज इकाई द्वारा प्राप्त उत्पादन मूल्य गत वर्ष के ₹ 50.16 करोड़ [जिसमें (58) पुलों, 4895 मीट्रिक टन] के मुकाबले ₹60.03 करोड़ [(70) पुलों, 5400 मीट्रिक टन] था।

आपकी कंपनी ने 2021-22 के दौरान 70 पुलों में से चौदह पुलों का निर्यात भूटान (दस पुलों) और नेपाल (चार पुलों) को किया है। वित्त वर्ष 2021-22 में ऐसे निर्यात आदेश से वीओपी ₹7.07 करोड़ है।

बेली ब्रिज यूनिट ने भी अगस्त 2021 में 140 फीट के 1 डबल लेन मॉड्यूलर ब्रिज लोड क्लास 70आर बेली ब्रिज की लोड टेस्टिंग को सफलतापूर्वक पूरा करके और सीमा सड़क महानिदेशक (डीजीबीआर) / डोकला में परियोजना स्वास्तिक, सिक्किम में इसकी आपूर्ति करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि 27 डबल लेन मॉड्यूलर स्टील ब्रिज की आपूर्ति के लिए डीजीबीआर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना था।

डेक मशीनरी यूनिट

आपकी कंपनी की डेक मशीनरी यूनिट विभिन्न डेक मशीनरी उपकरणों के निर्माण और आपूर्ति में लगी हुई है जिसमें एंकर कैपस्टन, एंकर विंडलास, मूरिंग कैपस्टन, डॉक कैपस्टन, सामान्य प्रयोजन के डेविट, गोला-बारूद डेविट, इलेक्ट्रिक बोट डेविट, इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक बोट डेविट, सर्वे मोटर बोट डेविट्स, हाइड्रोग्राफिक डेविट्स, ओशनोग्राफिक विंच, समुद्र तट के संचालन के लिए एंकर कम जनरल पर्पस विंच, हेलो ट्रैवर्सिंग सिस्टम (दोनों रेल आधारित और रेल रहित प्रकार) और विभिन्न प्रकार के नेवल पंप जिसमें समुद्री ताजे पानी और आवेदन के आधार पर विभिन्न निर्वहन और क्षमता के समुद्री जल पंप शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, डेक मशीनरी यूनिट का वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कुल उत्पादन मूल्य ₹20.61 करोड़ है। इसमें से डेक मशीनरी प्रभाग का उत्पादन मूल्य आंतरिक खपत को छोड़कर ₹11.80 करोड़ है। विभिन्न नए निर्माण यार्डों के साथ-साथ भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के प्रचालन पोतों को ₹ 6.03 करोड़ के बिक्री मूल्य के उपकरण और पुर्जों की आपूर्ति की गई है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, विभिन्न नए निर्माण यार्डों के साथ-साथ भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षकों के प्रचालन पोतों को कुल छप्पन (56) विभिन्न डेक मशीनरी उपकरण और पंपों की आपूर्ति की गई है। इसके अलावा, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) के लिए रेल लेस हेलीकॉप्टर ट्रैवर्सिंग सिस्टम के ग्राउंड सपोर्ट इक्विपमेंट को भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक पोतों पर उपयोग के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है।

आदेश पुस्तिका स्थिति

31 मार्च 2022 तक तीन (3) प्रभागों के लिए आपकी कंपनी की कुल आदेश पुस्तिका स्थिति इस प्रकार है:

क्र. सं.	प्रभाग / विभाग	31 मार्च 2022 तक के अनुसार समापन आदेश मूल्य (₹ करोड़ में)
ए	**पोत प्रभाग**	
	पोत (बी एवं डी स्पेयर्स सहित)	**23,864.31**
बी	**इंजीनियरिंग प्रभाग**	
	बेली ब्रिज	16.51
	डेक मशीनरी	78.80
	कुल इंजीनियरिंग प्रभाग	**95.31**
सी	इंजन प्रभाग	**143.98**
	कुल (ए+बी+सी)	**24,103.60**

इंजन प्रभाग

रांची में आपकी कंपनी के डीजल इंजन प्लांट (डीईपी) ने फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण और पी17ए परियोजना के 1 मेगावाट डीए के पहले शिपसेट की डिलीवरी को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

इस प्रभाग ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान डीजल इंजन व्यवसाय से ₹ 55.48 करोड़ का उत्पादन मूल्य प्राप्त किया है।

डीईपी रांची ने एमटीयू 4000 सीरीज इंजनों के डब्ल्यू6 रूटीन (ओवरहाल) के लिए भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के साथ दर अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

आप यह भी नोट कर सकते हैं कि बेली ब्रिज कंपोनेंट्स का उत्पादन रांची की डीईपी इकाई में भी किया जा रहा है।

नई पहल

(छ) सतत विकास पर ध्यान।

(ज) अलग से पोत निर्माण के अलावा अन्य व्यवसाय विकसित करना।

(झ) योग्यता अंतराल की पहचान और एक केंद्र बिन्दु पर समग्र व्यापार रणनीति रखते हुए कर्मचारियों को उपयुक्त समय पर उचित प्रशिक्षण प्रदान करने के माध्यम से मानव संसाधन विकास को बढ़ाना।

(ञ) शिपयार्ड के व्यवसाय संचालन में उद्योग 4.0 को उपयुक्त रूप से अपनाना।

(ट) पूर्वी क्षेत्र में पोत निर्माण गतिविधियों के लिए वाइवरेंट इकों सिस्टम के विकास की सुविधा बनाना।

6. सेगमेंट-वाइज/ प्रोडक्ट-वाइज पर्फोर्मेंस

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने अपनी 23 फरवरी 2018 को जारी की गई अधिसूचना में रक्षा उत्पादन में लगे कंपनियों को खंड रिपोर्टिंग पर प्रासंगिक लेखा मानक के आवेदन की सीमा तक छूट दी। इसलिए, इस रिपोर्ट में सेगमेंट-वाइज/ प्रोडक्ट-वाइज पर्फोर्मेंस संलग्न नहीं हैं।

7. आउटलूक

भारतीय पोत निर्माण उद्योग में हाल ही के दिनों में समग्र स्वस्थ वृद्धि देखी गई है। भारतीय नौसेना और तटरक्षक के पोत अधिग्रहण की योजना के आधार पर रक्षा पोत निर्माण क्षेत्र में आशाजनक वृद्धि होने की संभावनाएं हैं।

आपकी कंपनी मुख्य रूप से रक्षा पोत निर्माण क्षेत्र में है और बड़े, मध्यम और छोटे आकार के भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के लिए आवश्यक पोतों में पर्याप्त विशेषज्ञता प्राप्त की है। सामान्यता: इसके द्वारा निर्मित पोतों के लिए इसे उत्कृष्ट प्रतिष्ठा प्राप्त है। आपकी कंपनी ने 15 फरवरी 2021 को अपना 107वां युद्धपोत (सेशेल्स सरकार को एक फास्ट पेट्रोल वेसल का निर्यात) डिलीवर किया और इससे यह देश में एकमात्र शिपयार्ड बन गया है जिसने प्रतिष्ठित 100 का आकंडा पार करने की ऐसी उपलब्धि हासिल की है।

जीआरएसई अपने सभी उत्पाद खंडों में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में काम कर रहा है। रक्षा क्षेत्रों के उन ऑर्डरों के लिए निजी पोत निर्माण प्लेयर्स से सख्त प्रतिस्पर्धी हैं जहां से कंपनी को प्रमुख व्यवसाय मिलता है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय शिपयार्ड से प्रतिस्पर्धा के बावजूद, आपकी कंपनी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पोत निर्माण के ऑर्डरों को सुरक्षित रखने के प्रयास जारी रखती है और विकास की गति को बनाए रख रही है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, आपकी कंपनी ने बांग्लादेश सरकार के लिए 06 पेट्रोल / निगरानी वोट्स के लिए निर्यात अनुबंध प्राप्त किया है। 1.82 मिलियन अमरीकी डालर (₹13.66 करोड़ लगभग) अनुबंध पर 01 जुलाई 2021 को हस्ताक्षर किए गए थे। वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से बांग्लादेश से यह पहला निर्यात आदेश है।

कंपनी अपने पोत मरम्मत गतिविधियों पर भी जोर दे रही है। पोत की मरम्मत गतिविधि को आगे बढ़ाने के लिए, रणनीतिक रूप से स्थित एसएमपी के 03 मौजूदा ड्राई डॉक को विकसित और उपयोग करने के लिए जीआरएसई और एसएमपी (केओपीटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रियायत समझौते के आधार पर, जीआरएसई-केपीडीडी यूनिट सुविधा नाम का उद्घाटन किया गया और 01 दिसंबर 21 को जीआरएसई द्वारा एसएमपीके से अधिग्रहण कर लिया गया। इस सुविधा की निकटता जीआरएसई के पोत मरम्मत प्रयासों को बढ़ावा देती है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान इस नई अधिग्रहीत सुविधा में वाणिज्यिक पोतों की डॉकिंग और मरम्मत / रिफिट सफलतापूर्वक की गई। पोत की मरम्मत के क्षेत्र में एक और विश्वसनीय उपलब्धि अक्टूबर 2021 में मॉरीशस सरकार के लिए एक अपतटीय गश्ती पोत की मरम्मत / रिफिट का काम पूरा करना है।

8. चुनौतियों का सामना करने के उपाय

निरंतर प्रदर्शन और विकास सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित प्रमुख पहलें की जाती हैं:

क) डिजाइन विभाग का विकास उत्कृष्टता के केंद्र में करना

ख) पोत निर्माण प्रौद्योगिकी/प्रक्रियाओं का उन्नयन

ग) कारगर सामग्री प्रबंधन/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

घ) विक्रेता विकास और दीर्घकालिक साझेदारी निर्माण

ङ) पोत निर्माण परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रबंधन प्रणाली में सुधार

च) ब्रिज यूनिट, डेक मशीनरी यूनिट और डीजल इंजन प्लांट उत्पादों का उन्नयन

छ) निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ठोस विपणन प्रयासों के माध्यम से व्यापार विकास।

ज) अलग-अलग लाभ केंद्र के रूप में पोत निर्माण के अलावा अन्य व्यवसाय विकसित करना

झ) निर्यात/विशेष परियोजनाओं के लिए रणनीतिक साझेदारी

ञ) पोत मरम्मत (एसआर) व्यवसाय से वीओपी बढ़ाने के उपाय

ट) पोर्टेबल पुलों, डेक मशीनरी, समुद्री पंप और डीजल इंजन व्यवसायों के वीओपी बढ़ाने के उपाय

ठ) जीआरएसई में उत्पादकता लाइन में सुधार के उपाय

ड) पीएलएम पर काम करने के लिए 100% अनुपालन प्राप्त करने हेतु माइग्रेट करने वाले प्रोजेक्ट लाइफ

साइकिल मैनेजमेंट (पीएलएम) सॉफ्टवेयर का कार्यान्वयन

ढ) राजस्व व्यय में कमी

ण) ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) में सुधार

त) कुशल जोखिम विश्लेषण और शमन योजनाएं

थ) बेहतर प्रबंधन के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का लाभ उठाना

द) शिपयार्ड क्षमता 20 से 24 पोतों के समवर्ती निर्माण में वृद्धि।

9. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

कंपनी पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण रखती है, जो व्यवसाय की प्रकृति और आकार के लिए उपयुक्त है। आंतरिक नियंत्रण ढांचे को रिकॉर्ड करने और विश्वसनीय वित्तीय और परिचालन जानकारी प्रदान करने, लागू कानूनों का पालन करने, संपत्तियों की सुरक्षा, उचित प्राधिकरण के साथ लेनदेन निष्पादित करने और कॉर्पोरेट नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी ने अपने प्रत्येक कार्य के संचालन का मार्गदर्शन करने, अपने व्यवसाय के संचालन में अखंडता सुनिश्चित करने, नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने, लेखांकन रिकॉर्ड बनाए रखने में सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं और नीतियां निर्धारित की हैं। विभिन्न नीतियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन गतिशील और विकसित कारोबारी माहौल के लिए किया जाता है। प्रक्रिया के मालिक इन नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं। सतत आंतरिक निगरानी तंत्र जोखिमों और मुद्दों की समय पर पहचान सुनिश्चित करते हैं।

कंपनी का एक आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है, जो कंपनी की प्रक्रियाओं और नीतियों के अनुपालन की अनुविक्षण करता है। बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति वार्षिक आंतरिक लेखा परीक्षा योजना की समीक्षा करती है जिसमें मुख्य व्यवसाय संचालन, कॉर्पोरेट विभागों के साथ-साथ समर्थन कार्य और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों को निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति को सूचित किया जाता है। लेखापरीक्षा समिति को महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना दी जाती है। कंपनी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा के अधीन भी है। लेखापरीक्षा समिति आपकी कंपनी के आंतरिक नियंत्रण वातावरण की पर्याप्तता और प्रभावशीलता की समीक्षा करती है और लेखापरीक्षा सिफारिशों के कार्यान्वयन की निगरानी करती है।

10. जोखिम प्रबंधन

`कंपनी ने मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति और चार्टर स्थापित किया है और एक संरचित जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू की है। कंपनी की उद्यम जोखिम प्रबंधन ('ईआरएम') प्रक्रिया आईएसओ 31000 मानकों पर आधारित है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति ('आरएमसी') निरीक्षण प्रदान करती है और पूरे संगठन में ईआरएम ढांचे को लागू करने के लिए टोन सेट करती है। यह प्रमुख जोखिमों की स्थिति, सभी स्थानों पर ईआरएम कार्यान्वयन की प्रगति के साथ-साथ जोखिम प्रशासन की समीक्षा करता है। कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख जोखिमों का विश्लेषण जोखिम प्रबंधन संचालन समिति (आरएमएससी) द्वारा किया जाता है, जो जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और लागू करने तथा कंपनी में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है। मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) आरएमसी एवं आरएमएससी के संयोजक हैं। यूनिट स्तर पर जोखिम प्रबंधन समितियाँ अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े जोखिमों का विश्लेषण करती हैं, शमन योजनाएँ तैयार करती हैं, कार्यान्वयन सुनिश्चित करती हैं और शीर्ष प्रबंधन को भी सूचित करती हैं। समिति समय-समय पर जोखिम प्रबंधन और शमन पर मंडल को अद्यतन करती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कार्यकारी प्रबंधन उचित रूप से डिजाइन किए गए ढांचे के माध्यम से जोखिम को नियंत्रित करता है।

11. परिचालन निष्पादन के संबंध में वित्तीय निष्पादन पर चर्चा और विश्लेषण

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी के निष्पादन मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं: *(करोड़ रू में)*

विवरण	31 मार्च 22 तक के अनुसार	31 मार्च 21 तक के अनुसार
कुल आय	1918.17	1326.56
परिचालन से राजस्व	1757.51	1140.83
उत्पादन का मूल्य	1748.34	1132.76
सकल मार्जिन	293.71	236.89
असाधारण वस्तुओं और कर पूर्व लाभ	264.93	227.87
असाधारण वस्तु	(7.69)	(20.75)
कर पूर्व लाभ	257.24	207.12

विवरण	31 मार्च 22 तक के अनुसार	31 मार्च 21 तक के अनुसार
कर व्यय	67.71	53.65
कर पश्चात लाभ	189.53	153.47
निवल मूल्य	1257.89	1137.12
प्रति शेयर बुक वैल्यू (रू में)	109.80	99.27
प्रति शेयर आय (रू में)	16.55	13.40
प्रति शेयर लाभांश (रू में)	5.80	5.00

अनुपात विश्लेषण:

अनुपात	31 मार्च 22 तक के अनुसार	31 मार्च 21 तक के अनुसार	भिन्नता का %
देनदार आवर्त	10.55	3.20	230%
वस्तुसूची आवर्त	1.68	1.79	-6%
ब्याज व्याप्ति आवर्त	384.39	347.39	11%
चालू अनुपात	0.93	0.99	-6%
ऋण इक्विटी अनुपात	0.008	0.002	300%
परिचालन लाभ मार्जिन (%)	6	4	50%
शुद्ध लाभ मार्जिन (%)	11	13	-15%
निवल मूल्य पर लाभ (%)	15	13	15%

(करोड़ रू में)

आयात और निर्यात	31 मार्च 22 तक के अनुसार	31 मार्च 21 तक के अनुसार
वर्ष के दौरान आयात	194.88	78.89
वर्ष के दौरान निर्यात	60.94	87.49

- **देनदार कारोबार:** वित्तीय वर्ष **21-22** में देनदार कारोबार अनुपात वित्तीय वर्ष **20-21** में **3.20** की तुलना में **10.55** में सुधार हुआ है। यार्ड **3020** को **320** करोड़ का भुगतान जो फरवरी **2020** में दिया गया था और अन्य परियोजनाएं **31.03.2020** को बकाया थीं, और इसे वित्तीय वर्ष **20-21** के दौरान महसूस किया गया था जो कि वित्तीय वर्ष **20-21** से **21-22** में औसत व्यापार प्राप्तियों में **53%** की समग्र कमी के रूप में परिलक्षित होता है।
- **ऋण इक्विटी अनुपात:** केओपीटी और ईईएसएल से कंपनी के लिए संपत्तियों की लीज होल्डिंग्स में वृद्धि के कारण चालू वर्ष का ऋण अनुपात वित्तीय वर्ष **20-21** में **2.01** करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष **21-22** में **9.74** करोड़ हो गया और यह भिन्नता में परिलक्षित हुआ है।
- **परिचालन लाभ मार्जिन:** वित्तीय वर्ष **21-22** में परिचालन लाभ **147%** की वृद्धि के साथ पिछले वर्ष के **42.14** करोड़ से बढ़कर **104.27** करोड़ रुपए हो गया है। प्रभावी लागत नियंत्रण और आंतरिक दक्षता के कारण परिचालन लाभ मार्जिन में सुधार हुआ है और निश्चित खर्च तुलनात्मक रूप से कम हो गए हैं।
- **निवल मूल्य पर रिटर्न :** चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी ने प्रचालन से राजस्व में **54%** की वृद्धि दर्ज की है और शुद्ध लाभ में **24%** का उल्लेखनीय सुधार भी हुआ है। अंततः उसी के परिणामस्वरूप निवल मूल्य पर रिटर्न में सुधार हुआ है। निवल मूल्य **2020-21** में **₹1,13,711.76** लाख से बढ़कर **2021-22** में **₹1,25,789.07** लाख हो गया है, जिसमें **10.62%** की वृद्धि हुई है।
- **सकल राजस्व में** 44.60% की बढ़ोतरी दर्ज की गई जो 2020-21 में 1,32,655.88 लाख रू से बढ़कर 2021-22 में 1,91,816.75 लाख रू हुई।

- **उत्पादन का मूल्य** 2020-21 में 1,13,276.40 लाख रू से बढ़कर 2021-22 में 1,74,834.52 लाख रू हुई।
- **निवल लाभ (कर पूर्व लाभ)** 24.20% की बढ़ोतरी दर्ज की गई जो 2020-21 में 20,711.74 लाख रू से बढ़कर 2021-22 में 25,724 लाख रू हुई।
- **प्रति कर्मचारी मूल्य वृद्धि** 2020-21 के 25.00 लाख रू से बढ़कर 2021-22 में 31.00 लाख रू हुई।
- **प्रति शेयर बुक वैल्यू** 2020-21 के 99.27 लाख रू से बढ़कर 2021-22 में 109.80 लाख रू हुई।

12. मानव संसाधन विकास और औद्योगिक संबंध

मानव संसाधन विकास और औद्योगिक संबंधों के बारे में विवरण विशेष रूप से निदेशकों की रिपोर्ट में शामिल हैं।

13. मानवशक्ति

31 मार्च 2022 तक के अनुसार आपकी कंपनी की कर्मचारी शक्ति 1790 व्यक्तियों की थी।

31 मार्च 2022 तक के अनुसार कुल कर्मचारी	अधिकारी	पर्यवेक्षकों	कार्यालय सहायक	वर्कमेन		
				प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष	कुल
1790	483	146	61	869	231	1100

14. पर्यावरण संरक्षण

आपकी कंपनी स्वच्छ और हरित वातावरण के लिए सभी पहलुओं में योगदान देती है, जो कि क्लीनर प्रौद्योगिकियों में लाने और पुनरावृत्ति, पुन: उपयोग और दृष्टिकोण को कम करने के माध्यम से पर्यावरण को हरा-भरा करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को व्यवस्थित रूप से एकीकृत करती है। प्रवाह और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन किया जा रहा है। विभिन्न पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों जैसे कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण, अपशिष्ट कचरे का निपटान और धातु स्क्रैप, ई-कचरा प्रबंधन और सौर ऊर्जा का उपयोग किया गया है।

15. संरक्षण ऊर्जा का प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय

इस संबंध में प्रासंगिक जानकारी ' *निदेशकों की रिपोर्ट* ' में दी गई है।

16. निगमित सामाजिक दायित्व और स्थिरता (सीएसआर)

इस संबंध में प्रासंगिक जानकारी सीएसआर गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट के खंड में दी गई है,जो 'परिशिष्ट - "ई" के रूप में निदेशकों की रिपोर्ट में दी गई है।

सावधानी कथन - *कंपनी के उद्देश्यों, अनुमानों, दृष्टिकोण, अपेक्षाओं, अनुमानों और अन्य से संबंधित प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट में दिए गए कुछ कथन लागू कानूनों और विनियमों के अंतर्गत 'दूरदर्शी बयान' हो सकते है। वास्तविक परिणाम इस तरह की अपेक्षाओं, भविष्य की योजनाएं और अन्य से जो व्यक्त या निहित हो, से अलग हो सकते हैं। कई कारक कंपनी के परिचालन में महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं। इनमें जलवायु परिस्थितियों और मांग और आपूर्ति को प्रभावित करने वाली आर्थिक स्थितियां, सरकारी नियम और कराधान, प्राकृतिक आपदाएं आदि शामिल हैं, जिस पर कंपनी का कोई प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं है।*

निगमित शासन पर रिपोर्ट

(वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए)

अंगीकृत निगमित शासन दर्शन

1. निगमित शासन हमारे शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक स्थायी मूल्य का निर्माण और वृद्धि है, जिसमें नैतिक रूप से संचालित व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से नियामक, कर्मचारी, ग्राहक, विक्रेता, निवेशक और बड़े पैमाने पर समाज शामिल है। प्रभावी निगमित शासन प्रथाएं उस मजबूत नींव का निर्माण करती हैं जिस पर सफल वाणिज्यिक उद्यम टिके रहते हैं। मजबूत नेतृत्व और प्रभावी निगमित शासन प्रथाएं कंपनी का शासन दर्शन रहा है। हमारी निगमित संरचना, व्यवसाय और प्रकटीकरण प्रथाओं को हमारे निगमित शासन दर्शन के साथ जोड़ा गया है।

2. कंपनी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम , 2015 (« सेबी लिस्टिंग विनियम «) के तहत निगमित शासन और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश , 2010 (डीपीई दिशानिर्देश) के संबंध में यथा लागू आवश्यकताओं का अनुपालन कर रही है ।

निदेशक मंडल

3. कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, आपकी कंपनी एक ‹सरकारी कंपनी› है क्योंकि कुल चुकता पूंजी का 74.50% भारत के राष्ट्रपति के पास है। आपकी कंपनी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, सभी निदेशकों की नियुक्ति/कार्यकाल भारत के राष्ट्रपति द्वारा रक्षा मंत्रालय के माध्यम से किया जाता है। निदेशक एक दूसरे *से संबंधित नहीं हैं।*

4. कंपनी के निदेशक मंडल, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में, सर्वोच्च निकाय है जो आपकी कंपनी के समग्र कामकाज की देखरेख करता है। आपकी कंपनी का मंडल रणनीतिक निर्देश देता है और उनकी पूर्ति की जवाबदेही चाहता है। मंडल ने अपने «विजन» कथन को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य योजना के संदर्भ में लक्ष्य निर्धारित किए हैं। यह शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने के लिए एक ट्रस्टी के रूप में आपकी कंपनी के प्रबंधन और प्रदर्शन की अंतिम जिम्मेदारी के साथ निहित है। मंडल के निर्णय आपकी कंपनी के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के लिए उनके साथ जुड़े हुए है । मंडल ने निर्णय लेने की प्रक्रिया के सुचारू और कुशल प्रवाह की सुविधा के लिए उप-समितियों का गठन किया है।

मंडल का आकार और संरचना

5. कंपनी के मंडल में कार्यकारी (पूर्णकालिक) निदेशक, गैर-कार्यकारी (अंशकालिक सरकारी) सरकार द्वारा नामित निदेशक और गैर-कार्यकारी (अंशकालिक गैर-सरकारी) स्वतंत्र निदेशकों का संयोजन हैं । 31 मार्च 2022 तक, आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यकारी और गैर-कार्यकारी निदेशकों का इष्टतम संयोजन शामिल नहीं है। उक्त तिथि के अनुसार, मंडल में 04 निदेशक शामिल हैं जिनमें 02 पूर्णकालिक निदेशक, 01 सरकार द्वारा नामित निदेशक और 01 अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक शामिल हैं।

6. 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 की अवधि के दौरान आपकी कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्यों का विवरण नीचे दिया गया है:

निदेशकों का नाम	नियुक्ति की तिथि	अन्य सार्वजनिक कंपनियों में निदेशक पद की संख्या #		अन्य कंपनियों में धारित समिति की स्थिति की संख्या ##		अन्य सूचीबद्ध संस्था और श्रेणी में निदेशक पद
		अध्यक्ष	सदस्य	अध्यक्ष	सदस्य	
पूर्णकालिक निदेशक						
रियल एडमिरल विपिन कुमार सक्सेना [1] भानौ (सेवानिवृत्त) *अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक*	01 मार्च 2017	-	-	-	-	-
श्री रमेश कुमार दाश *निदेशक (वित्त) और सीएफओ*	01 जुलाई 2020	-	-	-	-	-

निदेशकों का नाम	नियुक्ति की तिथि	अन्य सार्वजनिक कंपनियों में निदेशक पद की संख्या #		अन्य कंपनियों में धारित समिति की स्थिति की संख्या ##		अन्य सूचीबद्ध संस्था और श्रेणी में निदेशक पद
		अध्यक्ष	सदस्य	अध्यक्ष	सदस्य	
कमोडोर संजीव नैय्यर [2] भानौ (सेवानिवृत्त) *निदेशक (पोत निर्माण)*	16 दिसंबर 2017	-	-	-	-	-
कमोडोर हरि पी आर [3] भानौ (सेवानिवृत्त) *निदेशक (कार्मिक)*	21 अक्टूबर 2019	-	-	-	-	-
सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी)						
श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव *संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली)*	14 सितंबर 20	-	3	-	-	भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (सरकार द्वारा नामित निदेशक, गैर-कार्यकारी)
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र निदेशक) (गैर-कार्यकारी)						
डॉ. विश्वप्रिया रॉयचौधरी [4]	15 अगस्त 2018	-	-	-	-	-
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे [5]	27 दिसंबर 2021	-	2	-	2	-

 # प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों, विदेशी कंपनियों, धारा 8 कंपनियों और वैकल्पिक निदेशकों को छोड़कर।

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 26 के अनुसार, केवल लेखा परीक्षा समिति और शेयरधारकों की संबंध समिति की सदस्यता/अध्यक्षता पर विचार किया जाता है।

[1] कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में 28 फरवरी 2022 को अपना कार्यकाल पूरा किया।

[2] 01 जनवरी 2022 प्रभावी कंपनी के निदेशक पोत निर्माण के रूप में सेवानिवृत्त।

[3] सरकार ने 01 मार्च 2022 से प्रभावी कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

[4] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त।

[5] 27 दिसंबर 2021 को कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त।

7. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक (1) अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) को निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। नव नियुक्त निदेशक का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

श्री संजय दत्तात्रेय पणसे

श्री संजय पांसे एक फेलो चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं तथा एस पांसे एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, मुंबई के संस्थापक और वरिष्ठ भागीदार भी हैं। उनके पास 35 से अधिक वर्षों का अनुभव है, और वित्तीय और पूंजी बाजार में व्यापक अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित पेशेवर हैं।

उन्हें वित्तीय बाजार क्षेत्र के प्रतिभागियों के लेखांकन, लेखा परीक्षा और कामकाज की गहरी समझ है और उन्होंने लेखा परीक्षा, गुणवत्ता आश्वासन सेवाओं, उचित परिश्रम, आंतरिक लेखा परीक्षा, म्यूचुअल फंडों , पोर्टफोलियो प्रबंधकों, बैंक, बीमा कंपनियां और पूंजी बाजार में अन्य मध्यस्थ के लिए सलाहकार सेवाओं, के क्षेत्र में एस पानसे एंड कंपनी एलएलपी के अभ्यास का नेतृत्व किया है। वह आर्थिक और वित्तीय मामलों पर लगातार वक्ता और लेखक हैं। उन्होंने विभिन्न कंपनियों के मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्य किया है।

उनका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है। इसके अलावा, उनके पास कंपनी का कोई इक्विटी शेयर नहीं है।

अन्य निदेशक पद:

क्रम संख्या	कंपनियों/निकायों कॉर्पोरेट/फर्मों/व्यक्तियों के एसोसियशन का नाम	रुचि या कंसर्न की प्रकृति / रुचि या कंसर्न में परिवर्तन	तिथि जिस पर रुचि या कंसर्न उत्पन्न / चेंज हुई
1	ईसीए ट्रेडिंग सर्विसेज लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक	28/06/2016
2	एसबीआईसीएपी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक	29/09/2021
3	सारस्वत इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक	13/08/2008

अन्य कंपनियों की समिति सदस्यता:

क्रम संख्या	कंपनी का नाम	निदेशक पद की प्रकृति	क्या लेखा परीक्षा समिति के सदस्य हैं	क्या लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष हैं	क्या शेयरधारक संबंध समिति के सदस्य हैं	क्या शेयरधारक संबंध समिति के अध्यक्ष हैं	अन्य समितियों में सदस्यता/ अध्यक्षता का विवरण
1	ईसीए ट्रेडिंग सर्विसेज लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक	हाँ	नहीं	नहीं	नहीं	सदस्य, नामांकन और पारिश्रमिक समिति
2	एसबीआईसीएपी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक	हाँ	नहीं	नहीं	नहीं	शून्य
3	सारस्वत इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	शून्य

8. 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के बाद कंपनी के निदेशक मंडल में चार (4) नए निदेशकों को शामिल किया गया है। नव नियुक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

श्री संजीव मोहंती

श्री संजीव मोहंती (डीआईएन 09559883), 06 अप्रैल 2022 को तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए कंपनी के मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) के रूप में नियुक्त किए गए है। उन्होंने वर्ष 1984 में उत्कल विश्वविद्यालय से बी.ए. और यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज, भुवनेश्वर, ओडिशा से कानून में स्नातक किया हैं और वर्ष 1990 में ओडिशा स्टेट बार काउंसिल के सदस्य के रूप में नामांकित हैं। वह भारत के ओडिशा राज्य में 32 से अधिक वर्षों के अभ्यासरत अधिवक्ता हैं। उनके अभ्यास के व्यापक क्षेत्र आपराधिक और नागरिक कानून हैं। वह नियमित रूप से उच्च न्यायालय, जिला न्यायालयों / सत्र न्यायालयों और अन्य मंचों के समक्ष उपस्थित होते हैं।

उन्होंने ओडिशा कोऑपरेटिव टसर एंड सिल्क फेडरेशन लिमिटेड (एसईआरआईएफ़ईडी), 2002-2008 से ओडिशा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किए है। इसके अलावा, वह अपने कॉलेज के दिनों से ही एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

उनका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है। इसके अलावा, उनके पास कंपनी का कोई इक्विटी शेयर नहीं है।

अन्य निदेशक पद: शून्य

अन्य कंपनियों की समिति सदस्यता: शून्य

श्रीमती दर्शना सिंह

श्रीमती दर्शन सिंह, (डीआईएन 09567496) को 12 अप्रैल, 2022 से तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए कंपनी के मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) के रूप में नियुक्त किए गई है। उन्होंने वर्ष 1996 में वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश से इतिहास में एमए और वर्ष 2006 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया हैं। इसके अलावा, वह एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

हालाँकि, श्रीमती दर्शना सिंह ने अपने पत्र दिनांक 30 मई 2022 के माध्यम से कंपनी के मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

(स्वतंत्र निदेशक) के पद से तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे दिया है। अपने त्याग पत्र में, उन्होंने उल्लेख किया है कि आगामी नई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के कारण, वह कंपनी में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) की अपनी भूमिका और स्थिति को सही ठहराने में सक्षम नहीं होगी। इसके अलावा, उन्होंने पुष्टि की है कि ऊपर उल्लिखित के अलावा उनके इस्तीफे का कोई मटिरियल कारण नहीं है।

पत्र 01 जून 2022 को ईमेल के माध्यम से प्राप्त हुआ था। उनके इस्तीफे की प्रभावी तिथि को उस तिथि को प्राप्त पत्र के रूप में 01 जून 2022 माना गया है।

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) (डीआईएन: 09631817) 08 जून 2022 को हमारे कंपनी के निदेशक (पोत निर्माण) के रूप में कार्यभार संभाला। कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) 23 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा करने के उपरांत वर्ष 2013 में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड में शामिल हुए। कमांडर बोस एक उच्च योग्यता प्राप्त और अनुभवी नौसेना वास्तुकार हैं, जो 2013 से द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाओं के प्रभारी भी रहें हैं। निदेशक (पोत निर्माण) के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वह महाप्रबंधक (एमडब्ल्यू एवं पी17ए) के रूप में काम कर रहे थे।

उन्होंने कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से नौसेना वास्तुकला और पोत निर्माण में बी.टेक और आईआईटी, दिल्ली से डिप्लोमा पूरा किया। उन्होंने जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी किया है। इसके अलावा, उनके पास इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग (इंडिया) और इंस्टीट्यूशन ऑफ नेवल आर्किटेक्चर की सदस्यता भी है।

कमांडर शांतनु बोस, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) के पास गहरी तकनीकी अंतर्दृष्टि और पोत निर्माण के सभी पहलुओं में काम करने का अनुभव है, व्यक्ति प्रबंधन करना और उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना उनकी विशेषता रही है। जीआरएसई में, वह एकीकृत निर्माण (आईसी) पद्धति को अपनाने, डिजाइन के लिए आभासी वास्तविकता प्रयोगशाला (वीआरएल) के उपयोग और उत्पाद डेटा मॉडल (पीडीएम) और उत्पाद जीवन चक्र प्रबंधन (पीएलएम) में सबसे आगे रहे हैं। उनके वर्तमान फोकस क्षेत्रों में आर एंड डी परियोजनाएं और स्वदेशीकरण की ओर अधिक जोर शामिल है। उनकी देखरेख में जीआरएसई की आरबीडी यूनिट की आधारभूत संरचना उन्नयन योजना, क्रियान्वयन और पूर्वेक्षण किया गया है।चल रही परियोजनाओं के निर्माण के लिए अब इसका लाभकारी दोहन किया जा रहा है।

उनका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है। इसके अलावा, उनके पास कंपनी का कोई इक्विटी शेयर नहीं है।

अन्य निदेशक पद: शून्य

अन्य कंपनियों की समिति सदस्यता: शून्य

कमोडोर हरि पी आर, भा.नौ. (सेवानिवृत्त)

कमोडोर हरि पी आर, भा.नौ. (सेवानिवृत्त) (डीआईएन: 08591411) ने 33 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ 10 जून 2022 को कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभालने से पूर्व, वह कंपनी के निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने भारतीय नौसेना में अट्ठाईस वर्षों (28) से अधिक की कमीशंड सेवा की है जिसमें ऑनबोर्ड युद्धपोतों, नेवल रिपेयर संगठनों एवं विभिन्न स्टाफ नियुक्तियों का विविध अनुभव शामिल हैं। उनके पास इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और रक्षा एवं सामरिक अध्ययन में मास्टर डिग्री है। वे डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के एक पूर्व छात्र हैं और उन्होंने एडब्ल्यूसी एमएचओडब्ल्यू में 5 वें उच्च रक्षा उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम और नौसेना वॉर कॉलेज, गोवा में प्रतिष्ठित नौसेना उच्च कमान पाठ्यक्रम भी पूरा किए हैं।

कमोडोर पी आर हरि, 2016 में एक मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कंपनी में शामिल हुए और शिपयार्ड में निर्मित सभी नए निर्माण पोतों के उत्पादन योजना के प्रभारी रहे हैं। उन्होंने 21 अक्टूबर 2019 को कंपनी के निदेशक (कार्मिक) के रूप में पदभार ग्रहण किया था और जीआरएसई के मानव संसाधन, निगमित योजना और तकनीकी कार्यों का नेतृत्व किए थे।

उनका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है। इसके अलावा, उनके पास कंपनी का कोई इक्विटी शेयर नहीं है।

अन्य निदेशक पद: शून्य

अन्य कंपनियों की समिति सदस्यता: शून्य

मुख्य बोर्ड विशेषज्ञता और कौशल

9. आपकी कंपनी में निदेशक भारत सरकार के राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। वे भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम विभाग के दिशानिर्देशानुसार कार्य करते हैं। आपकी कंपनी के बोर्ड में निदेशकों का चयन भारत सरकार द्वारा अपनाई गई एक स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।

10. आपकी कंपनी के बोर्ड में योग्य सदस्य शामिल हैं। उन्हें आवश्यक कौशल, क्षमता और विशेषज्ञता प्राप्त हैं जिसकी वजह से वे बोर्ड और उसकी समितियों में प्रभावी योगदान देने के लिए सक्षम हैं। निदेशक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि बोर्ड द्वारा निगमित प्रशासन के उच्चतम मानकों का अनुपालन किया जाता है। नीचे दी गई तालिका में मुख्य बोर्ड कौशल, विशेषज्ञता और विशेषज्ञताओं का सार है, जो बोर्ड की राय में, कंपनी के व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक हैं:

कौशल और गुण	विवरण
संगठनात्मक उद्देश्य	कंपनी के उद्धोग इसके संचालन, देश की समुद्री जरूरतों, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, घरेलू और वैश्विक दोनों ही विनियामक और प्रतिस्पर्धा वातावरण को समझने की क्षमता, जिस के माध्यम से कंपनी अपने व्यवसायों के लिए अवसरों और खतरों की पहचान करने में सक्षम होती है। कंपनी के लिए एक प्रेरक विजन बनाने की दिशा में योगदान करने की क्षमता।
वित्तीय और प्रबंधकीय कौशल	लेखांकन और वित्त, व्यापार निर्णय, सामान्य प्रबंधन प्रथाओं और प्रक्रियाओं, संकट प्रतिक्रिया और प्रबंधन, उद्धोग ज्ञान, मैक्रो-आर्थिक दृष्टिकोण, मानव संसाधन, श्रम कानून और जोखिम प्रबंधन तथा आंतरिक नियंत्रण में ज्ञान एवं कौशल।
नीति मूल्यांकन	कानूनी पारिस्थितिकी तंत्र, सरकार के निर्देशों और कंपनी के व्यवसायों के लिए प्रयोज्यता के संदर्भ में नीतियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करने और समय-समय पर उसकी समीक्षा करने की क्षमता।
निगमित शासन	विनियामक अनुपालन, बोर्ड और प्रबंधन की जवाबदेही के मामलों पर ज्ञान, शेयरधारकों के हितों की रक्षा करना, उपर्युक्त शासन प्रथाओं का पालन करना और इसके शोधन के लिए योगदान करना।
प्रौद्धोगिकी की समझ	प्रौद्धोगिकी और नवाचार में उभरते रूझानों को समझना जो व्यवसाय पर प्रभाव डाल सकते हैं और आवश्यक हस्तक्षेपों को निर्देशित करने की क्षमता रखते हैं जिनका उपयोग व्यापार को अधिक प्रतिस्पर्धा और टिकाऊ बनाने में किया जा सकता है।
संस्कृति निर्माण	एक नैतिक संगठानात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने, हितों के टकराव को खत्म करने और नैतिकता, अखंडता और संगठानात्मक आचरण के उच्चतम मानकों को स्थापित करने और बनाए रखने की दिशा में बोर्ड की भूमिका में योगदान देने की क्षमता।

11. व्यक्तिगत निदेशकों के मुख्य कौशल, विशेषज्ञता और दक्षताओं की सूची नीचे दी गई है:

निदेशक का नाम	कौशल / विशेषज्ञता / दक्षता					
	संगठनात्मक उद्देश्य	वित्तीय और प्रबंधकीय कौशल	नीति मूल्यांकन	निगम से संबंधित शासन प्रणाली	तकनीकी समझ	संस्कृति भवन
रियर एडमिरल विपिन कुमार सक्सेना	√	√	√	√	√	√
कमोडोर संजीव नैय्यर	√	√	√	√	√	√
कमोडोर हरि पी आर	√	√	√	√	√	√
श्री रमेश कुमार दाश	√	√	√	√	√	√
श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव	√	√	√	√	√	-
डॉ. विश्वप्रिया रॉयचौधरी	√	√	√	√	√	-
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे	√	√	√	√	√	-

मंडल प्रक्रिया

12. मंडल बैठक समान्यतः प्रति तिमाही में कम से कम एक बार आयोजित की जाती है और यदि आवश्यक समझा जाए तो इससे अधिक बैठकें की जाती है जो व्यापार करने में आसानी हेतु नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने, व्यापार विकास के लिए रणनीतियाँ बनाने, योजना नियंत्रण करने, शक्तियों का प्रत्यायोजन, आपकी कंपनी के कार्य निष्पादन का पुनर्विलोकन करने, उच्च मूल्य की मदों, छमाही/आवधिक परिणाम, वार्षिक लेखा, वार्षिक प्रचालन योजना, तथा बजट का अनुमोदन करने के साथ मंडल के समक्ष प्रस्तुत सांविधिक अपेक्षित मामलों पर विचार करने के लिए की जाती है।

13. आपकी कंपनी का विश्वास है कि सावधानी पूर्वक नियोजित कार्यसूची टिप्पणियाँ, प्रभावी मंडल बैठकों के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यसूची टिप्पणियों के साथ विस्तृत सूचना की पृष्ठभूमि दी जाती है ताकि मंडल निर्णय ले सके। कार्यसूची टिप्पणियों को समान्यतः मंडल के सदस्यों को समय रहते परिचालित कर दिया जाता है। मंडल के सदस्य अध्यक्ष से परामर्श करके किसी भी महत्वपूर्ण मामलों को मंडल को विचार करने के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं। आवश्यकतानुसार कंपनी के वरिष्ठ कार्यपालकों को भी मंडल बैठक में उपस्थित होने तथा स्पष्टीकरण देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। अंशकालिक निदेशक मंडल बैठक के विचार विमर्श में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं तथा कंपनी को तकनोलोजी, वित्त, विपणन, लोक नीति तथा प्रचालन के क्षेत्र में अपना व्यापक अनुभव प्रदान करते हैं।

बैठकें और उपस्थिति

14. वर्ष 2021-22 के दौरान मंडल की सात (07) बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गईं:

क्रम संख्या	दिनांक	मंडल की संख्या शक्ति	वर्तमान निदेशकों की संख्या
1.	17 मई 21	06	06
2.	26 जुलाई 21	06	06
3.	13 अगस्त 21	06	06
4.	08 अक्टूबर 21	05	05
5.	13 नवंबर 21	05	04
6.	24 दिसंबर 21	05	05
7.	11 फरवरी 22	05	05

15. वर्ष के दौरान आयोजित किन्हीं दो मंडल बैठकों के बीच अधिकतम अंतराल (73) दिन का था। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान आयोजित मंडल की बैठकों और वार्षिक आम बैठक में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

निदेशक का नाम	संबन्धित निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक एवं उपस्थिति							उपस्थिति का%	10 सितंबर 21 को आयोजित अंतिम एजीएम में उपस्थिति
	17 मई 21	26 जुलाई 21	13 अगस्त 21	08 अक्टूबर 21	13 नवंबर 21	24 दिसंबर 21	11 फरवरी 22		
रियर एडमिरल विपिन कुमार सक्सेना [1]	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	100	✓
कमोडोर संजीव नैय्यर [2]	✓	✓	✓	✓	✓	✓	लागू नहीं	100	✓
श्री रमेश कुमार दाश	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	100	✓
कमोडोर हरि पीआर	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	100	✓
श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव	✓	✓	✓	✓	×	✓	✓	85.7	लागू नहीं
डॉ. विश्वप्रिया रॉयचौधरी [3]	✓	✓	✓	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	100	लागू नहीं
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे [4]	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	✓	100	लागू नहीं

✓ - उपस्थित × - *अनुपस्थित* ला.न. - *लागू नहीं*

[1] कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में 28 फरवरी 2022 को अपना कार्यकाल पूरा किया।

[2] 31 दिसंबर 2022 को कंपनी के निदेशक पोत निर्माण के रूप में सेवानिवृत्त।

[3] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया।

[4] 27 दिसंबर 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।

मंडल की समितियां

16. वर्तमान में, मंडल ने आपकी कंपनी के दिन-प्रतिदिन के मामलों के प्रबंधन में सहायता करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया के सुचारू और कुशल प्रवाह की सुविधा के लिए दस (10) उप-समितियों का गठन किया है। मंडल उप-समितियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

    (क) लेखा परीक्षा समिति;
    (ख) मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति;
    (ग) निगमित सामाजिक दायित्व एवं सस्टेनिबिलिटी समिति;
    (घ) शेयरधारक संबंध समिति;
    (ङ) जोखिम प्रबंधन समिति
    (च) परियोजना समीक्षा उप-समिति;
    (छ) प्रोक्योरमेंट समिति;
    (ज) व्यापार रणनीति और क्षमता वृद्धि समिति;
    (झ) समझौता ज्ञापन समिति;
    (ञ) विधि समिति

17. निदेशक मण्डल की उपरोक्त वर्णित उप समितियों के बारे में विवरण नीचे दिया गया है।

मंडल की अनिवार्य समितियां

लेखा परीक्षा समिति

18. 31 मार्च 2022 तक के अनुसार और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, सीपीएसई, 2010 के लिए निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों और सेबी (सूचीकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) विनियमों, 201 5 («सेबी लिस्टिंग विनियमन») के अनुरूप कंपनी के मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण लेखा परीक्षा समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया था।

19. लेखा परीक्षा समिति के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 में उल्लेखित तथा सेबी सूचीबद्ध विनियमन के अंतर्गत बनाए गए नियम व लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुसार है। समिति का प्रमुख कार्य है वित्तीय रिपोर्टों, आपकी कंपनी के वित्त, लेखा और विधि अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण की प्रणालियों की समीक्षा जिसे प्रबंधन और मण्डल ने नियत किया है और आपकी कंपनी की लेखा परीक्षा, लेखांकन और सामान्यता: वित्तीय रिपोर्टिंग की समीक्षा करके निदेशक मंडल की सहायता करना ।।

20. लेखा परीक्षा समिति आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों की समीक्षा करती है, सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ बैठक करती है और उनके निष्कर्षों, सुझावों और अन्य संबंधित मामलों पर चर्चा करती है और आपकी कंपनी द्वारा अनुसरण की जा रही प्रमुख लेखा नीतियों की समीक्षा करती है। लेखा परीक्षा समिति बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों की समीक्षा करती है। समिति व्हिसल ब्लोअर नीति के कामकाज और कंपनी में इनसाइडर ट्रेडिंग कोड के प्रभावी कार्यान्वयन की भी समीक्षा करती है।

21. लेखा परीक्षा समिति का अध्यक्ष मंडल बैठकों के दौरान लेखा परीक्षा समिति की प्रेक्षण से बोर्ड को अवगत कराता है। लेखा परीक्षा समिति की बैठकों के कार्यवृत्त सूचना के लिए मंडल को इसकी अनुवर्ती बैठक में प्रस्तुत किया जाता हैं। वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई सिफारिशों को मंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

22. वर्ष 2021-22 के दौरान लेखापरीक्षा समिति की कोई बैठक नहीं हो सकी।

मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति

23. 31 मार्च 2022 तक के अनुसार और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, सीपीएसई, 2010 के लिए निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों और सेबी (सूचीकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) विनियमों, 2015 («सेबी लिस्टिंग विनियमन») के अनुरूप कंपनी के मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण मानव संसाधन, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। इसलिए, मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की जा सकी।

24. हालांकि, मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति के संदर्भ की शर्तें इस प्रकार हैं: -

    (क) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बोनस/ परिवर्तनीय वेतन राशि कार्य निष्पादन संबन्धित वेतन (पीआरपी) तथा प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु विहित सीमा में कार्यपालकों (मडल स्तर के कार्यपालकों सहित) तथा गैर यूनियनकृत पर्यवेक्षकों में इसे वितरित करने के लिए नीति निर्धारण करना।

    (ख) मानव संसाधन मुद्दे से संबन्धित सभी प्रस्तावों का परीक्षण करना और अपना सुझाव देना।

    (ग) मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों को अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व और सस्टेनिबिलिटी समिति («सीएसआर और एसडी समिति»)

25. कंपनी अधिनियम 2013 तथा उसके तहत प्रतिपादित नियमों तथा लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी निगमित सामाजिक दायित्व एवं सस्टेनेबिलिटी ("सीएसआर एवं एसडी") मार्गनिर्देशों के अनुरूप तैयार की गई निगमित सामाजिक दायित्व एवं सस्टेनेबिलिटी नीति को आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल ने अनुमोदित कर दिया है। उक्त नीति के शर्तों के तहत एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में सीएसआर एवं एसडी समिति का गठन आपकी कंपनी के सीएसआर एवं एसडी क्रियाकलापों की योजना, कार्यान्वयन एवं निगरानी करने के लिए किया गया है।

26. सीएसआर और एसडी समिति के विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं: -

(क) कंपनी अधिनियम 2013 के शिड्यूल- VII में यथानिर्धारित एक निगमित सामाजिक दायित्व एवं सास्टेनेबिलिटी नीति तैयार करना और मण्डल को सिफ़ारिश करना,जिसमें आपकी कंपनी द्वारा ली जाने वाली गतिविधियों का उल्लेख होगा।

(ख) सीएसआर गतिविधियों पर किए जाने वाले व्यय की राशि की सिफारिश ;

(ग) अपनी कंपनी की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व और सस्टेनेबिलिटी नीति और समय-समय पर इसके प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी।

27. 31 मार्च 2022 के अनुसार निदेशक मण्डल की सीएसआर एवं एसडी समिति का गठन निम्नानुसार है:

(क)	श्री संजय दत्तात्रेय पणसे[1] *अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक*	अध्यक्ष
(ख)	श्री आर के दाश [2] *निदेशक (वित्त) और सीएफओ*	सदस्य
(ग)	कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त) *निदेशक (कार्मिक)*	सदस्य

[1] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त।

[2] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त।

28. कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

29. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान सीएसआर एवं एसडी कमेटी की दो (2) बैठकें आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान सीएसआर और एसडी समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति नीचे दी गई है:

निदेशक का नाम	संबंधित निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक एवं उपस्थिति		उपस्थिति का%
	04 अगस्त 21	16 मार्च 22	
डॉ. विश्वप्रिया रॉयचौधरी *[1]*	✓	लागू नहीं	100
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *[2]*	लागू नहीं	✓	100
कमोडोर संजीव नैय्यर *[3]*	✓	लागू नहीं	100
कमोडोर हरि पीआर	✓	✓	100
श्री आर के दाश	लागू नहीं	✓	100

- उपस्थित ✓ × - *अनुपस्थित* ला.न. - *लागू नहीं*

[1] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में सेवासमाप्त।

[2] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में नियुक्ति।

[3] 31 दिसंबर 2021 को कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त।

शेयरधारक संबंध समिति

30. शेयरधारक संबंध समिति का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 सेबी लिस्टिंग विनियम 2015 के विनियम 20 के अनुरूप किया गया था।

31. सेबी लिस्टिंग नियमों के अनुरूप, शेयरधारकों के संबंध समिति के संदर्भ की शर्तों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) शेयरों के हस्तांतरण/प्रसारण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने, नए/डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने, सामान्य बैठक आदि से संबंधित शिकायतों सहित सुरक्षा धारकों की शिकायतों का समाधान करना;

(ii) शेयरधारकों द्वारा मतदान अधिकारों के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;

(iii) रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में आपकी कंपनी द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के पालन की समीक्षा;

(iv) आपकी कंपनी द्वारा दावा नहीं किए गए लाभांश की मात्रा को कम करने और लाभांश वारंट / वार्षिक रिपोर्ट / सांविधिक नोटिस के समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए आपकी कंपनी द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करना।

32. 31 मार्च 2022 तक के अनुसार निदेशक मंडल की शेयरधारक संबंध समिति की संरचना इस प्रकार है:

(क)	श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक [1]*	अध्यक्ष
(ख)	कमोडोर हरि पीआर *निदेशक (कार्मिक)*	सदस्य
(ग)	श्री रमेश कुमार दाश *निदेशक (वित्त) और सीएफओ*	सदस्य

[1] 11 फरवरी 2022 को समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति।

33. कंपनी सचिव शेयरधारक संबंध समिति के सचिव के रूप में कार्य करते है, और वह अनुपालन अधिकारी भी है।

34. वर्ष 2021-22 के दौरान निदेशक मंडल की हितधारकों की संबंध समिति की दो (2) बैठक आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हितधारक संबंध समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति नीचे दी गई है:

निदेशक का नाम	संबंधित निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक एवं उपस्थिति		उपस्थिति का%
	04 अगस्त 21	16 मार्च 22	
डॉ. विश्वप्रिया रॉयचौधरी *[1] अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक*	✓	ना	100
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *[2]* अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	ना	✓	100
कमोडोर हरि पीआर *निदेशक (कार्मिक)*	✓	✓	100
श्री रमेश कुमार दाश *निदेशक (वित्त) और सीएफओ*	✓	✓	100

[1] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में सेवासमाप्त

[2] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में नियुक्ति।

35. 31 मार्च 2022 तक निवेशक शिकायतों की स्थिति और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 13 (3) के तहत रिपोर्ट की गई स्थिति निम्नानुसार है:

01 अप्रैल 2021 तक शिकायतें	0
वर्ष के दौरान प्राप्त	0
वर्ष के दौरान हल किया गया	0
शेयरधारकों की संतुष्टि के लिए हल नहीं	0
31 मार्च 2022 तक लंबित	0

जोखिम प्रबंधन समिति

36. जोखिम प्रबंधन समिति का गठन सेबी सूचीकरण विनियमों के विनियम 21 के अनुरूप किया गया।

37. जोखिम प्रबंधन समिति की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) एक विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

(क) विशेष रूप से वित्तीय, परिचालन, क्षेत्रीय, स्थिरता (विशेष रूप से, ईएसजी से संबंधित जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिम या समिति द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य जोखिम सहित कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले आंतरिक और बाहरी जोखिमों की पहचान के लिए एक ढांचा।

(ख) पहचाने गए जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय;

(ग) कारोबार निरंतरता योजना।

(ii) यह सुनिश्चित करने के लिए कि कंपनी के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन के लिए उपयुक्त कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियां मौजूद हैं;

(iii) जोखिम प्रबंधन प्रणाली की पर्याप्तता का मूल्यांकन करने सहित जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करना; सुनिश्चित करें कि कंपनी चल रही और नई व्यावसायिक गतिविधियों दोनों में जोखिमों और पुरस्कारों के बीच विवेकपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए उचित उपाय कर रही है।

(iv) दो साल में कम से कम एक बार, समय-समय पर जोखिम प्रबंधन नीति की समीक्षा करने जिसमें , बदलते उद्योग की गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना भी शामिल है ;

(v) कंपनी के भीतर जोखिम प्रबंधन कार्य की प्रकृति भूमिका

उत्तरदायित्व और प्राधिकार की समीक्षा और मूल्यांकन करना और जोखिम प्रबंधन कार्य के दायरे की रूपरेखा तैयार करना।

(vi) निदेशक मंडल को अपनी चर्चाओं, सिफारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और सामग्री के बारे में सूचित करना; जोखिम रणनीतियों, नीतियों, ढांचे, मॉडल और प्रक्रियाओं को स्थापित करने में मंडल की सहायता करना।

(vii) जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा मुख्य जोखिम अधिकारी (यदि कोई हो) की नियुक्ति और हटाने की सिफारिश/समीक्षा करना।

(viii) जोखिम प्रबंधन समिति के पास, यदि वह आवश्यक समझे किसी भी कर्मचारी से जानकारी प्राप्त करने, बाहरी कानूनी या अन्य पेशेवर सलाह प्राप्त करने और प्रासंगिक विशेषज्ञता के साथ बाहरी लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अधिकार होगा।

38. 31 मार्च 2022 को निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति की संरचना इस प्रकार है:

(क)	कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त) *निदेशक (कार्मिक)*	अध्यक्ष
(ख)	श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *[1]* अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	सदस्य
(ग)	श्री आर के दाश, *निदेशक (वित्त) और सीएफओ*	सदस्य
(घ)	श्री सुब्रतो घोष *मुख्य जोखिम अधिकारी*	सदस्य
(ङ)	श्री एस घोष चौधरी *जोखिम समन्वयक*	सदस्य सचिव

✓ - उपस्थित × - *अनुपस्थित* ला.न. - *लागू नहीं*

[1] 01 जनवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में सेवासमाप्त।

[2] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त।

[3] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।

39. जोखिम समन्वयक सदस्य और समिति के सचिव भी हैं।

40. वर्ष 2021-22 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की दो (2) बैठकें आयोजित की गईं। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति में सदस्यों की उपस्थिति नीचे दी गई है:

निदेशक का नाम	संबंधित निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक एवं उपस्थिति		उपस्थिति का%
	13 अगस्त 21	16 मार्च 22	
कमोडोर संजीव नैय्यर, भानौ (सेवानिवृत्त)*[1]* *निदेशक (पोत निर्माण)*	✓	लागू नहीं	100
कमोडोर हरि पीआर, *भानौ* (सेवानिवृत्त) *निदेशक (कार्मिक)*	✓	✓	100
श्री आर के दाश *निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ*	✓	✓	100
श्री विश्वप्रिया रॉय चौधरी *[2]* अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	✓	लागू नहीं	100
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *[3]* अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	लागू नहीं	✓	100
श्री सुब्रतो घोष *मुख्य जोखिम अधिकारी*	✓	✓	100
श्री एस घोष चौधरी *जोखिम समन्वयक*	✓	✓	100

✓ - उपस्थित × - *अनुपस्थित* ला.न. - *लागू नहीं*

[1] 01 जनवरी 2022 से प्रभावी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप सेवानिवृत्त।

[2] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में में सेवासमाप्त।

[3] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।

मंडल की अन्य समितियां

प्रोक्योरमेंट समिति

41. प्रोक्योरमेंट समिति को निम्नलिखित के संबंध में मंडल की पूर्ण शक्तियाँ प्रत्यायोजित की गई हैं:

(क) स्वीकृत परियोजनाओं के लिए सामग्री, उपकरण, टूल्स, स्टोर और पुर्जों की खरीद, रूसी स्रोतों सहित आयात, कार्यों की स्वीकृति, उप-अनुबंध और सुविधा किराया आदि के लिए आदेश देने के लिए ₹30 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों का अनुमोदन।

(ख) मंडल/सरकार द्वारा अनुमोदित पूंजीगत बजट में प्रदान की गई मदों के संबंध में ₹5 करोड़ से अधिक के पूंजीगत व्यय के प्रस्तावों का अनुमोदन।

(ग) प्रोक्योरमेंट समिति आपकी कंपनी के प्रोक्योरमेंट नियमावली, सीवीसी दिशानिर्देशों, सरकारी विनियमों आदि के अनुपालन में सभी प्रोक्योरमेंट प्रस्तावों की जांच करती है और ऐसे प्रस्तावों के लिए अपनी स्वीकृति देती है। प्रक्रियाओं से किसी भी विचलन की स्थिति में, समिति की सिफारिशों के साथ प्रस्ताव अनुमोदन के लिए मंडल के समक्ष रखा जाता है। तथापि, यदि समिति को लगता है कि किसी विशेष प्रस्ताव पर मंडल द्वारा विचार करने की आवश्यकता है, तो उसे समिति की सिफारिशों के साथ मंडल को प्रस्तुत किया जाता है।

(घ) प्रोक्योरमेंट समिति द्वारा अनुमोदित समस्त प्रोक्योरमेंट प्रस्तावों को मंडल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किया जाता है।

42. 28 फरवरी 2022 तक के अनुसार निदेशक मंडल की प्रोक्योरमेंट समिति की संरचना इस प्रकार है:

(क)	*रियर एडमिरल वीके सक्सेना, भानौ (सेवानिवृत्त) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक* [1]	अध्यक्ष
(ग)	श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक* [2]	सदस्य
(घ)	*कमोडोर हरि पीआर, भानौ* (सेवानिवृत्त) *निदेशक (कार्मिक)*	सदस्य
(ङ)	*श्री रमेश कुमार दाश निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ*	सदस्य

[1] 01 मार्च 2022 से प्रभावी कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

[3] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।

43. 31 मार्च 2022 तक के अनुसार निदेशक मंडल की प्रोक्योरमेंट समिति की संरचना इस प्रकार है:

(ख)	*कमोडोर हरि पीआर, भानौ* (सेवानिवृत्त), *अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (स्थानापन्न) और निदेशक (कार्मिक) [1]*	अध्यक्ष
(ग)	*श्री संजय दत्तात्रेय पणसे अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक [2]*	सदस्य
(ङ)	*श्री रमेश कुमार दाश निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ*	सदस्य

[1] 01 मार्च 2022 से प्रभावी समिति के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में नियुक्ति।

[2] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।

44. कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

45. प्रोक्योरमेंट समिति के अध्यक्ष मंडल की बैठक के दौरान प्रोक्योरमेंट समिति की टिप्पणियों के बारे में मंडल को अवगत कराते हैं।

46. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान प्रोक्योरमेंट समिति की चार (4) बैठकें हुईं। वित्तीय वर्ष 2021- 22 के दौरान प्रोक्योरमेंट समिति की बैठक में सदस्यों की उपस्थिति नीचे दी गई है:

निदेशक का नाम	संबंधित निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक एवं उपस्थिति				उपस्थिति का%
	07 मई 21	09 सितंबर 21	30 दिसंबर 21	16 मार्च 22	
रियर एडमिरल विपिन कुमार सक्सेना *[1]*	✓	✓	✓	लागू नहीं	100
श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव *[2]*	लागू नहीं	✓	×	लागू नहीं	50
श्री आर के दाश	✓	✓	✓	✓	100
कमोडोर हरि पी आर *[3]*	लागू नहीं	ना	ना	✓	100
कमोडोर संजीव नैय्यर *[4]*	✓	✓	✓	लागू नहीं	100
डॉ. विश्वप्रिया रॉयचौधरी *[5]*	✓	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	100
श्री संजय दत्तात्रेय पणसे *[6]*	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	✓	100

✓ - उपस्थित × - *अनुपस्थित* ला.न. - *लागू नहीं*

[1] 01 मार्च 2022 से प्रभावी कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त।

[2] 13 अगस्त 2021 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।
[3] 11 फरवरी 2022 से प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।
[4] 01 जनवरी 2022 प्रभावी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त।
[5] 15 अगस्त 2021 से प्रभावी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में सेवासमाप्त।
[6] 11 फरवरी 2022 प्रभावी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति।

समझौता ज्ञापन समिति

47. निदेशक मंडल की समझौता ज्ञापन समिति का गठन आपकी कंपनी और रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा करने के लिए किया गया था, जिसमें विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यमों के अपेक्षित एमओयू शर्तों और वार्षिक समझौता ज्ञापन प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा करना शामिल है।

48. कंपनी के मंडल में आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान समझौता ज्ञापन समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका। इसलिए समझौता ज्ञापन समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

परियोजना समीक्षा उप-समिति

49. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी के मंडल में पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण परियोजना समीक्षा उप-समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका। अत: वर्ष के दौरान कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

50. निदेशक मंडल की परियोजना समीक्षा उप समिति का गठन आपकी कंपनी की सभी परियोजनाओं की समीक्षा संरचित रीति से करने तथा सिस्टम के सुधार पर ध्यान देने तथा आधारिक संरचना को बढ़ाने के लिए किया गया है। समीक्षा करते समय समिति विलंब के कारणों का विश्लेषण करती है और उसमें सुधार लाने का उपाय खोजती है। समिति अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा मण्डल को समय समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

व्यापार रणनीति एवं क्षमता वृद्धि समिति

51. आपकी कंपनी की भविष्य की व्यावपारिक रणनीति तैयार करने के लिए, गतिविधियों के अपने क्षेत्रों का विस्तार करने हेतु, निर्यात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए, नए उत्पादों की पहचान करने के लिए जो कंपनी निर्माण और विपणन कर सकती है, नई तकनीकों को आत्मसात कर सकती है, संभावित सहयोग के लिए भागीदारों की पहचान कर सकती है और अत्याधुनिक की पहचान कर सकती है। जहाजों और अन्य उत्पादों आदि की गुणवत्ता में सुधार के लिए भारत और विदेशों से उपकरण और मशीनरी, मंडल उपरोक्त पहलुओं को देखने और आपकी कंपनी के व्यवसाय के लिए फायदेमंद पहलुओं पर मंडल को सलाह देने के लिए मंडल की एक व्यावसायिक रणनीति और क्षमता वृद्धि समिति का गठन करता है।

52. समिति को निम्नलिखित कार्य सौंपे गए हैं:

    (क) भावी वृद्धि के लिए व्यापार रणनीति तैयार करना।

    (ख) नए तकनोलोजी का अनुप्रेरण।

    (ग) उत्पादकता सुधार हेतु योजनाओं की पहचान करना।

    (घ) मूल आधारिक संरचना बढ़ोतरी/क्षमता वृद्धि को अंतिम रूप देना ताकि भावी व्यवसाय रणनीति को प्राप्त किया जा सके और पोतनिर्माण कौशल को उन्नत किया जा सके।

53. समिति की सिफारिशों को विचार और अनुमोदन के लिए मंडल के समक्ष रखा जाता है।

54. कंपनी के मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान व्यापार रणनीति और क्षमता वृद्धि समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका और समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

विधि समिति

55. निदेशक मंडल की विधि समिति का गठन कंपनी के कराधान मामलों के अलावा विधि मामलों की समीक्षा, निगरानी और उचित कार्रवाई हेतु सुझाव देने के लिए की गई।

56. कंपनी के मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपलब्धता के कारण वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान मंडल विधि समिति का पुनर्गठन नहीं कर सका। इसलिए समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक

57. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) होने के नाते, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, जिसमें कार्यकाल, पारिश्रमिक पैकेज और नियुक्ति के अन्य नियम और शर्तों को दर्शाया जाता है। कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति आमतौर पर पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से या उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, 5 साल की अवधि के लिए की जाती है। अनुबंध की अवधि से पहले सेवा छोड़ने की स्थिति में नोटिस अवधि 3 महीने है या नोटिस अवधि के अभाव में 3 महीने का वेतन माफ किया जा सकता है।

58. आपकी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों को ऐसे पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है जो भारत के राष्ट्रपति के द्वारा में समय-समय पर निर्धारित किए जाते है। मंडल स्तर के अधिकारियों के वेतन और भत्तों का भुगतान उपरोक्त विषय पर सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशा-निर्देशों की नियुक्ति की शर्तों और जीआरएसई के नियमों के अनुसार अन्य लाभों और अनुलाभों के अनुसार किया जाता है। मंडल स्तर से नीचे के अधिकारियों गैर यूनियनकृत पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार और प्रशासनिक मंत्रालय यानी रक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है। कंपनी के सभी कर्मचारियों के लिए लागू नीति के अनुसार कंपनी के कर्मचारियों के रूप में पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशकों को प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन यानी प्रदर्शन संबंधित वेतन (पीआरपी) देय हैं।

59. वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों के पारिश्रमिक का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ लाख में)

निदेशक का नाम	वेतन*	अनुलाभ	पीएफ/ग्रेच्युटी/ पेंशन में कंपनी का योगदान	प्रदर्शन से संबंधित भुगतान	कुल
रियर एडमिरल वीके सक्सेना, भानौ (सेवानिवृत्त) [1] *अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक*	42.75	0.79	15.25	2.64	**61.43**
कमोडोर एस नैयर, भानौ (सेवानिवृत्त) [2] *निदेशक (पोत निर्माण)*	29.90	3.34	4.73	2.05	**40.02**
कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त) *निदेशक (कार्मिक)*	42.06	6.49	6.22	1.64	**56.41**
श्री रमेश कुमार दाश निदेशक (वित्त) और सीएफओ	31.88	2.91	4.74	-	**39.53**

** वेतन में बकाया शामिल है*

[1] कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में 28 फरवरी 2022 को कार्यकाल पूरा किया

[2] 01 जनवरी 2022 को कंपनी के निदेशक पोत निर्माण के रूप में सेवानिवृत्त

60. वर्ष के दौरान, कंपनी द्वारा पूर्णकालिक निदेशकों को कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किया गया था।

अंशकालिक निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक

हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मत प्रकट करना है। हमने आईसीएआई द्वारा जारी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के लिए लागू सीमा तक, वित्तीय रिपोर्टिंग ("मार्गदर्शी टिप्पणी") पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी तथा लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसरण में अपनी लेखा परीक्षा संचालित की। इन मानकों और मार्गदर्शी टिप्पणी की यह अपेक्षा है कि हम नीतिपरक आवश्यकताओं का पालन करें और उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना बनाएं कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया गया और उसे बनाए रखा गया और क्या सभी सामग्री में यह नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्य कर रहा था।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की सटीकता के बारे में लेखा परीक्षा प्रमाण प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रिया और प्रचालन प्रभावकारिता निहित है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना, विद्यमान मैटीरियल वीकनेस के जोखिम का आकलन तथा आकलित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन एवं प्रचालन प्रभावोत्पादकता का परीक्षण एवं आकलन शामिल किया गया। चयन की गई प्रक्रियाएँ लेखा परीक्षकों के निर्णय पर आधारित हैं, जिसमें चाहे जालसाजी अथवा त्रुटि के कारण ही वित्तीय विवरणों की गलत बयानबाजी के जोखिम का आकलन शामिल है।

हमें विश्वास है कि लेखा परीक्षा प्रमाण जिसे हमने प्राप्त किया है, वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारे लेखा परीक्षा मत हेतु एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो:

(1) उन रिकार्डों के रखरखाव, जो कंपनी की परिसंपत्ति के लेनदेन और निपटान का सही और सटीक विवरण प्रस्तुत करते हो;

(2) सही रूप से सुनिश्चित करते हो कि लेनदेन को यथा आवश्यक रिकॉर्ड किया गया है ताकि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसरण में वित्तीय विवरणों कों तैयार करने के लिए अनुमति दी जा सके और यह, कि केवल प्रबंधन प्राधिकारों तथा कंपनी के निदेशकों के अनुसरण में ही कंपनी की प्राप्तियों और व्ययों कों परिचालित किया जा रहा है; और

(3) कंपनी की परिसंपत्ति के अप्राधिकृत अधिग्रहण से बचाव अथवा समय पर पता लगाने, प्रयोग अथवा निपटान, जिसका वित्तीय विवरणों पर मैटीरियल प्रभाव पर सकता है, के बारे में सही रूप से सुनिश्चित किया जा रहा है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत की संभावना या नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन ओवरराइड शामिल हैं, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण सामग्री गलत विवरण हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर बिगड़ सकता है।

राय

हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, सभी संदर्भों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त है और 31 मार्च 2022 के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी रूप से परिचालित हुआ है, जो आईसीएआई द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण पर अनिवार्य कम्पोनेंट को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित है।

कृते **मुखर्जी बिश्वास एवं पाठक**
सनदी लेखापाल
फर्म पंजीकरण संख्या 301138E

हस्ता/-
(सुर्दशन मुखर्जी)
साझेदार
सदस्यता संख्या 059159
आईसीएआई यूडीआईएन: 22059159AJODXZ2847

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 25 मई, 2022

अनुलग्नक- सी स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के लिए

क्र.सं.	नीति	लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां
1	क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए सिस्टम है? यदि हाँ, लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के निहितार्थ, आईटी प्रणाली साथ-साथ खातों की अखंडता के बाहर लेखांकन लेनदेन का वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हो तो उसके बारे में बताया जाए।	हां, कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने की प्रणाली है और आईटी प्रणाली के बाहर कोई भी लेखांकन लेनदेन संसाधित नहीं किया जाता है। इसलिए, वित्तीय निहितार्थ के साथ-साथ खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने का कोई निहितार्थ उत्पन्न नहीं होता है।
2	क्या मौजूदा ऋण की कोई पुनर्रचना है और कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा कंपनी को दिए गए ऋणों/ऋणों/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने के मामले हैं? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव के बारे में बताया जाए। क्या ऐसे मामलों का ठीक से हिसाब लगाया जाता है? (यदि ऋणदाता एक सरकारी कंपनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के लिए भी लागू होता है)	मौजूदा ऋण की पुनर्रचना का कोई उदाहरण नहीं है और कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण कंपनी को किसी भी ऋणदाता द्वारा किए गए ऋणों/ऋणों/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने का कोई मामला नहीं है। अतः उपरोक्त कारणों से वित्तीय प्रभाव उत्पन्न नहीं होता है।
3	क्या केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजना के लिए प्राप्त धनराशि ली गई थी /प्राप्त की गई थी या उसके नियमों और शर्तों के अनुसार उसका उचित उपयोग किया गया था? विचलन के मामलों की सूची बनाएं।	वित्तीय वर्ष 2021-22 में कंपनी द्वारा केंद्र/सरकार या उसकी एजेंसियों से विशिष्ट योजना के लिए किसी भी राशि की प्राप्तियों/प्राप्तियों का ऐसा कोई मामला हमारे संज्ञान में नहीं आया है, और न ही हमें ऐसी किसी भी राशि की प्राप्तियों/प्राप्तियों की सूचना मिली है।

कृते **मुखर्जी बिश्वास एवं पाठक**
सनदी लेखापाल
फर्म पंजीकरण संख्या 301138E

हस्ता/-
(सुर्दशन मुखर्जी)
साझेदार
सदस्यता संख्या 059159
आईसीएआई यूडीआईएन: 22059159AJODXZ2847

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 25 मई, 2022

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) (ख) के तहत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता के 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के वित्तीय- विवरण पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पिणियां।

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसरण में 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता का वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की दायित्व है। अधिनियम की धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक अधिनियम की धारा 143 के तहत इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं जो अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्धारित लेखा परीक्षण के मानकों के अनुसरण में स्वतंत्र लेखा परीक्षण पर आधारित है। इसके किए जाने का उल्लेख उनके द्वारा उनकी दिनांक 25 मई 2022 लेखा परीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143 (6)(ए) के तहत 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए गार्डन रिच **शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड,**कोलकाता के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा संचालित की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षकों के कार्यकारी कागजातों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और मुख्यत: सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा कंपनी कार्मिकों की जांच और कुछ लेखांकन रिकार्डों की चयनित जांच तक सीमित है।

अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर मेरे संज्ञान में कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं आया है जो अधिनियम की धारा 143 (6) (बी) के तहत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर या अनुपूरक की पेशकश करने के लिए आगे कोई टिप्पणी नहीं है।

कृते भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

(संतोष कुमार, आईए एवं एएस)
प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड, बेंगलूर

बेंगलूर
दिनांक: 28 जुलाई 2022

तुलन पत्र
31 मार्च 2022 के अनुसार

(लाख रू में)

विवरण	नोट स.	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
परिसंपत्ति			
(1) निवर्तमान परिसंपत्ति			
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	3		
(i) आरओयू के अलावा संपत्ति, संयंत्र और उपकरण		48,295.69	33,107.79
(ii) परिसंपत्ति उपयोग का अधिकार (आरओयू)		1,161.04	389.63
(ख) चल रहे पंजीगत कार्य	4	965.98	15,129.72
(ग) अमूर्त परिसंपत्ति	5	608.69	522.86
(घ) वित्तीय परिसंपत्ति			
(i) निवेश	6(a)	0.44	0.44
(ii) अन्य वित्तीय परिसंपत्ति	6(b)	1,14,126.63	69,455.90
(ङ) निवर्तमान कर परिसंपत्ति	7	15,393.76	11,714.77
(च) अन्य निवर्तमान परिसंपत्ति	8	10.78	254.30
कुल निवर्तमान परिसंपत्ति		**1,80,563.01**	**1,30,575.41**
(2) वर्तमान परिसंपत्ति			
(क) वस्तुसूचियाँ	9	1,17,226.80	78,787.45
(ख) वित्तीय परिसंपत्ति			
(i) वर्तमान निवेश	10(a)	19,667.82	82,581.96
(ii) ट्रेड प्राप्तियाँ	10(b)	15,494.33	17,813.74
(iii) नकद एवं नकद समतुल्य	10(c)	971.26	932.05
(iv) उपरोक्त (iii) के अतिरिक्त बैंक शेष	10(d)	2,54,802.63	2,27,185.14
(v) अन्य वित्तीय परिसंपत्ति	10(e)	12,751.30	14,380.03
(ग) अन्य वर्तमान परिसंपत्ति	11	1,62,036.32	1,26,021.92
(घ) बिक्री के लिए रखी गई के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्ति	12	45.87	43.39
कुल वर्तमान परिसंपत्ति		**5,82,996.33**	**5,47,745.68**
कुल परिसंपत्ति		**7,63,559.34**	**6,78,321.09**
इक्विटी एवं देयताएँ			
इक्विटी			
(क) इक्विटी शेयर पूंजी	13(a)	11,455.20	11,455.20
(ख) अन्य इक्विटी	13(b)	1,14,333.87	1,02,256.56
कुल इक्विटी		**1,25,789.07**	**1,13,711.76**
देयताएँ			
(1) निवर्तमान देयताएँ			
(क) वित्तीय देयताएँ			
(i) लीज देयताएँ		973.54	200.89
(ii) ट्रेड देय	14		
(क) सूक्ष्म उद्धमों और लघु उद्धमों का कुल बकाया शेष		-	-
(ख) सूक्ष्म उद्धमों और लघु उद्धमों के अलावा कुल बकाया शेष		818.92	722.78
(ख) प्रावधान	15	8,907.43	8,286.66
(ग) आस्थगित कर देयताएँ (शुद्ध)	16	1,078.13	550.87
कुल निवर्तमान देयताएँ		**11,778.02**	**9,761.20**
(2) वर्तमान देयताएँ			
(क) वित्तीय देयताएँ			
(i) लीज देयताएँ		146.88	168.43
(ii) ट्रेड देय			
(क) सूक्ष्म उद्धमों और लघु उद्धमों का कुल बकाया शेष	17(a)	228.52	95.36
(ख) सूक्ष्म उद्धमों और लघु उद्धमों के अलावा कुल बकाया शेष	17(a)	40,940.31	78,176.14
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	17(b)	2,393.35	2,234.24
(ख) अन्य वर्तमान देयताएँ	18	5,65,676.92	4,57,982.07
(ग) प्रावधान	19	16,606.27	16,191.89
कुल वर्तमान देयताएँ		**6,25,992.25**	**5,54,848.13**
कुल इक्विटी एवं देयताएँ		**7,63,559.34**	**6,78,321.09**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ			
कंपनी सूचना और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	1		
महत्वपूर्ण अनुमान और निर्णय	2		

सहनोट्स 1 से 55 वित्तीय विवरणों के अभिन्न भाग हैं।

हमारी उसी दिन की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार।

कृते मुखर्जी बिस्वास एवं पाठक
सनदी लेखाकार
फ़र्म पंजीकरण संख्या - 301138E
हस्ता./-
(सीए. सुदर्शन मुखर्जी)
साझेदार
सदस्यता सं. - 059159

हस्ताक्षर स्थान: कोलकाता
दिनांक 25 मई, 2022

कृते निदेशक मण्डल
हस्ता./-
कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (स्थानापन्न)
डीआईएन - 08591411
हस्ता./-
आर.के.दाश
निदेशक (वित्त)एवं सीएफ़ओ
डीआईएन - 08511344
हस्ता./-
एस. महापात्र
कंपनी सचिव
ए सी एस. 10992

लाभ एवं हानि का विवरण

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए

(लाख रू में)

विवरण	नोट सं.	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष
प्रचालनों से राजस्व	20	1,75,751.37	1,14,083.53
अन्य आय	21	16,065.38	18,572.35
कुल आय		**1,91,816.75**	**1,32,655.88**
व्यय			
खपत किए गए मालों की लागत	22(a)	93,520.37	44,724.89
पुन: बिक्री (बी एवं डी स्पेयर्स) हेतु उत्पादों का क्रय		836.50	2,392.27
चालू कार्य और स्क्रैप की वस्तुसूची में परिवर्तन	22(b)	38.71	1,132.90
उप संविदा प्रभार		25,459.35	12,992.60
कर्मचारी अनुलाभ व्यय	23	29,028.60	26,938.04
वित्त लागत	24	76.41	68.19
मूल्यह्रांस एवं परिशोधन व्यय	25	3,571.01	2,908.76
परियोजना संबंधित - अन्य व्यय	26	2,348.80	7,531.11
अन्य व्यय	27	10,444.30	11,180.44
कुल व्यय		**1,65,324.05**	**1,09,869.20**
असाधारण वस्तु एवं कर पूर्व लाभ		**26,492.70**	**22,786.68**
असाधारण वस्तु	28	(768.54)	(2,074.94)
कर पूर्व लाभ		**25,724.16**	**20,711.74**
कर व्यय	29(a)		
- वर्तमान कर		6,282.00	5,887.11
- आस्थगित कर		489.48	(522.49)
कुल कर व्यय		**6,771.48**	**5,364.62**
वर्ष के लिए लाभ		**18,952.68**	**15,347.12**
अन्य व्यापक आय			
वे मदें जो लाभ व हानि के लिए पुन: वर्गीकृत नहीं होंगे			
- परिभाषित लाभ योजनाओं का पुन: निर्धारण		150.08	475.10
-उपरोक्त मदों से संबंधित आयकर		(37.78)	(119.58)
वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय, शुद्ध कर		**112.30**	**355.52**
वर्ष हेतु कुल व्यापक आय		**19,064.98**	**15,702.64**
प्रति इक्विटी शेयर आय:			
(प्रति शेयर अंकित मूल्य 10 रु.)			
प्रति शेयर मूल एवं डाइल्यूटेड आय		16.55	13.40
कंपनी सूचना और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	1		
महत्वपूर्ण अनुमान और निर्णय	2		

सहनोट्स 1 से 55 वित्तीय विवरणों के अभिन्न भाग हैं।

हमारी उसी दिन की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार।

कृते मुखर्जी बिस्वास एवं पाठक
सनदी लेखाकार
फ़र्म पंजीकरण संख्या - 301138E
हस्ता./-
(सीए. सुदर्शन मुखर्जी)
साझेदार
सदस्यता सं. - 059159

हस्ताक्षर स्थान: कोलकाता
दिनांक 25 मई, 2022

कृते निदेशक मण्डल
हस्ता./-
कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (स्थानापन्न)
डीआईएन - 08591411
हस्ता./-
आर.के.दाश
निदेशक (वित्त)एवं सीएफ़ओ
डीआईएन - 08511344
हस्ता./-
एस. महापात्र
कंपनी सचिव
ए सी एस. 10992

नकदी प्रवाह विवरण

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए

(लाख रू में)

विवरण	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष		31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष	
क. परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह:				
कराधान से पूर्व लाभ		25,724.16		20,711.74
के लिए समायोजन -				
ब्याज आय		(13,019.00)		(15,268.23)
अवास्तविक उचित मूल्य लाभ (शुद्ध)		(421.70)		(317.96)
परिभाषित लाभ योजना के पुनर्माप पर बीमांकिक लाभ/हानि		112.30		355.52
मूल्यह्रान्स और परिशोधन व्यय		3,629.60		2,908.76
परिसंपत्तियों - की रिटायरमेंट/राइटऑफ - निवल		(28.22)		(153.97)
वित्त लागत		76.41		68.19
विदेशी विनिमय में उतार-चढ़ाव का अवास्तविक हानि/(लाभ)		(44.90)		(86.47)
परिसमापन हर्जाना रिटेन बेक		-		(339.70)
देयताएं जो रिटेन बेक की आवश्यकता नहीं है।		(654.55)		894.93
कार्यकारी पूंजी परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ		**15,374.10**		**8,772.81**
कार्यकारी पूंजी में परिवर्तन के लिए समायोजन :				
व्यापार और अन्य प्राप्यों में (अभिवृद्धि)/ह्रास	2,741.11		36,032.22	
अन्य वित्तीय परिसंपत्ति में (अभिवृद्धि)/ह्रास (वर्तमान एवं गैर-वर्तमान)	(43,042.00)		(55,442.76)	
अन्य गैर वर्तमान परिसंपत्ति में (अभिवृद्धि)/ह्रास	(3,435.47)		2,499.01	
अन्य वर्तमान परिसंपत्ति में (अभिवृद्धि)/ह्रास	(36,014.40)		(30,203.48)	
बिक्री (वर्तमान परिसंपत्ति) के लिए धारित परिसंपत्ति मे (अभिवृद्धि)/ह्रास	(2.48)		9.43	
वस्तुसूचियों में (अभिवृद्धि)/ह्रास	(38,439.35)		(34,685.23)	
व्यवसाय देनदारियों में (अभिवृद्धि)/ह्रास	(36,210.53)		23,528.80	
प्रावधान में(अभिवृद्धि)/ह्रास	1,689.70		1,001.96	
अन्य वित्तीय देनदारियों में(अभिवृद्धि)/ह्रास	159.11		(23.74)	
अन्य वर्तमान देनदारियों में (अभिवृद्धि)/ह्रास	1,07,813.20		1,05,806.12	
अन्य गैर-वर्तमान देनदारियों (आस्थगित कर देयता) में (अभिवृद्धि)/ह्रास	527.26	(44,213.85)	(402.91)	48,119.41
परिचालनों से अर्जित (प्रयुक्त) नकदी		**(28,839.75)**		**56,892.22**
प्रदत करों (शद्ध धन वापसी)		(6,771.48)		(5,364.62)
परिचालनात्मक गतिविधियों से (में प्रयुक्त) निवल नकदी		**(35,611.23)**		**51,527.60**
ख. निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह				
संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का क्रय (अमूर्त और पंजीगत चालू कार्य सहित)	(5,482.78)		(16,384.40)	
म्यूचुअल फंड में निवेश (निवल)	62,914.14		(77,181.53)	
सावधि जमा में निवेश (निवल)	(27,617.49)		(38,975.76)	
प्राप्त ब्याज	13,019.00	42,832.87	15,268.23	(1,17,273.46)
निवेश गतिविधियों से (में प्रयुक्त) निवल नकदी		**42,832.87**		**(1,17,273.46)**

विवरण	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष
ग. वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह:		
ब्याज	(13.79)	(28.34)
लीज किराया का प्रमुख घटक	(118.35)	(162.67)
लीज किराया का ब्याज घटक	(62.62)	(39.85)
प्रदत लाभांश	(1317.35)	(1603.73)
अन्तरिम लाभांश	(5670.32)	(4410.25)
वित्तीय गतिविधियों से (में प्रयुक्त) निवल नकद	**(7,182.43)**	**(6,244.84)**
नकद और नकद समकक्षों में निवल (अभिवृद्धि)/ह्रास	**39.21**	**(71,990.70)**
अवधि की शुरुआत में नकद और नकद समकक्ष ओपेनिंग	**932.05**	**72,922.75**
अवधि की शुरुआत में नकद और नकद समकक्ष क्लोसिंग	**971.26**	**932.05**

1. उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरण कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमों, 2015 के तहत यथा अधिसूचित नकदी प्रवाह विवरण के भारतीय लेखांकन मानक-7 में यथा निर्धारित "अप्रत्यक्ष विधि" के अतंर्गत तैयार किए गए हैं। .
2. नकद एवं नकद समतुल्य में ऐसी कोई राशि शामिल नहीं है जो कंपनी के उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं है।
3. तुलन पत्र तिथि के अनुसार नकद एवं नकद समतुल्य में निहित हैं:

विवरण	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष
बैंकों में शेष राशी		
चालू खाता	971.25	932.05
हस्तगत नकदी	0.01	-
नकद और नकद समकक्ष	**971.26**	**932.05**

4. ब्रैकेटों में दिया गया आकंड़ा संबंधित गतिविधियों से नकदी प्रवाह का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सहनोट्स 1 से 55 वित्तीय विवरणों के अभिन्न भाग हैं ।

हमारी उसी दिन की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार।

कृते मुखर्जी बिस्वास एवं पाठक
सनदी लेखाकार
फ़र्म पंजीकरण संख्या - 301138E
हस्ता./-
(सीए. सुदर्शन मुखर्जी)
साझेदार
सदस्यता सं. - 059159

हस्ताक्षर स्थान: कोलकाता
दिनांक 25 मई, 2022

कृते निदेशक मण्डल
हस्ता./-
कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (स्थानापन्न)
डीआईएन - 08591411
हस्ता./-
आर.के.दाश
निदेशक (वित्त)एवं सीएफ़ओ
डीआईएन - 08511344
हस्ता./-
एस. महापात्र
कंपनी सचिव
ए सी एस. 10992

इक्विटी मे परिवर्तन का विवरण

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए

क. इक्विटी शेयर कैपिटल

(लाख रु.में)

1 अप्रैल, 2021 तक के अनुसार राशि	पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	1 अप्रैल,2021 को शेष राशि पुन:प्रस्तुत किया गया	वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार राशि
11,455.20	-	11,455.20	-	11,455.20

(लाख रु.में)

1 अप्रैल, 2020 तक के अनुसार राशि	पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	1 अप्रैल,2021 को शेष राशि पुन:प्रस्तुत किया गया	वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार राशि
11,455.20	-	11,455.20	-	11,455.20

ख. अन्य इक्विटी

(लाख रु.में)

विवरण	आरक्षित और अधिशेष			कुल
	पूंजी रिडेम्प्शन आरक्षित	आम रिजर्व	प्रतिधारित आय	
1 अप्रैल, 2021 तक के अनुसार शेष राशि	**928.80**	**6,064.86**	**95,262.90**	**1,02,256.56**
वर्ष (क) के लिए लाभ	-	-	18,952.68	18,952.68
वर्ष (ख) के लिए अन्य विस्तृत आय	-	-	112.30	112.30
(क+ ख) वर्ष हेतु कुल विस्तृत आय	-	-	19,064.98	19,064.98
प्रदत लाभांश (नोट 13 (ख)का संदर्भ लें)	-	-	(1,317.35)	(1,317.35)
अंतरिम प्रदत लाभांश (नोट 13 (ख)का संदर्भ लें)			(5,670.32)	(5,670.32)
31 मार्च, 2022 तक के अनुसार शेष राशि	**928.80**	**6,064.86**	**1,07,340.21**	**1,14,333.87**

(लाख रु.में)

विवरण	आरक्षित और अधिशेष			कुल
	पूंजी रिडेम्प्शन आरक्षित	आम रिजर्व	प्रतिधारित आय	
1 अप्रैल, 2020 तक के अनुसार शेष राशि	928.80	6,064.86	85,574.24	92,567.90
वर्ष (क) के लिए लाभ	-	-	15,347.12	15,347.12
वर्ष (ख) के लिए अन्य विस्तृत आय	-	-	355.52	355.52
(क+ ख) वर्ष हेतु कुल विस्तृत आय	-	-	15,702.64	15,702.64
प्रदत लाभांश (नोट 13 (ख)का संदर्भ लें)	-	-	(1,603.73)	(1,603.73)
अंतरिम प्रदत लाभांश (नोट 13 (ख)का संदर्भ लें)	-	-	(4,410.25)	(4,410.25)
31 मार्च, 2021 तक के अनुसार शेष राशि	**928.80**	**6,064.86**	**95,262.90**	**1,02,256.56**

नोट:

परिभाषित कर्मचारी लाभ योजनाओं (कर का शुद्ध) के पुनर्निमाधारण पर 112.30 लाख रुपये और 355.52 लाख रुपये के लाभ को क्रमशः 31 मार्च, 2022 और 2021 को समाप्त वर्षों के लिए बरकरार आय के एक हिस्से के रूप में मान्यता दी जाती है।

सह नोट्स 1 से 55 वित्तीय विवरणों के अभिन्न भाग हैं|

हमारी उसी दिन की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार।

कृते मुखर्जी बिस्वास एवं पाठक
सनदी लेखाकार
फ़र्म पंजीकरण संख्या - 301138ई
हस्ता./-
(सीए. सुदर्शन मुखर्जी)
साझेदार
सदस्यता सं. - 059159

हस्ताक्षर स्थान: कोलकाता
दिनांक 25 मई, 2022

कृते निदेशक मण्डल
हस्ता./-
कमोडोर हरि पीआर, भानौ (सेवानिवृत्त)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (स्थानापन्न)
डीआईएन - 08591411
हस्ता./-
आर.के.दाश
निदेशक (वित्त)एवं सीएफ़ओ
डीआईएन - 08511344
हस्ता./-
एस. महापात्र
कंपनी सचिव
ए सी एस. 10992

वित्तीय विवरणों के भाग का निर्माण करने वाले नोट्स

नोट 1: कंपनी का विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

नोट 1.1: कंपनी का विवरण

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई लिमिटेड' या 'कंपनी') को 26 फरवरी, 1934 को निगमित किया गया था। कंपनी, भारत में अधिवासित है जिसका पंजीकृत कार्यालय जीआरएसई, भवन, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700024 में है। कंपनी मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध है। कंपनी मुख्य रूप से युद्धपोतों का निर्माण करती है।

नोट 1.2: महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

(क) तैयारी का आधार

(i) अनुपालन का विवरण

इन वित्तीय विवरणों को कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 133 के साथ-साथ कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित संशोधित और अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार निगमित मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानकों (यहाँ इसके बाद से इसे 'इंड एएएस' के रूप में संदर्भित) के अनुसार तैयार किया गया है।

लेखांकन नीतियों को वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों में लगातार लागू किया जाता है।

(ii) ऐतिहासिक लागत कन्वेंशन

वित्तीय विवरणों को निम्नलिखित को छोडकर ऐतिहासिक लागत आधार पर तैयार किया गया है:

क) कुछ वित्तीय परिसंपत्तियां और देनदारियां जिन्हें उचित मूल्य पर मापा गया है;

ख) बिक्री के लिए रखी गई परिसंपत्तियां – जिन्हें कम वहन राशि या उचित मूल्य घटाव बेचने के लागत आधार पर मापा गया है;

ग) परिभाषित लाभ योजनाएं - उचित मूल्य पर मापी गई परिसंपत्तियां।

(iii) वर्तमान बनाम गैर-वर्तमान वर्गीकरण

तुलन पत्र में परिसंपत्तियां और देनदारियाँ, वर्तमान/गैर-वर्तमान वर्गीकरण पर आधारित है।

परिसंपत्तियां और देनदारियाँ का वर्गीकरण, जहां कहीं लागू होने योग्य, कंपनी की विभिन्न व्यावसायिक क्रियाकलापों के सामान्य संचालन चक्रों पर आधारित होते हैं, जो निम्नानुसार है:

(क) पोत निर्माण और पोत की मरम्मत और रिफिट गतिविधियों के मामले में, सामान्य संचालन चक्र पर पोत के अनुसार अनुबंध की प्रभावी तारीख से लेकर गारंटी अवधि की समाप्ती तिथि तक की कुल समयावधि मानी जाती है।

(ख) अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के मामले में, सामान्य संचालन चक्र 12 महीने का होता है।

एक संपत्ति को वर्तमान परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब :

i. सामान्य संचालन चक्र में बेचे जाने या उपभोग किए जाने का साकार या इरादा की उम्मीद है,

ii. इसे मुख्य रूप से ट्रेडिंग के उद्देश्य के लिए रखा जाता है,

iii. इसे प्रतिवेदन अवधि के पश्चात बारह महीनों के भीतर निपटाय जाने की उम्मीद होती है, या

iv. नकद या नकद समकक्ष जब तक की प्रतिवेदन अवधि के पश्चात कम से कम बारह महीने के लिए एक विनिमय किए जाने या देयता का निपटान करने से प्रतिबंधित न हो।

अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर-वर्तमान परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

एक देनदारी को वर्तमान देनदारी के रूप में वर्गीकृत किया जाता जब यह :

i. इसका निपटान, सामान्य संचालन चक्र में किए जाने की उम्मीद होती है,

ii. इसे मुख्य रूप से ट्रेडिंग के उद्देश्य के लिए रखा जाता है,

iii. इसका निपटान, प्रतिवेदन अवधि के बाद, या बारह महीनों के भीतर किए जाने के लिए निर्धारित होता है

iv. प्रतिवेदन अवधि के पश्चात कम से कम बारह महीने के लिए देनदारी के निपटान को आस्थगित करने का कोई शर्त रहित अधिकार नहीं है।

अन्य सभी देनदारियों को गैर-वर्तमान के रूप में माना जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और देनदारियों को गैर-वर्तमान परिसंपत्तियों और देनदारियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(iv) राशियों को निकटतम मान में बदलना

वित्तीय विवरणों और नोट्स में उल्लिखित सभी राशियों को अनुसूची III, की आवश्यकता के अनुसार जब तक किसी अन्य प्रकार से कुछ न कहा जाएं, निकटतम लाख में बदल दिया गया है।

(v) क्रियाशील और प्रस्तुति मुद्रा

वित्तीय विवरणों को भारतीय रूपये में प्रस्तुत किया गया है जो कंपनी की क्रियाशील मुद्रा है।

(ख) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

I. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को यदि कोई हो तो, लागत, कम संचित मूल्यह्रांस और हानि में दर्शाया गया है।

(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत, शेष तुलन पत्र तिथि पर उनके इच्छित उपयोग के लिए तैयार नहीं है। इसका खुलासा चालू पूंजीगत कार्य रूप में किया गया है। इसमें सप्लाई कम इरेक्श्न कांट्रैक्ट, साइट पर प्राप्त पूंजी आपूर्ति का मूल्य और स्वीकृत, पारगमन में पूंजीगत सामान और निरीक्षण तथा संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत शामिल है जो अभी तक उनके इच्छित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं।

(ii) लागत का मतलब है कि व्यापार मूल्य में छूट के बाद नकद मूल्य के रूप में मानी जाने वाली खरीद मूल्य, छूट और जुडने वाले शुल्क, गैर-वापसी योग्य करों और लागतों को सीधे उपयोग के लिए उपलब्ध परिसंपत्ति बनाने के लिए दायित्व, संयंत्र और उपकरण के पार्ट को बदलने की लागत, यदि मान्यता मानदंड पूरे किए जाते हैं तो दीर्घकालिक परियोजनाओं के लिए उधार लागत।

(iii) जब कोई प्रमुख निरीक्षण किया जाता है, तब यदि मान्यता मानदंड संतोषजनक हो तो इसकी लागत को संयंत्र और उपकरण की वहन राशि के रूप में मान्यता दी जाती है। अन्य सभी मरम्मत और रखरखाव लागतों को लाभ या हानि में व्यय के रूप में पहचान की जाती है।

(iv) जहां संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत महत्वपूर्ण है और इनका उपयोगी जीवन अलग-अलग है, वहाँ उन्हें अलग-अलग घटक के रूप में माना जाता है और उनके अनुमानित उपयोगी जीवन पर अवमूल्यन किया जाता है।

(v) व्यक्तिगत रूप से 5000/- रुपये या उससे कम की संपत्ति में वृद्धि का उपयोग के लिए उपलब्ध होने पर वर्ष में 100% पर मूल्यह्रास किया जाता है।

(vi) मुख्य संपत्ति के साथ खरीदे गए पुर्जों को उस संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन पर मूल्यह्रास किया जाता है

इंड एएस में रूपान्तरण

इंड एएस में रूपांतरित होने पर, कंपनी ने पिछले जीएएपी (भारतीय जीएपीपी) के 1 अप्रैल, 2015 तक के अनुसार मापे गए अपनी मान्य सभी संपत्तियों, संयंत्रों और उपकरणों के वहन मूल्य को जारी रखने और उस वहन को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मानी गई लागत के रूप में इस्तेमाल करने का विकल्प चुना है।

(ii) सेवानिवृत्ति और विमान्यता: संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद की वहन राशि को निपटान पर या जब इसके उपयोग या निपटान से कोई भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं होती है तो उसे विमान्य किया जाता है। किसी मद के विमान्यता/ निवृत्ति की समाप्ति से उत्पन्न होने वाले लाभ/हानि को प्रतिवेदन अवधि के लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया गया है।

(iii) संयुक्त रूप से वित्तपोषित परिसंपत्तियाँ

सम्पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बाहरी एजेंसियों के वित्तीय सहयोग से प्राप्त संयंत्र और उपकरण को सकल मूल्य पर पूंजीकृत किया जाता है।

इंड एएएस में रूपांतरित होने पर, कंपनी ने इंड एएएस 101 के अंतर्गत छूट का विकल्प चुना है। इसलिए, संयंत्र और उपकरण जिन्हें पूंजीकृत किया गया था, कंपनी की शुद्ध लागत को उनके शुद्ध मूल्य से अग्रेनित किया गया है। 1 अप्रैल 2015 से ऐसी परिसंपत्तियों से किए गए किसी संयोजन को सकल मूल्य में प्रकट किया गया है और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के उपयोगी जीवनकाल में परिशोधित कर दिया गया है।

(iv) मूल्यह्रांस की विधियाँ, अनुमानित उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्य:

निम्नलिखित वस्तुओं को छोड़कर, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में उल्लिखित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर, उपयोग की अवधि के अनुपात में, सीधी रेखा विधि के अंतर्गत, मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है, जहां तकनीकी आकलन के आधार पर

अनुमानित उपयोगी जीवनकाल, पूर्व प्रवृत्तियाँ और प्रत्याशित उपयोगी जीवनकाल, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II से अलग है:

परिसंपत्ति की श्रेणी	विवरण	वर्ष
संयंत्र और उपकरण	गोलियथ क्रेन (250 टन क्षमता)	**25**
संयंत्र और उपकरण	हैंड पावर टूल्स जैसे ग्राइंडर, चिपर, ड्रिलिंग मशीनें; कसने वाले टूल्स जैसे बोतल पेंच, कीलक और गोफन, उत्तोलक/ जंजीर-चरखी ब्लॉक, हुक बेड़ियाँ, मापने और जाचने वाला उपकरण	**08**
संयंत्र और उपकरण	विविध औज़ार/सामग्रियाँ और उनके उपसाधन; वेल्डिंग टॉर्च, गेस टॉर्च, पोर्टबल इलेक्ट्रोड चूल्हा, मास्क और हेलमेट; छोटे-छोटे यंत्र, मापन/नियंत्रण उपकरण	**05**
फर्नीचर और फिक्सचर	सभी इलेक्ट्रिकल/विद्युत उपकरण जैसे रेफ्रीजेटर, एमडबल्यू/अन्य चूल्हे, टीवी सेट/मनोरंजन सिस्टम/ गीजर/वाटर हीटर,वाटर प्यूरिफायर और कूलर, एयर इलेक्ट्रोनिक मेडिकल गैजेट/उपकरण ,कैंटीन गैजेट्स/यूटिलिटी, संचार उपकरण	**05**

i. मौजूदा परिसंपत्तियों के एक अभिन्न अंग का निर्माण करने वाले संयोजन/विस्तार के संबंध में, मूल्यह्रास, संबंधित परिसंपत्ति के शेष जीवन पर प्रदान किया जाता है। महत्वपूर्ण संयोजन जिन्हें नियमित अंतराल पर बदलना पड़ता है/जोड़ना पड़ता है, उनका मूल्यह्रास संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के संबंधित मद के उपयोगी जीवन पर प्रदान किया जाता है।

ii. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर मूल्यह्रास

क) जब परिसंपत्ति उपयोग के लिए तैयार होती है तब परिसंपत्ति मूल्यह्रास शुरू होता है। यह उस तिथि के पहले समाप्त हो जाता है कि परिसंपत्ति को बिक्री के लिए रखा जाता है और परिसंपत्ति की मान्यता की तिथि के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। मूल्यह्रास को परिसंपत्तियों के संबंधित उपयोगी जीवन पर उनकी लागत (फ्री होल्ड भूमि और निर्माणाधीन संपत्तियों के अलावा उनके अवशिष्ट मूल्यों को कम करके) को बट्टे खाते में डालने के लिए मान्यता दी जाती है।

ख) अवशिष्ट मूल्य पर, कंप्यूटर और आईटी बाह्य उपकरणों को छोड़कर, संबंधित परिसंपत्तियों की मूल लागत के 5% की दर पर विचार किया जाता है।

ग) कंप्यूटर और बाह्य उपकरणों (सर्वर और नेटवर्क उपकरण को छोड़कर) को उनके उपयोगी जीवन में पूरी तरह मूल्यह्रास किया जाता है।

iii. एक अनुमानित आधार पर लेखांकित अनुमान में किसी परिवर्तन के प्रभाव के साथ प्रत्येक प्रतिवेदन अवधि के अंत में अनुमानित उपयोगी जीवन, अवशिष्ट मूल्य और मूल्यह्रास विधि की समीक्षा की जाती है।

iv. उन परिसंपत्तियों के संबंध में जिनके उपयोगी जीवन को पुनरावृत किया गया है, परिसंपत्तियों के पुनरावृत शेष उपयोगी जीवन पर अपरिशोधित मूल्यह्रास योग्य शुल्क लिया गया है।

v. एयर कंडीशनर्स को प्रमुख फर्नीचर और फिक्सचर के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है और उपयोगी जीवन को, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत फर्नीचर और फिक्सचर पर लागू होने योग्य माना गया है।

vi आंतरिक तकनीकी आकलन और मूल्यांकन के आधार पर ऐसी परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन पर लागत का 95% माफ कर देने की सीधी रेखा विधि के अनुसार पुरानी मूर्त परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास लगाया जाता है।

ग) बिक्री के लिए रखी गई गैर-वर्तमान परिसंपत्तियां

गैर-परिसंपत्तियों के बिक्री के लिए रखी गई परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी वहन राशि को लगातार इस्तेमाल के माध्यम से वसूल करने के बजाए मुख्य रूप से एक बिक्री लेनदेन के माध्यम से वसूल की जाएगी और एक बिक्री को अत्यंत संभावित माना जाता है। उन्हें उनकी कम वहन राशि और उचित मूल्य घटाव बिक्री की लागत पर मापा जाता है, सिवाय उन परिसंपत्तियों के लिए जैसे आस्थगित कर परिसंपत्तियां, कर्मचारी के लाभ से उत्पन्न होने वाली परिसंपत्तियां और वित्तीय परिसंपत्तियां जिन्हें इस आवश्यकता से विशेष रूप से छूट प्राप्त है।

बिक्री के लिए रोककर रखी परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत गैर-वर्तमान परिसंपत्तियां और बिक्री के लिए रखी गई परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत एक निपटान समूह की परिसंपत्तियों को तुलन पत्र में अन्य परिसंपत्तियों से अलग करके प्रस्तुत किया जाता है। बिक्री के

लिए रखी गई परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत एक निपटान समूह की देनदारियों को तुलन पत्र में अन्य देनदारियों से अलग करके प्रस्तुत किया जाता है।

घ) उधार संबंधी लागत

उधार संबंधी लागत जिसके लिए सीधे तौर पर एक योग्यतामूलक परिसंपत्ति (धनराशियों के अस्थायी उपयोग पर अर्जित शुद्ध आय) के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन जिम्मेदार होता है उस लागत को ऐसी परिसंपत्तियों की लागत के एक हिस्से के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। उधार संबंधी लागत में ब्याज, धनराशि उधार लेने से जुड़ी अन्य लागत और उधार संबंधी लागत में एक समायोजन मानी जाने वाली सीमा तक आदान-प्रदान का अंतर शामिल होता है। एक योग्यतामूलक परिसंपत्ति एक ऐसी परिसंपत्ति है जिसे अपेक्षित उपयोग के लिए तैयार होने में आवश्यक रूप से पर्याप्त समय लगता है। अन्य सभी उधार संबंधी लागत को लाभ-हानि विवरण में चार्ज किया जाता है।

ङ) परिसंपत्तियों की क्षीणता

परिसंपत्तियों की क्षीणता पर इंड एएस 36 में परिभाषित किए गए अनुसार नकदी उत्पन्न करने वाले इकाइयों को तुलन पत्र की तारीख में स्थापित किया जाता है। तुलन पत्र की तारीख में, यदि क्षीणता का संकेत मिलता है और नकदी उत्पन्न करने वाली इकाई की वहन राशि उसकी वसूल करने योग्य राशि से अधिक होती है (अर्थात उचित मूल्य घटाव निपटान की लागत और उपयोगरत मूल्य का अधिक) तो क्षीणता हानि को मान्यता दी जाती है। वहन राशि घटकर वसूली योग्य राशि बन जाती है और घटौती को लाभ-हानि विवरण में एक क्षीणता हानि के रूप में मान्यता दी जाती है।

वसूली योग्य राशि के अनुमान में परिवर्तन होने पर, पूर्व लेखांकन अवधि में मान्यता प्राप्त क्षीणता हानि प्रतिलोम हो जाती है। क्षीणता के बाद, क्षीण परिसंपत्ति के शेष उपयोगी जीवन पर उसके पुनरावृत वहन मूल्य पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

च) अमूर्त परिसंपत्तियां

अमूर्त परिसंपत्तियां को अधिग्रहण की लागत घटाव संचित परिशोधन और संचित क्षीणता,यदि कोई हो, के रूप में व्यक्त किया जाता है। परिशोधन, उस तारीख से सीधी रेखा आधार पर उनके अनुमानित उपयोगी जीवन पर किया जाता है जिस तारीख से वे, क्षीणता परीक्षण के आधार पर, अपेक्षित उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। सॉफ्टवेर जो संबंधित हार्डवेयर का एक अभिन्न अंग नहीं है, उसे एक अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उसे 5 वर्ष के उपयोगी जीवन में परिशोधित किया जाता है। विशिष्ट अवधि के लिए लाइसेंस फीस को कथित अवधि में सीधी रेखा आधार पर परिशोधित किया जाता है।

5,000 रूपये या उससे कम मूल्य की अमूर्त परिसंपत्तियों की व्यक्तिगत वस्तुओं को अधिग्रहण वर्ष या उपयोग वर्ष में सम्पूर्ण रूप से परिशोधित किया जाता है।

इंड एएस में रूपान्तरण

इंड एएस में रूपांतरित होने पर, कंपनी ने पिछले जीएएपी (भारतीय जीएएपी) के आधार पर मापे गए,1 अप्रैल 2015 को मान्यता प्राप्त, अपनी सभी अमूर्त परिसंपत्तियों के उसके मूल्य के साथ जारी रखने और उस मूल्य को अमूर्त परिसंपत्तियों की मानी गई लागत के रूप में इस्तेमाल करने का विकल्प चुना है।

छ) अनुसंधान एवं विकास

अनुसंधान एवं विकास पर होने वाले पूंजीगत व्यय को अमूर्त परिसंपत्तियों में शामिल किया जाता है और अनुसंधान एवं विकास पर राजस्व व्यय को उस वर्ष में व्यय के रूप में चार्ज किया जाता है जिसमें इसे व्यय किया जाता है।

ज) वस्तुसूचियां

निर्माण अनुबंध के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले प्रगतिशील कार्य के अलावा वस्तुसूचियों का मूल्य, लागत और शुद्ध भुनाने योग्य मूल्य में से कम पर निर्धारित किया जाता है। लागत का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है:

i. (क) कच्चा माल, स्टोर और अतिरिक्त पुर्जे: भारित औसत दरों पर मूल्य निर्धारित किया जाता है।

(ख) संयंत्र की अंदर की वस्तुएँ: मानक लागत पर।

ii. विशिष्ट परियोजनाओं के लिए उपकरण: लागत पर।

iii. मार्गस्थ सामान और गैर-स्टॉक वस्तुएँ: लागत पर।

ध्यान दे :

क) लागत में, ऐसी वस्तुओं को उसके स्थान तक लाने में व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में होने वाला व्यय शामिल होता है। लागत में, कर और शुल्क शामिल होते हैं और जहां लागू होने योग्य होता है वहाँ जीएसटी के अंतर्गत क्रेडिट का शुद्ध होता है।

ख) संयंत्र के अंदर स्थित वस्तुओं का मूल्य, क्रियाकलाप के सामान्य स्तर को ध्यान में रखते हुए सुविधा के लिए मानक लागत पर

निर्धारित किया जाता है और नियमित रूप से उसकी समीक्षा की जाती है।

iv. अप्रचलित, धीमी गति से चलने वाली और दोषपूर्ण वस्तुओं की पहचान, भौतिक स्त्यापन के समय होती है और जहां ऐसी वस्तुओं के लिए आवश्यक इंतजाम किया जाता है। एक पोत की डिलिवरी की तारीख से 4 वर्ष और उससे अधिक समय से न चलने वाले परियोजना विशिष्ट स्टोरों का मूल्य निर्धारण, समीक्षा पर 50% पर किया जाता है। समीक्षा पर 50% ऐसा मूल्य निर्धारण, ऐसी सामग्रियों के संबंध में भी किया जाता है जो किसी विशिष्ट परियोजना के लिए नहीं होती है जो प्राप्त होने की तारीख से 4 वर्ष या उससे अधिक समय से चल नहीं रही हैं।

V. निर्माण अनुबंधों और पोत मरम्मत अनुबंधों के अलावा प्रगतिशील कार्यों की सभी वस्तुओं का मूल्य निर्धारण, लागत और शुद्ध भुनाने योग्य मूल्य में से कम पर किया जाता है। प्रसंस्करण के लिए ठेकेदारों द्वारा रखी गई सामग्रियों,यदि कोई हो को प्रगतिशील कार्य का हिस्सा माना जाता है।

VI. रद्दी माल: इनका मूल्य निर्धारण, अनुमानित शुद्ध भुनाने योग्य मूल्य पर किया जाता है।

VII. अंतर-स्थानांतरण वस्तुएँ (लंबित अंतिम स्थानांतरण): लागत पर, स्थानांतरण मूल्य तक सीमित।

झ) राजस्व मान्यता

लागू इंड एएस 115 को ध्यान में रखते हुए, ग्राहकों के साथ अनुबंध से होने वाले राजस्व को तब पहचाना जाता है जब माल या सेवाओं का नियंत्रण ग्राहक को ऐसी राशि पर हस्तांतरित किया जाता है, जो इस विचार को दर्शाता है कि कंपनी ने इन वस्तुओं या सेवाओं के हकदार होने की बात इनके लिए ही कहीं थी।

कंपनी यह भी विचार करती है कि क्या अनुबंध में अलग-अलग दायित्वों को प्रदर्शित करने वाले अन्य वादे हैं। अनुबंध में पहचाने गए प्रत्येक प्रदर्शित दायित्व के लिए, कंपनी अनुबंध की शुरूआत में ही यह निर्धारित करती है कि क्या यह हर समय पर प्रदर्शित सभी दायित्वों को संतुष्ट करता है या एक समय में प्रदर्शन दायित्व को संतुष्ट करता है। यदि कंपनी समय के साथ प्रदर्शित दायित्व को पूरा नहीं करती है, तो प्रदर्शन दायित्व समय में एक बिन्दु पर संतुष्ट होता है।

परिचालन से राजस्व प्राप्ति

(क) पोत निर्माण, पोत मरम्मत और अन्य निर्माण अनुबंधों से राजस्व प्राप्ति:

(i) पोत निर्माण, पोत मरम्मत और अन्य निर्माण अनुबंधों से प्राप्त राजस्व को तक (या के रूप में) पहचान जाता है जब एक ग्राहक को दिए गए अच्छी सेवा या (अर्थात एक संपत्ति) को स्थानांतरित करके इकाई एक निष्पादन दायित्व को पूरा करती है। एक परिसंपत्ति तब (या के रूप में) हस्तांतरित की जाती है जब ग्राहक उस परिसंपत्ति का नियंत्रण प्राप्त कर लेता है।

कंपनी समय के साथ एक अच्छी सेवा का नियंत्रण स्थानांतरित करती है तब निष्पादन दायित्व को संतुष्ट कर पाती है। इस तरह से कंपनी के एक समय के राजस्व को पहचाना जाता है, यदि निम्न मानदंडों में से कोई एक का प्रस्ताव शामिल हो तो –

(क) ग्राहक एक साथ कंपनी के प्रदर्शन द्वारा प्रदान किए गए लाभों को प्राप्त करता है और खपत करता है जैसा कि कंपनी करती है; या

(ख) कंपनी का प्रदर्शन संपत्ति बनाता है या बढ़ाता है (उदाहरण के लिए, कार्य प्रगति में) जिसे ग्राहक नियंत्रण के रूप में संपत्ति बनाया या बढ़ाया जाता है; या

(ग) कंपनी का प्रदर्शन कंपनी के लिए वैकल्पिक उपयोग के साथ संपत्ति नहीं बनाता है और कंपनी अब तक के समय के अंदर किए गए प्रदर्शन के भुगतान को लागू करने का अधिकार रखती है।

कंपनी समय के साथ संतुष्ट प्रदर्शन दायित्व के लिए राजस्व को मान्यता देती है तभी संस्था प्रदर्शन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति को यथोचित रूप से माप सकती है।

प्रगति मापने की विधि:

- वस्तु की प्रकृति के आधार पर, पोत निर्माण के संबंध में प्रगति को इनपुट विधि का उपयोग करके समय के साथ पहचान जाता है यानी सम्पूर्ण अनुबंध हेतु अनुमानित कुल लागत की वास्तविक लागतों के साथ तुलना करके। इन अनुमानों को समय-समय पर संशोधित किया जाता है।
- परिभाषित मरम्मत दायित्व वाले पोत की मरम्मत के अनुबंध हेतु, इनपुट विधि का उपयोग करके राजस्व को समय के साथ पहचाना जाता है यानी पूरे अनुबंध के लिए अनुमानित कुल लागतों की वास्तविक लागतों के साथ तुलना की जाती है।
- पोत मरम्मत अनुबंध में जिसमें जिन पोतों को निरंतर मरम्मत की

जरूरत होती है उनके लिए राजस्व को मान्यता पद्धति के आधार पर अपनी प्रगति को मापने के लिए आउटपुट विधि का उपयोग करना पड़ता है। इस मान्यता प्राप्त तिथि के आधार पर ही मान्यता दी जाती है क्यूंकि वस्तुओं और/या सेवाओं के आदान-प्रदान में विचार की पात्रता के अध्यधीन प्रदर्शन दायित्व की संतुष्टि का प्रतिनिधि है।

(ii) नौसेना स्टोर से वस्तु की प्राप्ति के प्रमाण समय पर प्रदर्शन दायित्व की संतुष्टि के आधार पर बी एवं डी पुर्जों की आपूर्ति से प्राप्त राजस्व की पहचान की जाती है।

(iii) संशोधन नौकरियों के लिए राजस्व मान्यता: संशोधन नौकरियों के मामले में, पूर्ण किए गए संशोधन के विरूद्ध राजस्व कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के आधार पर मान्यता प्राप्त है और यह उचित प्राधिकारी द्वारा जारी की जाती है और जिसके लिए अनुमोदन के लिए संशोधन लागत ग्राहक को प्रस्तुत किया जाता है, जो ग्राहक के ऑनसाइट प्रतिनिधि द्वारा विधिवत अनुशंसित है।

(ख) डीजल इंजन के निर्माण के लिए अनुबंधों से प्राप्त राजस्व, डीजल इंजन के ओवरहालिंग और हेलो-ट्रैवर्सिंग सिस्टम (डेक मशीनरी का एक उत्पाद) जिसमें डिजाइनिंग, इंजीयरिंग या निर्माण शामिल है को विशेष रूप से डिजाइन उत्पादों और सेवा अनुबंधों, इनपुट विधि का उपयोग करके समय के साथ पहचाना जाता है। जबकि अन्य प्रावधान समय के साथ बिन्दु को आकर्षित करते हैं, वह पूर्व के (ए) (i) में उल्लेखित के आधार पर पहचाना जाता है।

(ग) बेली ब्रिज अनुबंधों से राजस्व समय के आधार पर संतुष्ट होता है, क्यूंकि यह ओवर-टाइम के मानदंडों को पूरा नहीं करता है। आपूर्ति किए गए ब्रिज का प्रत्येक सेट अलग प्रदर्शन और अलग दायित्व हेतु निर्गत किया जाता है। इस प्रकार कंपनी राजस्व को पहचानती है (परिवहन सहित) जब नियंत्रण स्थानांतरित किया जाता है, तो पुल का सम्पूर्ण सेट ग्राहक को डिलीवर किया जाता है।

जब बेली ब्रिज का नियंत्रण स्थानांतरित कर दिया गया तो बेली ब्रिज अनुबंधों के लिए कई प्रदर्शन दायित्व जैसे कि बेली ब्रिज की बिक्री, स्थापना सेवा और उप-मार्ग का निर्माण, मुफ्त रखरखाव सेवा, परियोजना प्रबंधन सेवा आदि शामिल हैं, कंपनी बेली ब्रिज की बिक्री से संबन्धित प्रदर्शन दायित्व के आधार पर राजस्व को पहचानती है। हालांकि, अनुबंधों में अन्य प्रदर्शन दायित्वों के लिए, इनपुट विधि का उपयोग करके समय के साथ राजस्व को मान्यता दी जाती है। जबकि अन्य प्रावधान समय के साथ बिन्दु को आकर्षित करते हैं, वह पूर्व के (ए) (आई) में उल्लेखित के आधार पर पहचाना जाता है।

(घ) डेक मशीनरी की बिक्री से राजस्व (हैलो-ट्रैवर्सिंग सिस्टम को छोडकर) वस्तुओं की डिलीवरी के समान जो मान्यता प्राप्त है इन्हें जब अनुबंध के अधीन परिसंपत्ति नियंत्रण ग्राहक को हस्तांतरित किया जाता है, तो इसके प्रदर्शन दायित्वों को एक निश्चित समय पर संतुष्टि के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

(ङ) अन्य परिचालन राजस्व व्यापार से संबंधित गतिविधियों से अर्जित आय का प्रतिनिधित्व करता है जिसे तब मान्यता दी जाती है। जब अनुबंध की शर्तों के अनुसार प्रदर्शन दायित्व संतुष्ट होने पर आय प्राप्त करने का अधिकार स्थापित किया जाता है।

(च) जब किसी अनुबंध के लिए किसी पक्ष ने प्रदर्शन किया है, तो कंपनी अनुबंध परिसंपत्ति या अनुबंध देयता के रूप में अनुबंध प्रस्तुत करती है, जो कंपनी के प्रदर्शन और ग्राहक के भुगतान के बीच के संबंधों पर निर्भर करती है।

अनुबंध परिसंपत्ति: जब कंपनी द्वारा प्रदर्शन दायित्व की संतुष्टि के द्वारा मान्यता प्राप्त अनुबंध राजस्व, ग्राहक द्वारा प्रतिफल के भुगतान के संतुष्टि प्रदर्शन दायित्व से अधिक हो जाता है, तो अनुबंध परिसंपत्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

अनुबंध दायित्व : जब प्रतिफल भुगतान के माध्यम से ग्राहक द्वारा संतुष्ट प्रदर्शन दायित्व कंपनी द्वारा मान्यता प्राप्त अनुबंध राजस्व से अधिक हो जाता है, तो अंतर को अनुबंध देयताओं के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

अन्य आय

(क) प्रभावी आय दर (ईआरआई) का उपयोग करके ब्याज आय को मान्यता दी जाती है। ब्याज आय को लाभ और हानि के विवरण में "अन्य आय" में शामिल किया गया है और इसे रसीद की निश्चितता एवं समय के आधार पर गणना किया जाता है। फ़िक्स्ड डिपॉज़िट के मामले में, ब्याज की गणना तब की जाती है, जब वह प्रत्येक फ़िक्स्ड डिपॉज़िट पर लागू ब्याज दर को आरोपित करते हुए कंपनी को प्राप्त होता हो।

(ख) अन्य मदों को उपार्जन के आधार पर मान्यता दी जाती है।

बीमा संबंधी दावे

बीमा संबंधी दावों के खिलाफ बकाया राशियों की गणना, उपार्जित आधार पर की जाती है; दावों के संबंध में जिन्हें अभी तक बीमादार द्वारा प्रतिवेदन तिथि के अंत तक आखिर में निपटान करना होता है, क्रेडिट की गणना की कंपनी के वसूली योग्य मूल्य के अनुमान के आधार पर की जाती है।

(ञ) विदेशी मुद्रा संबंधी लेनदेन:

(i) आरंभिक मान्यता

विदेशी मुद्रा संबंधी लेनदेनों को,विदेशी मुद्रा राशि अर्थात लेनदेन की तारीख को क्रियाशील मुद्रा और विदेशी मुद्रा के बीच के विनिमय दर का इस्तेमाल करके, क्रियाशील मुद्रा में रिकॉर्ड किया जाता है।

(ii) रूपान्तरण

विदेशी मुद्रा संबंधी मौद्रिक वस्तुओं को प्रतिवेदन तिथि के समापन विनिमय दर का इस्तेमाल करके सूचित किया जाता है। गैर-मौद्रिक वस्तुएँ जिन्हें एक विदेशी मुद्रा में नामित एतिहासिक लागत के रूप में ले जाया जाता है उन वस्तुओं को लेनदेन की तारीख को विनिमय दर का इस्तेमाल करके सूचित किया जाता है । सामग्रियों/सेवाओं के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को दी जाने वाली अग्रिम राशियों को गैर-मौद्रिक परिसंपत्तियां मानी जाती है और इसके परिणामस्वरूप इन्हें लेनदेन की तारीख को विनिमय दर का इस्तेमाल करके सूचित किया जाता है।

(iii) विनिमय अंतर

मौद्रिक वस्तुओं के निपटान पर उत्पन्न होने वाले या उनसे अलग दरों पर कंपनी की मौद्रिक वस्तुओं के प्रतिवेदन पर उत्पन्न होने वाले, जिन पर उन्हें वर्ष के दौरान शुरू में रिकॉर्ड किया गया था, या पिछले वित्तीय विवरणों में सूचित किया गया था, विनिमय अंतरों को उस वर्ष में आय या व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिस वर्ष में वे उत्पन्न होते हैं।

(ट) अनुदान/अनुवृत्ति

i. पूंजीगत अनुदान/अनुवृत्तियाँ

विशिष्ट परिसंपत्ति से संबंधित पूंजीगत अनुदानों/अनुवृत्तियों का खुलासा सकल मूल्य पर किया जाता है और उपयोगी जीवन काल में पीपीई के संबंधित वस्तु का परिशोधन किया जाता है।

ii. राजस्व अनुदान/अनुवृत्तियाँ

राजस्व वस्तुओं से संबंधित सरकारी अनुदानों को संबंधित व्यय के साथ समायोजित किया जाता है। एक विशिष्ट व्यय से संबंधित न होने पर, इसे आय के रूप में ग्रहण किया जाता है।

(ठ) नकदी प्रवाह संबंधी विवरण

नकदी प्रवाह को अप्रत्यक्ष विधि का इस्तेमाल करके सूचित किया जाता है, जहां कर पूर्व लाभ/हानि को एक गैर-नकदी प्रकृति के लेनदेन,पूर्व या भावी संचालनगत नकद प्राप्तियों या भुगतान के किसी आस्थगन या उपार्जन और निवेश या वित्तपोषण प्रवाह से जुड़े आय या व्यय की वस्तुओं के पभावों के लिए समायोजित किया जाता है । कंपनी के वित्तीय क्रियाकलापों, परिचालन और निवेश से नकदी प्रवाह को अलग किया जाता है।

(ड) नकद और नकद समकक्ष

नकद और नकद समतुल्य में हाथ में मौजूद नकद, हाथ में मौजूद चेक, बैंकों में चालू खातों में थोड़े समय के लिए मौजूद शेष राशि, अत्यंत तरल निवेश जिनकी मूल परिपक्वता अवधि तीन महीने या उससे कम है और जिसमें मूल्य परिवर्तन का कम जोखिम होता है।

(ढ) वित्तीय प्रपत्र

वित्तीय प्रपत्र एक ऐसा अनुबंध है जिससे एक संस्थान की एक वित्तीय परिसंपत्ति का तथा एक अन्य संस्थान की एक वित्तीय देनदारी या इक्विटी प्रपत्र की उत्पत्ति होती है।

वित्तीय परिसंपत्ति

वर्गिकरण

कंपनी, वित्तीय लागत को तत्पश्चात परिशोधित लागत, अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य या वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रबंधित करने के लिए अपने व्यवसाय मॉडल के आधार पर लाभ या हानि के उचित मूल्य और वित्तीय परिसंपत्ति की अनुबंधात्मक नकदी प्रवाह विशेष लक्षणों पर मापी गई परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत करती है।

आरंभिक मान्यता और माप:

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रारम्भ में उचित मूल्य प्लस पर मान्यता दी जाती है और लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य दर्ज न की गई तो वित्तीय परिसंपत्ति के मामले में,लेनदेन लागत पर मान्य दी जाती है जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के लिए जिम्मेदार होती हैं।

परिशोधित लागत पर मापी जाने वाली वित्तीय परिसंपत्ति :

वित्तीय परिसंपत्तियों को परिशोधित लागत पर मापा जाता है जब परिसंपत्ति को एक व्यावसायिक मॉडल के भीतर रखा जाता है, जिसका उद्देश्य, अनुबंधात्मक नकदी प्रवाह को संग्रह करने के लिए परिसंपत्ति को रोककर रखना होता है और परिसंपत्ति की अनुबंधात्मक शर्तों के कारण निर्दिष्ट तिथियों को नकदी प्रवाह में वृद्धि होती है जो सिर्फ मूलधन और ब्याज दर (ईआईआर) विधि का इस्तेमाल करके परिशोधित लागत पर मापा जाता है। क्षीणता से उत्पन्न होने वाली हानियों को लाभ-हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। यह श्रेणी आमतौर पर व्यापार और अन्य प्राप्यों पर लागू होती है।

अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी जाने वाली वित्तीय परिसंपत्ति (एफ़वीटीओसीआई)

इस श्रेणी के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तिय को आरंभ में मापने के साथ-साथ प्रत्येक तिथि को उचित मूल्य पर मापा जाता है। उचित मूल्य मूवमेंट्स को अन्य व्यापक आय में मान्यता दी जाती है।

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी जाने वाली वित्तीय परिसंपत्तिय एफ़वीटीपीएल)

इस श्रेणी के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्ति को आरंभ में मापने के साथ-साथ प्रत्येक प्रतिवेदन तिथि को उचित मूल्य पर लाभ या हानि में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ मान्यता दी जाती है।

वित्तीय परिसंपत्ति की क्षीणता

कंपनी, एक अग्र दृष्टि आधार पर परिशोधित लागत पर ले जायी गई अपनी परिसंपत्ति से जुड़ी प्रत्याशित ऋण हानियों और एफ़वीओसीआई ऋण विलेखों का आकलन करती है। इस्तेमाल की गई क्षीणता क्रियाविधि, इस बात पर निर्भर करती है कि ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है या नहीं। नोट 35 में इस बात का विवरण दिया गया है कि कंपनी यह कैसे निर्धारित करती है कि ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है या नहीं।

सिर्फ व्यापार प्राप्यों के लिए, इंड एएस 109 वित्तीय लेखपत्रों द्वारा स्वीकृत सरलीकृत दृष्टिकोण को कंपनी लागू करती है, जिसके लिए प्राप्यों की आरंभिक मान्यता से प्रत्याक्षित आजीवन हानियों को मान्यता दिये जाने की जरूरत पड़ती है।

सरकार/सरकारी विभागों/सरकारी कंपनियों से लिए जाने वाले कर्ज को आम तौर पर संदिग्ध नहीं माना जाता है। लेकिन, अनुबंध की दृष्टि से जो बकाया नहीं है उन्हें छोडकर, मामला दर मामला समीक्षा आधार पर, खातों में प्रावधान किए गए है।

वित्तीय परिसंपत्ति की विमान्यता

एक वित्तीय परिसंपत्ति की मान्यता को मुख्य रूप से उस समय हटा दिया जाता है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त होने के अधिकारों की समय सीमा समाप्त हो गई हो या जब कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह होने के अपने अधिकारों को हस्तांतरित कर दिया हो।

वित्तीय देनदारियां

कंपनी की वित्तीय देनदारियां, किसी अन्य संस्थान को नकदी या कोई अन्य वित्तीय परिसंपत्ति देने या ऐसी शर्तों के अंतर्गत किसी अन्य संस्थान के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देनदारियां का आदान-प्रदान करने का अनुबंधात्मक दायित्व है जो कंपनी के लिए संभवत: प्रतिकूल होती हैं।

कंपनी की वित्तीय देनदारियों में उधार, व्यापार और अन्य देय राशियां शामिल होती हैं।

वर्गीकरण, आरंभिक मान्यता और माप

वित्तीय देनदारियों को प्रारंभ में उचित मूल्य घटाव लेनदेन लागतों पर मान्यता दी जाती है जो सीधे तौर पर वित्तीय देनदारियों को जारी करने से संबंधित होती हैं। वित्तीय देनदारियों को तत्पश्चात परिशोधित लागत पर मापी गई देनदारियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। परिशोधित लागत की गणना, अधिग्रहण और शुल्क या लागत पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखते हुए की जाती है जो प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का एक अभिन्न अंग है। प्राप्तियों (लेनदेन लागतों का शुद्ध) और ऋणमुक्ति राशि के बीच के अंतर को ब्याज की प्रभावी दर का इस्तेमाल करके उधार की अवधि में लाभ-हानि विवरण में दी जाती है।

उत्तरवर्ती माप

आरंभिक मान्यता के बाद, वित्तीय देनदारियों को तत्पश्चात ईआईआर विधि का इस्तेमाल करके परिशोधित लागत पर मापा जाता है। मुनाफे और नुकसान को लाभ या हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है जब देनदारियों को विमान्य कर दिया जाता है और इसके अलावा इन्हें ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से भी मान्यता दी जाती है।

ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया जाता है।

वित्तीय देनदारी की विमान्यता

जब देनदारी के अंतर्गत दायित्व का निर्वाह हो जाता है या उसे रद्द कर दिया जाता है या उसकी समय सीमा समाप्त हो जाती है तब वित्तीय

देनदारी की मान्यता समाप्त हो जाती है। एक वित्तीय देनदारी की वह राशि समाप्त हो गई है या किसी अन्य पक्ष को स्थानांतरित कर दी गई है और प्रदत्त विचार राशि के बीच के अंतर को, जिसमें स्थानांतरित की गई गैर-नकदी परिसंपत्ति या स्वीकार की गई देनदारियां भी शामिल है, अन्य आय या वित्त लागत के रूप में लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

(ण) उचित मूल्य की माप

कंपनी प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को उचित मूल्य पर वित्तीय प्रपत्र को मापती है।

उचित मूल्य वह कीमत है जो परिसंपत्ति को बेचने के लिए प्राप्त होगी या मापने की तारीख को बाजार प्रतिभागियों के बीच एक सुव्यवस्थित लेनदेन में एक देनदारी को स्थानांतरित करने के लिए प्रदान की जाएगी

। उचित मूल्य की माप, इस अनुमान पर आधारित होती है कि परिसंपत्ति को बेचने के लिए या देनदारी को स्थानांतरित करने के लिए होने वाला लेनदेन:

- परिसंपत्ति या देनदारी के लिए प्रमुख बाजार में, या
- एक प्रमुख बाजार की अनुपस्थिति में, परिसंपत्ति या देनदारी के लिए सबसे लाभदायक बाजार में।

कंपनी द्वारा प्रमुख या सबसे लाभदायक बाजार सुलभ होना चाहिए।

एक परिसंपत्ति या एक देनदारी का उचित मूल्य, कल्पनाओं का इस्तेमाल करके मापा जाता है जिसका इस्तेमाल बाजार प्रतिभागी, यह मानते हुए परिसंपत्ति या देनदारी का मूल्य निर्धारण करते समय करेंगे कि बाजार प्रतिभागी, अपने सर्वोत्तम आर्थिक हित में काम करते हैं।

एक गैर-वित्तीय परिसंपत्ति के उचित मूल्य की माप करते समय एक बाजार प्रतिभागी द्वारा परिसंपत्ति का सबसे अधिक और सबसे अच्छा इस्तेमाल करके या इसे किसी अन्य बाजार प्रतिभागी को बेचकर जो परिसंपत्ति का सबसे अधिक और सबसे अच्छा इस्तेमाल करेगा, आर्थिक लाभ उत्पन्न करने की क्षमता को ध्यान में रखा जाता है।

कंपनी ऐसी मूल्य निर्धारण तकनीकों का इस्तेमाल करती है जो परिस्थितियों के अनुसार उपर्युक्त होती हैं और जिसके लिए उचित मूल्य को मापने के लिए पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध होते हैं, जहां संबंधित अवलोकन योग्य इनपुट का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाता है और गैर अवलोकन योगय इनपुट का कम से कम इस्तेमाल किया जाता है।

सभी परिसम्पत्ति और देनदारियों को, जिनके लिए उचित मूल्य को मापा जाता है या वित्तीय विवरणों में खुलासा किया जाता है, उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम के भीतर वर्गीकृत किया जाता है, जिसका वर्णन नीचे किया गया है, जो निम्नतम स्तरीय इनपुट पर आधारित होते हैं जो कुल मिलाकर उचित मूल्य की माप के लिए महत्वपूर्ण होते हैं:

स्तर 1 — एक जैसी परिसंपत्ति या देनदारियों के बीच सक्रिय बाज़ारों में उद्धृत (असमायोजित) बाजार मूल्य;

स्तर 2 — मूल्य निर्धारण तकनीकें जिनके लिए निम्नतम स्तरीय इनपुट जो उचित मूल्य की माप के लिए महत्वपूर्ण होता है, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवलोकन योग्य होता है;

स्तर 3 — मूल्य निर्धारण तकनीकें जिनके लिए निम्नतम स्तरीय इनपुट जो उचित मूल्य की माप के लिए महत्वपूर्ण होता है, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवलोकन योग्य नहीं होता है।

उन परिसम्पत्ति और देनदारियों के लिए जिन्हें एक आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में मान्यता प्रदान की जाती है, कंपनी प्रत्येक प्रतिवेदन अवधि के अंत में वर्गीकरण (निम्नतम स्तरीय इनपुट के आधार पर जो कुल मिलाकर उचित मूल्य की माप के लिए महत्वपूर्ण होता है) का पुन: आकलन करके यह निर्धारित करती है कि पदानुक्रम में स्तरों के बीच स्थानांतरण हुआ है या नहीं।

कंपनी का वित्त विभाग आवर्ती उचित मूल्य की माप के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं का निर्धारण करता है, जैसे व्युत्पाद लेखपत्र और उचित मूल्य पर मापी गई अनुद्धरित वित्तीय परिसंपत्ति।

(त) पट्टे

1 अप्रैल 2019 से इंड एएस 116 के कार्यान्वयन के दृष्टिकोण से पट्टों को उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है और जिस तारीख को कंपनी द्वारा उपयोग के लिए पट्टे पर परिसंपत्ति उपलब्ध होती है, उसी पर देयता होती है। पट्टे से उत्पन्न होने वाली परिसंपत्ति और देनदारियों को शुरू में वर्तमान मूल्य के आधार पर मापा जाता है। पट्टे देनदारियों में निश्चित भुगतानों को शुद्ध वर्तमान मूल्य (इन-सबस्टेंस फिक्स्ड़ पेमेंट्स सहित) और भिन्न पट्टा भुगतान शामिल है, यदि कोई हो, जो कि इंडेक्स या रेट पर आधारित हो, तो शुरुआत में इंडेक्स या रेट का उपयोग करके प्रारंभ तिथि के अनुसार मापा जाता है।

पट्टा में निहित ब्याज दर का उपयोग करके पट्टा भुगतान को छूट दी जाती है। यदि दर आसानी से निर्धारित नहीं किया जा सकता है, जो आम तौर पर कंपनी में पट्टों के लिए होता है, तो पट्टेदार की वृद्धिशील उधर लेने की दर का उपयोग किया जाता है, दर जो कि व्यक्तिगत पट्टेदार को समान नियमों, सुरक्षा और शर्तों के साथ एक समान आर्थिक वातावरण में उपयोग की जाने वाली परिसंपत्ति का अधिकार के लिए समान मूल्यक की परिसंपत्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक धनराशि का भुगतान करना होगा।

वृद्धिशील उधार दर निर्धारित करने के लिए, कंपनी:

क) जहां संभव हो, हाल ही में व्यक्तिगत पट्टेदार द्वारा प्राप्त तीसरे पक्ष के वित्तपोषण को एक प्रांभिक बिंदु के रूप में उपयोग करता है, तीसरे पक्ष के वित्तपोषण के बाद से वित्तपोषण की स्थितियों में परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है।

ख) कंपनी द्वारा रखे गए पट्टों के लिए क्रेडिट जोखिम हेतु समायोजित जोखिम-मुक्त ब्याज दर के साथ शुरू होने वाले बिल्ड-अप दृष्टिकोण का उपयोग करता है, जिसमें हाल ही में तीसरे पक्ष के वित्तपोषण नहीं है, और

ग) पट्टे के लिए विशिष्ट समायोजन करता है, जैसे अवधि, देश, मुद्रा और सुरक्षा।

पट्टा भुगतान का आबंटन मूलधन और वित्त लागत के मध्य किया जाता है। वित्त की लागत पट्टा अवधि में लाभ या हानि के रूप में प्रभारित की जाती है ताकि प्रत्येक अवधि के लिए देयता के शेष राशि पर लगातार आवर्ती ब्याज दर का उत्पादन हो।

संपत्ति का उपयोग का अधिकार का मूल्य निम्नलिखित सहित माप जाता है:

(क) पट्टा देनदारी के प्रारंभिक माप की राशि

(ख) प्रारंभ तिथि से या उससे पहले किया गया कोई भी कम पट्टा भुगतान कोई पट्टा प्रोत्साहन प्राप्त किया गया हो और

(ग) कोई प्रत्यक्ष आरंभ लागत

संपत्ति का उपयोग का अधिकार आम तौर पर संपत्ति के उपयोगी जीवन और एक सीधी रेखा के आधार पर पट्टे की अवधि से अधिक मूल्यह्रास करता है। यदि कंपनी उचित रूप से खरीद विकल्प का उपयोग करने के लिए निश्चित है, तो अंतर्निहित संपत्ति के उपयोगी जीवन के लिए संपत्ति के उपयोग का अधिकार का मूल्यह्रास किया जाता है।

अल्पकालिक के पट्टों और कम-मूल्य के संपत्तियों के सभी पट्टों से संबंधित भुगतान को लाभ या हानि में व्यय के रूप में एक सीधी रेखा के आधार पर का मान्यता दी जाती है। अल्पावधि पट्टे 12 महीने या उससे कम की पट्टा अवधि के रूप में माना जाता है।

पट्टादाता के रूप में कंपनी

कंपनी पट्टों को परिचालन या वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत करती है। एक पट्टे को वित्तीय पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि कंपनी, सभी जोखिमों को पर्याप्त रूप से हस्तांतरित करती है और पट्टेदार के स्वामित्व के लिए आकस्मिक रूप से पुरस्कृत करती है, और इसे अन्यथा एक परिचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत करती है।

(थ) कर्मचारी लाभ

I. अल्पकालिक दायित्व

पारिश्रमिकों वेतनों के लिए देनदारियां, जिनमें गैर मौद्रिक लाभ भी शामिल हैं जिनका निपटान उस अवधि के समाप्त होने के बाद 12 महीने के भीतर सम्पूर्ण रूप से किए जाने की उम्मीद है जिस अवधि में कर्मचारी संबंधित सेवा प्रदान करता है इन देनदारियों को प्रतिवेदिन अवधि के अंत तक कर्मचारियों की सेवाओं के संबंध में मान्यता दी जाती है और उन्हें देनदारियों का निपटान होने पर भुगतान की जा सकने वाली राशियों में मापा जाता है।

II. अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ संबंधी दायित्व

अर्जित छुट्टी और बीमार छुट्टी के लिए देनदारियां जिनका निपटान 12 महीने के भीतर सम्पूर्ण रूप से किए जाने की उम्मीद नहीं है इन देनदारियों को अनुमानित इकाई ऋण विधि का इस्तेमाल करके प्रतिवेदन अवधि के अंत तक कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के संबंध में किए जाने वाले प्रत्याशित भावी भुगतान के वर्तमान मूल्य के रूप में मापा जाता है। प्रतिवेदन अवधि के अंत में गवर्नमेंट सिक्योरिटी (जी-सेक) का इस्तेमाल करके लाभ पर छूट दी जाती है जिनका समय संबंधित दायित्व के समय लगभग होता है। बीमांकिक कल्पनाओं में अनुभव समायोजन और परिवर्तन के परिणामस्वरूप पुन: माप को लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

III. रोजगार - पश्चात दायित्व

कंपनी निम्नलिखित रोजगार - पश्चात योजनाओं का संचालन करती है:

(क) परिभाषित लाभ योजनाएँ जैसे ग्रेच्युटी, भविष्य निधि और सेवानिवृत- पश्चात चिकित्सा योजना; और

(ख) परिभाषित योगदान योजनाएं जैसे पेंशन योजना।

ग्रेच्युटी

ग्रेच्युटी कोष, एक परिभाषित लाभ योजना, विधिवत रूप से गठित स्वतंत्र ट्रस्ट के माध्यम से प्रदान किया जाता ही और वार्षिक योगदान, बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित होते हैं। आवश्यक पड़ सकने वाला कोई अतिरिक्त प्रावधान, कर्मचारी लाभों पर इंड एएस -19 के आधार पर बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है।

परिभाषित लाभ ग्रेच्युटी योजना के संबंध में तुलन पत्र में मान्यता प्राप्त देनदारी या परिसंपत्ति, प्रतिवेदन अवधि के अंत

में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य घटाव योजना परिसंपत्तिय का उचित मूल्य होता है। परिभाषित लाभ दायित्व के गणना, अनुमानित इकाई ऋण विधि का इस्तेमाल बीमांकिक द्वारा प्रति वर्ष की जाती है।

परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य, सरकारी बॉन्ड में प्रतिवेदन अवधि के अंत में बाजार उपज के संदर्भ द्वारा अनुमानित भावी नकदी बहिर्वाह पर छूट देकर निर्धारित किया जाता है जिनकी अवधि, संबंधित दायित्व की अवधि के लगभग होती है।

शुद्ध ब्याज लागत की गणना, योजना परिसंपत्ति के उचित मूल्य और परिभाषित लाभ दायित्व के शुद्ध लाभ में छूट दर को लागू करके की जाती है।

बीमांकिक कल्पनाओं में अनुभव समायोजनों और परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाले पुन: मापन लाभ और हानियों को सीधे अन्य व्यापक आय में उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें वे होते हैं। उन्हें तुलन पत्र में और इक्विटी में परिवर्तनों के विवरण में धारित कमाई में शामिल किया जाता है।

सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा योजना

मौजूदा कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा योजना,एक परिभाषित लाभ योजना है और इसका निर्धारण, अनुमानित इकाई ऋण अवधि का इस्तेमाल करके कर्मचारी लाभ पर इंड एएस -19 के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है जो सेवा की प्रत्येक अवधि को कर्मचारी लाभ हकदारी की अतिरिक्त इकाई में होने वाली वृद्धि के रूप में मान्यता देता है और अंतिम देयता का निर्माण करने के लिए प्रत्येक इकाई को अलग से मापता है।

बीमांकिक कल्पनाओं में अनुभव समायोजनों और परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाले पुन:मापन लाभों और हानियों को सीधे अन्य व्यापक आय में उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिस अवधि में वे होते हैं। उन्हें तुलन पत्र में और इक्विटी में परिवर्तनों के विवरण में धारित आय में शामिल किया जाता है।

अधिवर्षिता प्राप्त कर्मचारियों के मामले में सेवानिवृत्त पश्चात चिकित्सा लाभ, योगदान योजनाएं हैं और बीमा कंपनी को भुगतान की जाने वाले प्रीमियम को वर्ष के लाभ-हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

भविष्य निधि और पेंशन योजना

पात्र कर्मचारी भविष्य निधि से लाभ प्राप्त करते हैं, जो एक परिभाषित लाभ योजना है। पात्र कर्मचारी और कंपनी दोनों, कवर किए गए कर्मचारी के वेतन के निर्दिष्ट प्रतिशत के बराबर भविष्य निधि योजना में मासिक योगदान करते हैं। ट्रस्ट द्वारा हितग्राहियों को जिस दर पर वार्षिक ब्याज देय है, उसका प्रशासन सरकार द्वारा किया जा रहा है। कंपनी के भविष्य निधि ट्रस्ट को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा घोषित की गई दर से कम नहीं भविष्य निधि पर ब्याज की घोषणा करनी होती है। यदि ट्रस्ट ब्याज देयता को पूरा करने में सक्षम नहीं है, तो कंपनी को कमी को पूरा करना होगा। चूंकि, योजना परिभाषित लाभ योजना है, इसलिए कंपनी को वही बीमांकिक रूप से मूल्यांकित किया गया है। मामले में, वर्ष के लिए अतिरिक्त देयता की आवश्यकता है, वही प्रदान किया जाता है।

पेंशन फ़ंड

अधिवर्षिता पेंशन योजना में परिभाषित अंशदान अनुमोदित पेंशन योजना के अनुसार लागू अंशदान दर पर लाभ और हानि के विवरण के लिए प्रभारित किया जाता है।

(द) इक्विटी शेयरधारकों को लाभांश

इक्विटी शेयरधारकों को दिये जाने वाले लाभांशों को एक देनदारी माना जाता है और उसे उस अवधि में शेयरधारकों की इक्विटी में से काट लिया जाता है जिस अवधि में सामान्य बैठक में इक्विटी शेयरधारकों द्वारा लाभांश को अनुमोदित किया गया है। अन्तरिम लाभांश के मामलों में भी उसे देनदारी माना जाता है और शेयरधारकों की इक्विटी में से काट लिया जाता है जिस अवधि में निदेशक मंडल द्वारा अन्तरिम लाभांश को अनुमोदित किया गया है।

(ध) वर्तमान और आस्थगित कर का प्रावधान

आयकर व्यव में वर्तमान और आस्थगित कर शामिल होता है। इसे उस हद तक लाभ-हानि विवरण में शामिल किया जाता है जिस हद तक यह एक व्यावसायिक संयोजन से, या सीधे इक्विटी में या अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त वस्तुओं से संबंधित होता है, जिस स्थिति में यह इक्विटी या अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त है, जैसा की लागू होता है।

i. वर्तमान कर

वर्तमान कर में वर्ष के लिए कर योग्य आय पर देय या प्राप्य प्रत्याशित कर और पिछले वर्षों के संबंध में देय या प्राप्य कर में कोई समायोजन शामिल होता है। इसे प्रतिवेदन तिथि को अधिनियम या संभवत: अधिनियम कर दरों का इस्तेमाल करके मापा जाता **है।**

वर्तमान कर परिसंपत्ति और देनदारियों को सिर्फ तभी ऑफसेट किया जाता है जब कंपनी:

- के पास मान्यता प्राप्त राशियों को लागू करने का एक कानूनी तौर पर लागू करने योग्य अधिकार होता है; और
- का इरादा या तो एक शुद्ध आधार पर निपटान करना है या परिसंपत्ति को भुनाना और उसी समय देनदारी का निपटान करना है।

ii. आस्थगित कर

आस्थगित कर को प्रतिवेदन तिथि को अधिनियम या संभवत: अधिनियमित कर दरों और क़ानूनों का इस्तेमाल करके प्रतिवेदन तिथि को परिसंपत्तिय और देनदारियों के वहन मूल्यों और उनेक संबंधित कर आधारों के बीच के कटौती योग्य अस्थायी अंतरों के भावी कर परिणामों के लिए मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर परिसंपत्ति की उस हद तक मान्यता दी जाती है जिस हद तक यह संभावना होती है कि भावी कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके खिलाफ कटौती योग्य अस्थायी अंतरों,अप्रयुक्त कर हानियों और ऋणों का इस्तेमाल किया जा सकता है। सीधे इक्विटी में और अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त वस्तुओं से संबंधित आस्थगित कर को अंतर्निहित लेनदेन के सहसंबंध में मान्यता दी जाती है।

आस्थगित कर परिसंपत्ति और देनदारियों को सिर्फ तभी ऑफसेट किया जाता है जब:

क. संस्था के पास वर्तमान कर देनदारियों के खिलाफ वर्तमान कर परिसंपत्ति को अलग कानूनी तौर लागू करने योग्य अधिकार होता है; और

ख. आस्थगित कर परिसंपत्ति और आस्थगित कर देनदारियों का संबंध एक ही कराधान प्राधिकारी द्वारा लगाए जाने वाले आयकर से होता है।

(न) प्रति शेयर आय

प्रति शेयर बुनियादी आय की गणना, इक्विटी शेयरधारकों से संबंधित अवधि के लिए शुद्ध लाभ या हानि में अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर की जाती है। अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या को बोनस मुद्दे; और विपरीत शेयर विभाजन (शेयरों का समेकन) की घटनाओं के कारण समायोजित किया जाता है।

प्रति शेयर कम की गई आमदनी की गणना करने के उद्देश्य से, सभी मंद संभावित इक्विटी शेयरों के प्रभावों के लिए, इक्विटी शेयरधारकों के कारण अवधि के लिए शुद्ध लाभ या हानि और अवधि के दौरान बकाया शेयरों की भारित औसत संख्या को समायोजित किया जाता है ।

(प) प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक परिसंपत्ति

i. कानूनी दावों, वारंटियों, छूटों और रिटर्नों के लिए प्रावधानों को तब मान्यता दी जाती है जब कंपनी के पास पूर्व घटनाओं के परिणामस्वरूप एक वर्तमान कानूनी या निर्माणकारी दायित्व होता है, इस बात की संभावना रहती है कि दायित्व का निपटान करने के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की जरूरत पड़ेगी और विश्वसनीय ढंग से राशि का अनुमान लगाया जा सकता है। हालांकि प्रावधानों को मान्यता दी जाती है, यदि कंपनी के पास वृहत संविदा है।

ii. तरलीकृत क्षतियों के लिए प्रावधान, कंपनी के नियंत्रण से बाहर के कारकों के कारण होने वाली देरी को ध्यान में रखते हुए अनुबंधात्मक प्रावधान/समानुपातिक देनदारी आधार के अनुसार अलग से खातों में किया जाता है।

iii. सौपीं गई पोतों के संबंध में गारंटी देनदारी का प्रावधान, बीमांकिक अनुमानों के आधार पर किया जाता है। अन्य सभी उत्पादों के लिए इस तरह का प्रावधान, लागू होने पर, प्रबंधन के अनुमानों के आधार पर किया जाता है।

iv. आकस्मिक परिसंपत्ति को मान्यता नहीं दी जाती है बल्कि वित्तीय विवरणों में इनका खुलासा किया जाता है जब आर्थिक अंतर्वाह संभावित होता है।

v. आकस्मिक देनदारियों को मान्यता नहीं दी जाती है बल्कि नोट्स में खुलासा किया जाता है।

vi. प्रावधानों को, प्रतिवेदन अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व का निपटान करने के लिए आवश्यक, प्रबंधन के व्यय संबंधी सर्वोत्तम अनुमान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है। वर्तमान मूल्य का निर्धारण करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली छूट दर, एक पूर्व-कर दर होती है जो पैसे के समय मूल्य के वर्तमान बाजार आकलनों और देनदारी के लिए विशिष्ट जोखिमों को दर्शाती है। समय गुजरने के कारण प्रावधान में होने वाली वृद्धि को ब्याज व्यय माना जाता है।

अ गैर-कर नागरिक मामलों में

गैर-कर नागरिक मामलों के संबंध में, प्रतिवेदन तिथि को प्रत्येक मामले की स्थिति की समीक्षा करके, लेखांकन प्रावधान के निर्माण पर विचार किया जाता है और जरूरत पड़ने पर नीचे दिये गए आधार पर खातों में प्रावधान किया जाता है:

क. मध्यस्था मामलों में जहां कंपनी ने मध्यस्थ विचार के प्रतिकूल परिणाम पर प्रतिवाद नहीं किया है या प्रतिवाद करना नहीं चाहती

है उन मामलों में देनदारी को आकस्मिक नहीं माना जाता है और सम्पूर्ण प्रावधान पर विचार किया जाता है।

ख. जहां मध्यस्थकर्ता द्वारा या निचली अदालत द्वारा एक प्रतिकूल विचार/निर्णय दिया जाता है और कंपनी द्वारा एक अपील को प्राथमिकता दी जाती है या प्राथमिकता देने का इरादा होता है, वहाँ निम्नानुसार प्रावधान किया जाता है:-

i. मध्यस्थकर्ता द्वारा दावे के निपटान के बाद – विवादास्पद राशि का 25%

ii. उच्च अपील अदालत द्वारा दावे के निपटान के बाद – विवादास्पद राशि का 50% जब तक अंतिम अपील अदालत द्वारा निपटान नहीं हो जाता। संशोधन याचिका, उसी अदालत की बड़ी पीठ को कथित अदालत में संबंधित अपील प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है।

ग. एक विचार/निर्णय के मामले में विवादास्पद दावे के सम्पूर्ण प्रावधान पर विचार किया जाता है जहां कंपनी, अपीलीय विचार पर प्रतिवाद करने के लिए आगे नहीं बढ़ती है।

घ. सरकारी/विभाग/सांविधिक प्राधिकरण द्वारा/ऐसे सरकारी विभाग/ सांविधिक प्राधिकरण द्वारा स्थापित न्यायाधिकरण या आयुक्त द्वारा की गई मांग के मामले में कोई प्रावधान नहीं किया जाता है यदि उक्त मांग का प्रतिवाद ऐसे सरकारी/विभाग/ सांविधिक प्राधिकरण के ढांचे के भीतर कथित मांग पर किया जाता है और कंपनी के पक्ष में कानूनी राय/नवीनतम निर्णय के आधार पर अपील में मांग को हटाने की संभावना है।

आ. कराधान के मामलों में

कराधान के मामलों के संबंध में, दावे की राशि को आकस्मिक देनदारी माना जाता है और किसी प्रावधान पर विचार नहीं किया जाता है यदि अपील चरण तक निर्णय, कंपनी के खिलाफ जाता है और यदि कंपनी अपीलीय न्यायाधिकरण या इसी तरह के मामालों में उच्च न्यायालय/ उच्चतम न्यायालय के निर्णय के समक्ष ऐसे निर्णय पर प्रतिवाद करती है या प्रतिवाद करना चाहती है।

हालांकि, जहां अपीलीय न्यायाधिकरण का निर्णय, कंपनी के खिलाफ होता है वहाँ इस बात की परवाह किए बिना विवादास्पद राशि का पूरा प्रावधान किया जाता है कि कंपनी किसी उच्च मंच में ऐसे निर्णय पर प्रतिवाद करती है या नहीं।

नोट 2: महत्वपूर्ण अनुमान और निर्णय:

इंड-एएस के अनुसार, वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए कुछ मदों हेतु अनुमानों और कल्पनाओं का इस्तेमाल करना पड़ता है, जो बैलेंस शीट और लाभ-हानि विवरण में उनकी मान्यता और माप पर प्रभाव डाल सकते हैं। प्राप्त वास्तविक राशियाँ, इन अनुमानों से अलग हो सकती है। लेखांकन अनुमान, समय-समय पर बदल सकते हैं। वास्तविक परिणाम, उन अनुमानों से अलग हो सकते हैं। अनुमानों में उपयुक्त परिवर्तन किए जाते हैं जब प्रबंधन को उन अनुमानों से संबंधित परिस्थितियों के होने वाले परिवर्तनों के बारे में पता चलता है। वास्तविक परिणामों और अनुमानों के बीच के अंतर को उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिस अवधि में परिणामों के बारे में पता चलता है/कार्यन्वित किया जाता हैं और महत्वपूर्ण होने पर, वित्तीय विवरणों के नोट्स में उनके प्रभावों का प्रकट किया जाता है।

अनुमान और कल्पनाओं की आवश्यकता विशेष रूप से निम्नलिखित के लिए पड़ती है:

i. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) का अनुमानित उपयोगी जीवनकाल:

पीपीई के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल का निर्धारण और आकलन जिसमें लागत के घटकों को पूंजीकृत किया जा सकता है। पीपीई का उपयोगी जीवनकाल, कंपनी अधिनियम,2013 की अनुसूची II में उल्लिखित जीवनकाल पर आधारित होता है। जिन मामलों में, उपयोगी जीवनकाल, अनुसूची II में उल्लिखित जीवनकाल से अलग होता है, उन मामलों में, यह तकनीकी सलाह पर आधारित होता है, जहां परिसंपत्तियों की प्रकृति, अनुमानित उपयोग और संचालन संबंधी शर्तों, अतीत में उसे बदलने के इतिहास और रखरखाव संबंधी सहायता को ध्यान में रखकर सलाह दी जाती है। कल्पनाएं भी करनी पड़ती है जब कंपनी आकलन करती है कि एक परिसंपत्ति को पूंजीकृत किया जा सकता है या नहीं और परिसंपत्ति की लागत के किन-किन घटकों को पूंजीकृत किया जा सकता है।

ii. परिभाषित लाभ दायित्वों की मान्यता और माप:

परिभाषित लाभ योजना से उत्पन्न होने वाले दायित्व का निर्धारण, बीमांकिक कल्पनाओं के आधार पर किया जाता है। प्रमुख बीमांकिक कल्पनाओं में शामिल है – छूट दर, वेतन वृद्धि का चलन और निहित भावी लाभ और जीवन प्रत्याशा। छूट दर का निर्धारण, सरकारी बॉन्डों में प्रतिवेदन अवधि के अंत में बाजार उपज के आधार पर किया जाता है। अंतर्निहित बॉन्डों की परिपक्वता की अवधि के बाद रोजगार लाभ दायित्वों की संभावित परिपक्वता से मेल खाती है।

iii. आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मान्यता

एक आस्थगित कर परिसंपत्ति को उस हद तक सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है जिस हद तक इस बात की संभावना रहती है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके खिलाफ कटौती योग्य अस्थायी अंतर का इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रबंधन

कल्पना करता है है कि कर योग्य लाभ आस्थगित कर परिसंपत्तियों को मान्यता देते समय उपलब्ध होगा।

iv. अन्य प्रावधानों की मान्यता और माप:

अन्य प्रावधान की मान्यता और माप, संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना के आकलन पर और बैलेंस शीट की तारीख को ज्ञात परिस्थितियों और पूर्व अनुभव पर आधारित होते हैं। इसलिए एक भावी तिथि को संसाधन का वास्तविक बहिर्वाह अन्य प्रावधानों में शामिल आंकड़ों से अलग हो सकता है।

v. दीर्घकालिक वित्तीय देनदारियों पर छूट

सभी वित्तीय देनदारियों को आरंभिक मान्यता पर उचित मूल्य पर मापा जाता है। जिन वित्तीय देनदारियों को बाद में परिशोधित लागत पर मापना पड़ता है, उन मामलों में, प्रभावी ब्याज दर विधि का इस्तेमाल करके ब्याज को उपार्जित किया जाता है।

नोट 2.1: हाल ही में किए गए लेखांकन ऐलान:

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") समय-समय पर जारी किए गए कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियमों के तहत मौजूदा मानकों में नए मानकों या संशोधनों को अधिसूचित करता है। 23 मार्च, 2022 को एमसीए ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2022 में निम्नानुसार संशोधन किया।

इंड एएस 16 - संपत्ति, संयंत्र और उपकरण - संशोधन में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षण की लागत से अधिक उत्पादित वस्तुओं की निवल बिक्री आय , यदि कोई हो , को लाभ या हानि में मान्यता नहीं दी जाएगी , लेकिन संपत्ति , संयंत्र और उपकरणों की किसी वस्तु की लागत के हिस्से के रूप में मानी जाने वाली प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार लागतों में से कटौती की जाएगी। इस संशोधन को अपनाने की प्रभावी तिथि 1 अप्रैल, 2022 को या उसके बाद शुरू होने वाली वार्षिक अवधि है। कंपनी ने संशोधन का मूल्यांकन किया है और इसके वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

इंड एएस 37 - प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक संपत्तियां – संशोधन में यह निर्दिष्ट किया गया है कि किसी अनुबंध को 'पूरा करने की लागत' में 'लागतें जो सीधे अनुबंध से संबंधित हैं' शामिल हैं। एक अनुबंध से सीधे संबंधित लागत या तो उस अनुबंध को पूरा करने की वृद्धिशील लागत हो सकती है (उदाहरण प्रत्यक्ष श्रम, सामग्री होगी) या अन्य लागतों का आवंटन जो सीधे अनुबंधों को पूरा करने से संबंधित है (उदाहरण के लिए अनुबंध को पूरा करने में प्रयोग होने वाले संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के एक आइटम के लिए मूल्यह्रास शुल्क का आबंटन होगा)। इस संशोधन को अपनाने की प्रभावी तिथि 1 अप्रैल, 2022 को या उसके बाद शुरू होने वाली वार्षिक अवधि है, हालांकि जल्दी अपनाने की अनुमति है। कंपनी ने संशोधन का मूल्यांकन किया है और इसके वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

नोट 3: सपंत्ति, संयंत्र और उपकरण

(लाख रू. में)

विवरण	सकल वहन राशि				मूल्यह्रास और परिशोधन				निवल वहन राशि	
	क	ख	ग	घ = (क + ख - ग)	ङ	च	छ	ज =(ङ+च-छ)	झ=(घ-ज)	
	1 अप्रैल 2021 तक के अनुसार	जोड़	कटौतियां/ समायोजन	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	1 अप्रैल 2021 तक के अनुसार	वर्ष हेतु व्यय	कटौतियां/ समायोजन	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	31 मार्च 2021 तक के अनुसार
आरओयू के अलावा										
फ्रीहोल्ड - भूमि	5,125.72	-	-	5,125.72	-	-	-	-	5,125.72	5,125.72
फ्रीहोल्ड - भवन	9,756.89	452.18	12.60	10,196.47	952.03	348.23	4.54	1,295.72	8,900.75	8,804.86
संयंत्र और उपकरण	10,650.67	17,019.61	209.49	27,460.79	4,220.17	1,097.75	140.23	5,177.69	22,283.10	6,430.50
विद्धुत संस्थापना	1,160.56	221.04	0.22	1,381.38	320.03	123.06	-	443.09	938.29	840.53
डॉक्स और जेटी	5,572.71	-	0.67	5,572.04	1,918.54	361.59	-	2,280.13	3,291.91	3,654.17
फर्नीचर और फिक्सचर	1,874.15	281.68	8.38	2,147.45	567.37	195.04	7.05	755.36	1,392.09	1,306.78
कार्यालय उपकरण	696.82	48.43	6.02	739.23	137.68	76.40	2.93	211.15	528.08	559.14
कंप्यूटर	2,556.16	470.98	9.51	3,017.63	1,638.20	302.82	3.55	1,937.47	1,080.16	917.96
लॉन्च, नौकाओं एवं नाव	117.29	-	-	117.29	13.96	6.16	-	20.12	97.17	103.33
वाहनों	36.06	8.85	-	44.91	19.69	4.75	-	24.44	20.47	16.37
मोटर लॉरी, ट्रेलर, मोबाइल क्रेन आदि	164.35	-	-	164.35	56.71	17.54	-	74.25	90.10	107.64
उप-कुल (1)	**37,711.38**	**18,502.77**	**246.89**	**55,967.26**	**9,844.38**	**2,533.34**	**158.30**	**12,219.42**	**43,747.84**	**27,867.00**
गत वर्ष	**31,473.75**	**6,639.45**	**401.82**	**37,711.38**	**8,034.95**	**1,989.11**	**179.68**	**9,844.38**	**27,867.00**	
जीआरएसई और भारतीय नौसेना द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित परिसंपत्ति										
भवन	4,516.49	-	-	4,516.49	-	-	-	-	-	-
अल्प:नौसेना द्वारा वित्त पोषित	3,224.69	-	-	3,224.69	-	-	-	-	-	-
जीआरएसई (क) द्वारा वित्त पोषित भवन	1,291.80	-	-	1,291.80	325.92	54.32	-	380.24	911.56	965.88
संयंत्र और उपकरण	3,320.27	-	-	3,320.27	-		-	-	-	-
अल्प:नौसेना द्वारा वित्त पोषित	861.00	-	-	861.00	-		-	-	-	-
जीआरएसई (ख) द्वारा वित्त पोषित संयंत्र और उपकरण	2,459.27	-	-	2,459.27	1,357.13	226.19	-	1,583.32	875.95	1,102.14
डॉक्स और जेटी	33,894.69	-	-	33,894.69	-		-	-	-	-
अल्प:नौसेना द्वारा वित्त पोषित	28,240.08	-	-	28,240.08	-		-	-	-	-
जीआरएसई (ग) द्वारा डॉक्स और जेटी वित्त पोषित	5,654.61	-	-	5,654.61	2,481.84	412.43	-	2,894.27	2,760.34	3,172.77
उप-कुल (क+ख+ग) (2)	**9,405.68**	**-**	**-**	**9,405.68**	**4,164.89**	**692.94**	**-**	**4,857.83**	**4,547.85**	**5,240.79**
गत वर्ष	**9,405.68**	**-**	**-**	**9,405.68**	**3,471.96**	**692.93**	**-**	**4,164.89**	**5,240.79**	
आरओयू (1+2) के अलावा - कुल संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	**47,117.06**	**18,502.77**	**246.89**	**65,372.94**	**14,009.27**	**3,226.28**	**158.30**	**17,077.25**	**48,295.69**	**33,107.79**
संपत्ति के उपयोग का अधिकार (आरओयू)										
पट्टादारी - भूमि	633.21	472.82	348.34	757.69	269.84	99.76	348.34	21.26	736.43	363.37
पट्टादारी - वाहन	78.74	483.04	78.74	483.04	52.48	84.69	78.74	58.43	424.61	26.26
कुल संपत्ति के उपयोग का अधिकार (आरओयू) (3)	**711.95**	**955.86**	**427.08**	**1,240.73**	**322.32**	**184.45**	**427.08**	**79.69**	**1,161.04**	**389.63**
गत वर्ष	**711.95**	**-**	**-**	**711.95**	**161.16**	**161.16**	**-**	**322.32**	**389.63**	
कुल सपंत्ति, संयंत्र और उपकरण (1+2+3)	**47,829.01**	**19,458.63**	**673.97**	**66,613.67**	**14,331.59**	**3,410.73**	**585.38**	**17,156.94**	**49,456.73**	**33,497.42**
गत वर्ष	**41,591.38**	**6,639.45**	**401.82**	**47,829.01**	**11,668.07**	**2,843.20**	**179.68**	**14,331.59**	**33,497.42**	

नोट :

(i) वर्तमान वर्ष की कटौती में परिसंपत्ति के स्क्रैपिंग का मूल्य 27.91 लाख रू.(डीम्ड लागत 66.08 लाख रू.) और रिटायर्ड परिसंपत्ति का मूल्य 7.00 लाख रू.(डीम्ड लागत 35.05 लाख रू.) का समयोजन शामिल है। इसके अलावा इसमें वर्ष 2021-22 के दौरान 53.68 लाख रू. (डीम्ड लागत 146.53 लाख रू.) मूल्य की रिटायर्ड और बेची गई परिसंपत्ति भी शामिल है। 2020-21 में परिसंपत्ति और रिटायर्ड परिसंपत्ति की स्क्रैपिंग क्रमश: 15.51 लाख (डीम्ड लागत 43.62 लाख रू.) और 4.13 लाख रू. (डीम्ड लागत 28.81 लाख रू.) थी। इसके अलावा इसमें गत वर्ष 2020-21 के दौरान 16.03 लाख रू. (डीम्ड लागत 41.02 लाख रू.) मूल्य की रिटायर्ड और बेची गई परिसंपत्ति भी शामिल है।

(ii) 31 मार्च 2022 तक के अनुसार संयुक्त रूप से वित्त पोषित परिसंपत्ति - 875.95 लाख रू. (31 मार्च, 2021 तक के अनुसार 1102.14 लाख रू.) के संयंत्र एवं मशीनरी के साथ-साथ 199.03 लाख रू. (31 मार्च,2021: 328.05 लाख रू.) मूल्य के न्यू ड्राई डॉक का इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन भी शामिल है।

(iii) 31 मार्च 2022 तक के अनुसार संपत्ति, संयंत्र और उपकरण मॉडर्न हल शॉप, एक नया ड्राई डॉक, इंक्लाइंड बर्थ, पेंट सेल और अन्य विविध सुविधाएं जो आधारभूत अवसंरचना के विकास के आधुनिकीकरण के तहत बनाई गई हैं। ये परिसंपत्ति भारतीय नौसेना द्वारा संयुक्त रूप से 32,325.77 लाख रुपये (मूल लागत) में वित्त पोषित किया गया है।

(iv) 31 मार्च, 2022 तक के अनुसार विशेषरूप से नौसेना (मूल लागत) द्वारा वित्त पोषित परिसंपत्ति 801.23 लाख रू. (31 मार्च, 2021: 801.23 लाख रू.) की है जो संपत्ति, संयंत्र और उपकरण में शामिल नहीं किए गए हैं।

(v) 61 की भूमि, गार्डन रीच रोड, कोलकाता का स्वामित्व भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के पास है।

(vi) 31 मार्च 2022 तक के अनुसार भवन राशि 95.96 लाख रू. (मूल लागत) (31 मार्च,2021:95.96 लाख रू.) की है जिसमें दिल्ली शिपयार्ड हाउस में कंपनी का एक तिहाई हिस्सा है। भवन पर गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड, मझगाँव डॉक शिपयार्ड लिमिटेड और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड का संयुक्त रूप से अधिकार है।

नोट 4: चालू पूंजीगत कार्य

(लाख रू. में)

विवरण	क 1 अप्रैल 2021 तक के अनुसार	ख जोड़	ग कटौतियां / समायोजन	घ= (क+ख-ग) 31 मार्च 2022 तक के अनुसार
संयंत्र एवं उपकरण	14,926.10	1,651.28	16,577.38	-
डॉक्स और जेटी	-	867.39	-	867.39
फर्नीचर,फिक्सचर, कार्यालय उपकरण	191.24	-	191.24	-
कंप्यूटर	0.34	86.55	0.34	86.55
सिविल निर्माण	12.04	-	-	12.04
कुल चालू पूंजीगत कार्य	**15,129.72**	**2,605.22**	**16,768.96**	**965.98**
गत वर्ष	**5,151.52**	**14,060.66**	**4,082.46**	**15,129.72**

सीडबल्यूआईपी एजिंग शेड्यूल

(लाख रू. में)

31 मार्च 2022 तक के अनुसार

सीडबल्यूआईपी	की अवधि के लिए सीडबल्यूआईपी में राशि				कुल
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	
चालू परियोजना	953.94	12.04	-	-	965.98
अस्थायी रूप से निलंबित परियोजनाएं	-	-	-	-	-
कुल	**953.94**	**12.04**	**-**	**-**	**965.98**

परियोजना पूरा होने की अवधि

31 मार्च 2022 तक के अनुसार

(लाख रू. में)

सीडबल्यूआईपी	में पूरा किया जाएगा			
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक
चालू परियोजना				
कंप्यूटर	112.00	-	-	-
अस्थायी रूप से निलंबित परियोजनाएं	-	-	-	-
कुल	**112.00**	**-**	**-**	**-**

सीडबल्यूआईपी एजिंग शेड्यूल

31 मार्च 2021 तक के अनुसार

(लाख रू. में)

सीडबल्यूआईपी	की अवधि के लिए सीडबल्यूआईपी में राशि				कुल
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	
चालू परियोजना	14,338.68	791.03	-	-	**15,129.72**
अस्थायी रूप से निलंबित परियोजनाएं	-	-	-	-	-
कुल	**14,338.68**	**791.03**	**-**	**-**	**15,129.72**

परियोजना पूरा होने की अवधि

31 मार्च 2021 तक के अनुसार

(लाख रू. में)

सीडबल्यूआईपी	में पूरा किया जाएगा			
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक
चालू परियोजना				
फर्नीचर,फिक्सचर, कार्यालय उपकरण	243.18		-	-
अस्थायी रूप से निलंबित परियोजनाएं	-	-	-	-
कुल	**243.18**	-	-	-

नोट 5: अमूर्त परिसपंत्तियाँ

(लाख रू.में)

विवरण	सकल ब्लॉक				परिशोधन				निवल वहन राशि	
	1 अप्रैल, 2021 तक के अनुसार	योग	कटौती / समायोजन	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	1 अप्रैल, 2021 तक के अनुसार	वर्ष हेतु व्यय	कटौती / समायोजन	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	31 मार्च 2021 तक के अनुसार
	क	ख	ग	घ = (क + ख - ग)	ङ	च	छ	ज=(ङ+च-छ)	झ=(घ-ज)	
सॉफ्टवेयर (अधिग्रहित)	1,785.20	304.68	0.77	2,089.11	1,262.34	218.85	0.77	1,480.42	608.69	522.86
कुल अमूर्त परिसपंत्ति	**1,785.20**	**304.68**	**0.77**	**2,089.11**	**1,262.34**	**218.85**	**0.77**	**1,480.42**	**608.69**	**522.86**
गत वर्ष	**1,489.76**	**297.58**	**2.14**	**1,785.20**	**1,044.20**	**220.28**	**2.14**	**1,262.34**	**522.86**	

नोट 6: वित्तीय परिसंपत्ति (गैर वर्तमान)

नोट 6 (क): निवेश-गैर-वर्तमान

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
इक्विटी लेखपत्र		
सम्पूर्ण रूप से प्रदत्त, अनुद्धृत		
लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर		
वुडलैंड्स मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल लिमिटेड के 6,145 शेयर (31 मार्च 2021: 6,145) 10 रू.के प्रत्येक इक्विटी शेयर	0.44	0.44
कुल निवेश	**0.44**	**0.44**
कुल गैर-वर्तमान निवेश	0.44	0.44
अनुद्धृत निवेश की कुल रकम	0.44	0.44

नोट: यह मानते हुए कि निवेश राशि मटिरियल नहीं है, प्रबंधन का मानना है कि उसका उचित मूल्य भी इममटिरियल होगा और इसलिए उसे रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार लागत पर वहन किया जाता है।

नोट 6(ख): अन्य वित्तीय परिसंपत्ति (गैर वर्तमान)

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
12 महीने से अधिक परिपक्वता वाल बैंक जमा	99,900.00	61,400.00
एलआईसी में छुट्टी नकदीकरण निवेश	6,967.54	6,111.01
बिजली बोर्ड एवं अन्य के पास जमा	759.41	775.58
नौसेना से वसूलने योग्य आस्थगित ऋण	818.92	722.78
ब्याज प्रोद्भूत किंतु जमा हेतु अदेय	5,680.76	446.53
कुल अन्य वित्तीय परिसंपत्ति (गैर वर्तमान)	**1,14,126.63**	**69,455.90**

नोट 7: गैर-वर्तमान कर परिसंपत्ति

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
अग्रिम आयकर	9,021.96	5,652.25
जोड़ : टीडीएस और टीसीएस प्राप्य	26,713.74	20,122.46
	35,735.70	25,774.71
अल्प : आयकर का प्रावधान	(20,341.94)	(14,059.94)
कुल गैर-वर्तमान कर परिसंपति	**15,393.76**	**11,714.77**

नोट 8: अन्य गैर-वर्तमान परिसंपति

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
पूंजीगत आग्रिम	7.43	251.35
पूंजीगत आग्रिम के अलावा अन्य अग्रिम राशियाँ		
पूर्व प्रदत व्यय	3.35	2.95
कुल अन्य गैर-वर्तमान परिसंपत्ति	**10.78**	**254.30**

नोट 9: वस्तुसूचियाँ

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
कच्चे माल एवं उपकरण	77,950.24	49,090.97
पी17ए का परिवर्तनीय मदें (नोट 18 का संदर्भ लें)	33,675.24	17,324.45
	1,11,625.48	66,415.42
लेस:अप्रचलन एवं अचल के लिए प्रावाधान	(956.70)	(1,367.59)
सामग्री के लिए प्रावधान	(184.98)	-
	1,10,483.80	65,047.83
ट्रांसिट में स्टॉक	102.16	7,068.90
चल रहे कार्य	5,587.15	5,826.50
स्टोर, पुर्जे एवं उपभोज्य वस्तुएँ	250.03	241.19
स्क्रैप	803.66	603.03
कुल वस्तुसूचियाँ	**1,17,226.80**	**78,787.45**

नोट : कच्चे माल और उपकरण में 17,332.15 लाख रु. (31 मार्च, 2021: 3,076.54 लाख रु.) तीसरे पक्ष के पास पड़े हैं, जिसमें से 184.98 लाख रु. (31 मार्च, 2021: शून्य) विक्रेता से पुष्टि के अभाव में प्रदान किया गया है।

नोट 10: वित्तीय परिसंपत्ति (वर्तमान)

नोट 10(क): वर्तमान निवेश

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
एफ़वीटीपीएल में मापा गया म्यूचुअल फंड में निवेश	19,667.82	82,581.96
कुल वर्तमान निवेश	**19,667.82**	**82,581.96**
अनुद्धृत निवेश का कुल मूल्य	शून्य	शून्य
गैर-अनुद्धृत निवेश का कुल मूल्य	19,667.82	82,581.96

नोट 10 (ख): ट्रेड प्राप्य-वर्तमान

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
ट्रेड प्राप्य		
असुरक्षित, अच्छा समझा गया*	15,494.33	17,813.69
असुरक्षित, संदिग्ध समझा गया	86.78	86.73
	15,581.11	17,900.47
अल्प: संदिग्ध ट्रेड प्राप्य हेतु प्रावधान	86.78	86.73
कुल ट्रेड प्राप्य-वर्तमान	**15,494.33**	**17,813.74**

व्यापार प्राप्य एजिंग शेड्यूल

31 मार्च, 2022 तक के अनुसार (लाख रु.में)

विवरण	नियत भुगतान तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया						
	देय नहीं	6 महीनों से कम	6 महिना -1 वर्ष	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
अनडिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - अच्छा समझा गया	283.31	5,986.30	1,173.21	6,855.10	953.12	243.29	15,494.33
अनडिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - जिसमें ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है	-	-	-	-	-	-	-
अनडिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - क्रेडिट इंपैरेड	-	-	-	-	-	86.78	86.78
डिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - अच्छा समझा गया	-	-	-	-	-	-	-
डिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - जिसमें ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है	-	-	-	-	-	-	-
डिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - क्रेडिट इंपैरेड	-	-	-	-	-	-	-
कुल	**283.31**	**5,986.30**	**1,173.21**	**6,855.10**	**953.12**	**330.07**	**15,581.11**
अल्प: संदिग्ध ट्रेड प्राप्य हेतु प्रावधान							(86.78)
कुल ट्रेड प्राप्य - वर्तमान							**15,494.33**

31 मार्च, 2022 तक के अनुसार (लाख रु.में)

विवरण	नियत भुगतान तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया						
	देय नहीं	6 महीनों से कम	6 महिना -1 वर्ष	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
अनडिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - अच्छा समझा गया	2,781.22	9,215.16	1,597.53	3,620.13	260.31	339.39	17,813.74
अनडिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - जिसमें ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है	-	-	-	-	-	-	-
अनडिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - क्रेडिट इंपैरेड	-	-	-	-	-	86.73	86.73
डिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - अच्छा समझा गया	-	-	-	-	-	-	-
डिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - जिसमें ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है	-	-	-	-	-	-	-
डिस्प्यूटेड ट्रेड प्राप्य - क्रेडिट इंपैरेड	-	-	-	-	-	-	-
कुल	**2,781.22**	**9,215.16**	**1,597.53**	**3,620.13**	**260.31**	**426.12**	**17,900.47**
अल्प: संदिग्ध ट्रेड प्राप्य हेतु प्रावधान							(86.73)
कुल ट्रेड प्राप्य - वर्तमान							**17,813.74**

नोट 10(ग) : नकद और नकद समतुल्य (लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
बैंकों में शेष राशियाँ		
- चालू खातों में	971.25	932.05
हस्तगत नकदी	0.01	-
कुल नकद और नकद समतुल्य	**971.26**	**932.05**

नोट 10(घ): अन्य बैंक शेष

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
03 माह से 12 माह की परिपक्वता वाले बैंक जमा	2,11,800.00	1,96,600.00
पी17ए (नोट 18 का संदर्भ ले) के परिवर्तनीय मद के लिए निर्धारित फ्लेक्सि बैंक जमा	42,992.48	30,583.69
अवैतनिक लाभांश खाता	10.15	1.45
कुल अन्य बैंक शेष	**2,54,802.63**	**2,27,185.14**

नोट 10(ङ): अन्य वित्तीय परिसंपत्ति- वर्तमान

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
सीमा शुल्क और पोर्ट ट्रस्ट के साथ जमा	3.69	3.69
एलआईसी में छुट्टी नकदीकरण निवेश	588.77	679.11
ब्याज प्रोद्भूत किंतू जमा हेतु अदेय	3,216.73	5,596.90
अनुबंध परिसंपत्ति	8,818.15	7,994.41
नौसेना से वसूली योग्य आस्थगित ऋण का वर्तमान भाग	123.96	105.92
कुल अन्य वित्तीय परिसंपत्ति - वर्तमान	**12,751.30**	**14,380.03**

नोट : अनुबंध परिसंपत्ति की राशि अभी देय नहीं है।

नोट 11: अन्य वर्तमान परिसंपत्ति

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
प्राप्त होने वाले मूल्य के लिए या किसी और चीज के बदले में वसूली योग्य अग्रिम राशियाँ		
- कर्मचारी	132.15	118.13
- उत्पाद शुल्क	26.20	132.74
- बिक्री कर/वैट	67.08	67.08
- वस्तु एवं सेवा कर	31,607.09	12,459.49
- पूर्व प्रदत व्यय	1,349.84	1,800.85
डीम्ड बिक्री पर शुल्क	435.69	-
- आपूर्तिकर्ताओं (अन्य)	2,227.71	18,107.65
- आपूर्तिकर्ताओं (पी17ए के परिवर्तनीय मद हेतु)(नोट 18 का संदर्भ ले)	1,24,539.30	92,155.08
अन्य प्राप्य	1,651.26	1,180.90
कुल अन्य वर्तमान परिसंपत्ति	**1,62,036.32**	**1,26,021.92**

नोट 12: बिक्री के लिए रखी गई परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्ति

(लाख रु.में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
संयंत्र और उपकरण	15.90	12.72
फर्नीचर और फिक्सचर	28.25	28.23
मोटर कार	1.32	1.59
कार्यालय उपकरण	0.40	0.85
बिक्री के लिय रखी गई परसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कुल परिसंपत्ति	**45.87**	**43.39**

गैर-आवर्ती उचित मूल्य मापन

नोट: प्रतिवेदन अवधि के दौरान बिक्री के लिए रखी गई परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्ति को उसकी वहनकारी राशि से कम और फेयर वैल्यू लेस कॉस्ट पर मापा गया था। कंपनी ने उचित मूल्य को रिलाईजेशन के ऐतिहासिक रुझान के आधार पर वहनकारी राशि से अधिक होने का अनुमान लगाया है।

नोट 13: इक्विटी शेयर कैपिटल एवं अन्य इक्विटी

(लाख रू में)

नोट 13(क): इक्विटी शेयर कैपिटल

विवरण	31 मार्च 2022 तक के अनुसार		31 मार्च, 2021 तक के अनुसार	
	शेयरों की संख्या	राशि	शेयरों की संख्या	राशि
प्राधिकृत				
10 रुपए प्रत्येक के इक्विटी शेयर (31 मार्च 2021 : 10 रुपए)	12,50,00,000	12,500.00	12,50,00,000	12,500.00
जारी,सब्सक्राइब्ड और पेड अप				
10 रुपए प्रत्येक के इक्विटी शेयर (31 मार्च 2021 : 10 रुपए)	11,45,52,000	11,455.20	11,45,52,000	11,455.20
		11,455.20		**11,455.20**

बकाया इक्विटी शेयरों की संख्या और राशि का पुनर्मूल्यांकन:

(लाख रू में)

विवरण	31 मार्च 2022 तक के अनुसार		31 मार्च, 2021 तक के अनुसार	
	शेयरों की संख्या	राशि	शेयरों की संख्या	राशि
वर्ष के प्रारम्भ में	11,45,52,000	11,455.20	11,45,52,000	11,455.20
जोड़: उप-विभाजन पर शेयर जारी करना	-	-	-	-
वर्ष के अंत में	**11,45,52,000**	**11,455.20**	**11,45,52,000**	**11,455.20**

*कंपनी ने 30 जून, 2017 को हुई अपनी बोर्ड बैठक और 25 अगस्त, 2017 को हुई वार्षिक आम बैठक में कंपनी के प्राधिकृत शेयर पूंजी को उप-विभाजित किया। जिसमें 100/- रू प्रत्येक के 1,25,00,000 शेयरों में 10/- रू प्रत्येक के 12,50,00,000 शेयर शामिल हैं।

इक्विटी शेयरों से जुड़ी शर्तें और अधिकार

इक्विटी शेयरों का सममूल्य 10/- रु.(31 मार्च,2021: 10/-रुपये) है। वे धारक को लाभांश में भाग लेने और धारित शेयरों पर भुगतान की गई राशि की संख्या के अनुपात में कंपनी के वाईडिंग अप प्रोसीड्स में हिस्सा लेने के लिए पात्र हैं।

व्यक्तिगत रूप से प्रॉक्सी द्वारा बैठक में मौजूद इक्विटी शेयरों के प्रत्येक धारक, एक वोट के हकदार हैं, और चुनाव में प्रत्येक शेयर एक वोट का हकदार है।

कंपनी में 5% से अधिक शेयर रखने वाले शेयरधारकों का विवरण

शेयरधारक	31 मार्च 2022 तक के अनुसार		31 मार्च, 2021 तक के अनुसार	
	शेयरों की संख्या	होल्डिंग%	शेयरों की संख्या	होल्डिंग%
भारत के राष्ट्रपति	8,53,41,240	74.50%	8,53,41,240	74.50%
एचडीएफ़सी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	97,50,951	8.51%	97,27,951	8.49%
निपोन लाइफ इंडिया ट्रस्टी लिमिटेड	-	-	58,62,524	5.12%

प्रमोटरों का शेयरधारिता का प्रकटीकरण

31 मार्च, 2022 तक के अनुसार प्रमोटरों द्वारा धारित शेयर

प्रमोटर का नाम	31 मार्च 2022 तक के अनुसार		31 मार्च, 2021 तक के अनुसार		वर्ष के दौरान
	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	परिवर्तन का %
भारत के राष्ट्रपति	8,53,41,240	74.5%	8,53,41,240	74.5%	-

31 मार्च, 2021 तक के अनुसार प्रमोटरों द्वारा धारित शेयर

प्रमोटर का नाम	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार		31 मार्च, 2020 तक के अनुसार		वर्ष के दौरान
	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	परिवर्तन का %
भारत के राष्ट्रपति	8,53,41,240	74.5%	8,53,41,240	74.5%	-

नोट 13(ख) : अन्य इक्विटी

(लाख रू में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
पूंजी रिडेम्प्शन रिजर्व	928.80	928.80
सामान्य आरक्षित	6,064.86	6,064.86
प्रतिधारित कमाई	1,07,340.21	95,262.90
कुल आरक्षित और अधिशेष राशियाँ	**1,14,333.87**	**1,02,256.56**

(i) प्रतिधारित आय

(लाख रू में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक के अनुसार	31 मार्च, 2021 तक के अनुसार
आरंभिक शेष	95,262.90	85,574.24
अवधि हेतु शुद्ध लाभ	18,952.68	15,347.12
प्रत्यक्ष मान्यता प्राप्त अन्य व्यापक आय की मदें		
-परिभाषित लाभ योजना का पुन: माप (शुद्ध कर)	112.30	355.52
प्रदत्त लाभांश	(1,317.35)	(1,603.73)
अंतरिम प्रदत्त लाभांश	(5,670.32)	(4,410.25)
समापन शेष	**1,07,340.21**	**95,262.90**

अन्य आरक्षित राशियों की प्रकृति और उद्देश्य:

नोट:

(i) कंपनी अधिनियम, 213 की धारा 69 के अनुसार, कंपनी ने शेयरों के नाममात्र मूल्य के बराबर राशि हस्तांतरित की है, इसलिए कंपनी के मुक्त रिजर्व से पूंजी रिडेम्प्शन रिजर्व खाते में खरीदा गया है। पूंजी रिडेम्प्शन रिजर्व मुक्त रिजर्व की प्रकृति में नहीं है।

(ii) सामान्य रिजर्व मुख्य रूप से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123(1) की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए बनाया जाता है। यह एक नि:शुल्क रिजर्व है और किसी भी सामान्य उद्देश्य के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है जैसे बोनस शेयर जारी करना, लाभांश का भुगतान, शेयरों का बाईबैक आदि।

नोट 14: वित्तीय देनदारियां (गैर वर्तमान)

ट्रेड देय -(गैर वर्तमान)

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 तक के अनुसार	31 मार्च , 2021 तक के अनुसार
ट्रेड देय		
रूसी आस्थगित ऋण - विदेशी आपूर्तिकर्ता	818.92	722.78
कुल ट्रेड देय (गैर वर्तमान)	**818.92**	**722.78**

ट्रेड देय एजिंग शेड्यूल

31 मार्च 2022 तक के अनुसार

(लाख रू. में)

विवरण	भुगतान के देय तिथि से निम्नलिखित अवधि हेतु बकाया				
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	कुल
एमएसएमई	-	-	-	-	-
अन्य	123.96	123.96	123.96	447.04	818.92
डिस्पूटेड बकाया-एमएसएमई	-	-	-	-	-
डिस्पूटेड बकाया-एमएसएमई	-	-	-	-	-
कुल	**123.96**	**123.96**	**123.96**	**447.04**	**818.92**

(लाख रू. में)

विवरण	भुगतान के देय तिथि से निम्नलिखित अवधि हेतु बकाया				
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	कुल
एमएसएमई	-	-	-	-	-
अन्य	105.92	105.92	105.92	405.02	722.78
डिस्पूटेड बकाया-एमएसएमई	-	-	-	-	-
डिस्पूटेड बकाया-अन्य	-	-	-	-	-
कुल	**105.92**	**105.92**	**105.92**	**405.02**	**722.78**

नोट 15: प्रावधान (गैर वर्तमान)

(लाख रू. में)

विवरण	'31 मार्च , 2022 तक के अनुसार	31 मार्च , 2021 तक के अनुसार
उपार्जित अवकाश देनदारी	7,421.46	6,825.42
सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ	1,485.97	1,461.24
कुल प्रावधान (गैर वर्तमान)	**8,907.43**	**8,286.66**

नोट 16: आस्थगित कर देनदारियां (शुद्ध)

शेष में अस्थाई अंतर शामिल है जो निम्नलिखित से सबंन्धित है: (लाख रू. में)

विवरण	'31 मार्च , 2022 तक के अनुसार	31 मार्च , 2021 तक के अनुसार
आस्थगित कर देनदारियां		
संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण और अमूर्त परिसंपत्ति	3,711.48	3,152.04
म्यूचुअल फंड के उचित मूल्यांकन पर लाभ	6.31	-
कुल आस्थगित कर परिसपंत्ति	**3,717.79**	**3,152.04**
आस्थगित कर परिसपंत्ति		
परिभाषित लाभ दायित्व	2,420.66	2,283.09
संदिग्ध ट्रेड प्राप्तियों के लिए भत्ता	21.84	21.83
भारी अनुबंध के लिए प्रावधान	197.16	296.25
कुल आस्थगित कर परिसपंत्ति	**2,639.66**	**2,601.17**
शुद्ध आस्थगित कर देनदारियां	**1,078.13**	**550.87**

नोट 16 (क) : आस्थगित कर देनदारियाँ (शुद्ध)

आस्थगित कर देनदारियों/(परिसपंत्ति) में मूवमेंट (लाख रू. में)

विवरण	सपंत्ति, सयंत्र और उपकरण एवं अमूर्त परिसपंत्ति	परिभाषित लाभ दायित्व	अन्य मद	कुल
01 अप्रैल 2020 तक के अनुसार	**2,888.51**	**(1,713.26)**	**(221.47)**	**953.78**
प्रभारित/(क्रेडिटेड):				
-लाभ या हानि हेतु	263.53	(689.41)	(96.61)	**(522.49)**
- अन्य व्यापक आय हेतु	-	119.58	-	**119.58**
31 मार्च, 2021 तक के अनुसार	**3,152.04**	**(2,283.09)**	**(318.08)**	**550.87**
प्रभारित/(क्रेडिटेड):				
- लाभ या हानि हेतु	559.44	(175.35)	105.39	**489.48**
-अन्य व्यापक आय हेतु	-	37.78	-	**37.78**
31 मार्च , 2022 तक के अनुसार	**3,711.48**	**(2,420.66)**	**(212.69)**	**1,078.13**

नोट 17: वित्तीय देनदारियां (वर्तमान)

नोट 17(क): ट्रेड देय (वर्तमान) (लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 तक के अनुसार	31 मार्च , 2021 तक के अनुसार
ट्रेड देय		
- सुक्ष्म और लुघ उद्योग	228.52	95.36
- रूसी आस्थगित ऋण	123.96	105.92
-अन्य	40,816.35	78,070.22
कुल ट्रेड देय (वर्तमान)	**41,168.83**	**78,271.50**

व्यापार देय एजिंग शेड्यूल

31 मार्च, 2022 तक के अनुसार (लाख रू. में)

विवरण	भुगतान के देय तिथि से निम्नलिखित अवधि हेतु बकाया				
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	कुल
	228.52	-	-	-	228.52
एमएसएमई	31,573.05	3,839.99	4,396.10	1,131.17	40,940.31
अन्य	-	-	-	-	-
डिस्पूटेड बकाया-एमएसएमई	-	-	-	-	-
डिस्पूटेड बकाया-एमएसएमई	**31,801.57**	**3,839.99**	**4,396.10**	**1,131.17**	**41,168.83**

कुल ट्रेड देय (वर्तमान)

31 मार्च, 2021 तक के अनुसार (लाख रू. में)

विवरण	भुगतान के देय तिथि से निम्नलिखित अवधि हेतु बकाया				
	1 वर्ष से कम	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्षों से अधिक	कुल
एमएसएमई	95.36				95.36
अन्य	72,107.64	4,400.65	1,667.85	-	78,176.14
डिस्पूटेड बकाया-एमएसएमई	-	-	-	-	-
डिस्पूटेड बकाया-अन्य	-	-	-	-	-
कुल ट्रेड देय (वर्तमान)	**72,203.00**	**4,400.65**	**1,667.85**	**-**	**78,271.50**

नोट 17(ख): अन्य वित्तीय देनदारियां (लाख रू. में)

विवरण	**31 मार्च , 2022 तक के अनुसार**	**31 मार्च , 2021 तक के अनुसार**
सुरक्षा जमा	387.49	397.90
उपार्जित व्यय		
उपार्जित वेतन और लाभ	585.95	562.95
किराया	36.27	211.06
पट्टा देनदारी	10.15	1.45
अन्य देय राशियाँ	1,373.49	1,060.88
कुल अन्य वित्तीय देनदारियां	**2,393.35**	**2,234.24**

नोट 18: अन्य वर्तमान देनदारियां (लाख रू. में)

विवरण	**31 मार्च , 2022 को समाप्त वर्ष**	**31 मार्च , 2021 तक के अनुसार**
अनुबंध देनदारियां	3,64,250.39	3,16,441.79
पी17ए परिवर्तनीय मदे हेतुअनुबंध देनदारियां	2,01,207.02	1,40,063.22
सांविधिक देनदारियां	203.54	165.70
अन्य देनदारियां	15.97	1,311.36
कुल अन्य वर्तमान देनदारियां	**5,65,676.92**	**4,57,982.07**

नोट :

"पी17ए", के परिवर्तनीय मदों के मामले में, कंपनी आपूर्तिकर्ताओं को अवयवों के क्रय और आउट मदों की खरीद हेतु अग्रिम में भुगतान करती है तथा ग्राहक (भारतीय नौसेना) द्वारा प्राप्त/प्रतिपूर्ति की गई निधि के साथ निगमित तरल सावधि जमा खातों में शेष भी रखती है जो अन्य वर्तमान देनदारियों के तहत दर्शाई गई अनुबंध देनदारियों में पड़ी हुई है।

नोट 19: प्रावधान (वर्तमान)

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 तक के अनुसार	31 मार्च , 2021 तक के अनुसार
गारंटी मरम्मत	2,325.25	2,712.79
परिसमापन हर्जाने के लिए प्रावधान	370.73	120.81
उपार्जित अवकाश दायित्व	588.77	679.11
सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ	121.04	104.91
भारी अनुबंध	783.32	1,177.00
अन्य प्रावधान	12,417.16	11,397.27
कुल प्रावधान (वर्तमान)	**16,606.27**	**16,191.89**

व्यक्तिगत प्रावधान और महत्वपूर्ण अनुमानों के बारे में जानकारी

गारंटी मरम्मत

डिलीवर किए गए पोतों और अन्य उत्पादों के संबंध में अनुमानित वारंटी दावों के लिए प्रावधान किया गया है जो प्रतिवेदन अवधि के अंत में अभी भी वारंटी के अधीन है। प्रबंधन, बीमांकिक रिपोर्ट के आधार पर डिलीवर किए पोतों के संबंध में भावी वारंटी दावों के लिए संबन्धित प्रावधान का अनुमान लगाता है जो ऐतिहासिक वारंटी दावा जानकारी के साथ-साथ हालिया रुझानों पर ध्यान देता है जो यह सुझाव दे सकता है कि पूर्व लागत जानकारी, भावी दावों से अलग हो सकती है। वर्तमान अवधि में लगाए गए पूर्वानुमान, पूर्व वर्ष में लगाए गए पूर्वानुमान के अनुरूप हैं। अनुमानित दावा जानकारी को प्रभावित कर सकने वाले कारकों में, कंपनी की उत्पादकता और गणुवत्ता पहलों की सफलता शामिल है।

अन्य उत्पादों के प्रबंधन के संबंध में प्रावधान के लिए ऐतिहासिक वारंटी दावा जानकारी के आधार पर प्रावधान का अनुमान है और किसी भी हाल के रुझान है कि भविष्य के दावों का सुझाव दे सकते है ऐतिहासिक मात्र से अलग हो सकता है।

परिसमापन हर्जाना

कंपनी के नियंत्रण से बाहर के कारकों के कारण होने वाली देरी को ध्यान में रखते हुए अनबुंधात्मक प्रावधानों/समानुपातिक देनदारी के अनुसार खाता बही में अलग से परिसमापन हर्जाने का प्रावधान किया गया है।

दुर्वह अनुबंध का प्रावधान

कंपनी को भारतीय तटरक्षक बल के साथ किए गए एफपीवी अनुबंध के एक जहाज को डायवर्ट करके सेशेल्स सरकार को चालू वित्त वर्ष में 03 फरवरी 2021 को जीओएस के साथ अनुबंध के अनुसार दिए गए एक जहाज के बदले में भारतीय तटरक्षक बल के साथ संविदात्मक दायित्व को पूरा करने के लिए एक एफपीवी पोत का निर्माण करना है।

प्रतिस्थापन पोत की कीमत तटरक्षक बल के साथ मूल अनुबंध की लागत के समान है। जीओएस को पोत की आपूर्ति के लिए नए पोत के निर्माण हेतु आवश्यक वृद्धि को पूरा किया गया है। इसे देखते हुए यह पता चलता है कि वृद्धि के कारण नए पोत के लिए अनुमानित नुकसान 1177 लाख रु. है। यह अनुमानित नुकसान चालू वित्त वर्ष में नोट 27 के तहत दर्ज किया गया है।

वर्तमान वर्ष में 393.68 लाख रू की दुर्वह हानि के प्रावधान को समायोजित किया गया है, जिसे राजस्व मान्यता के रूप में माना गया है, तदनुसार दुर्वह हानि देनदारी का "संचलन प्रावधान" के संचलन के अंतर्गत परिलक्षित होता है।

अन्य प्रावधान

अन्य प्रावधान प्रबंधन के मूल्यांकन के आधार पर कर्मचारी संबंधित प्रावधानों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

प्रावधानों में मूवमेंट

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रावधान के प्रमुख श्रेणी में मूवमेंट के बारे में निम्न प्रस्तुत है : (लाख रू. में)

विवरण	परिसमापन हर्जाना	गारंटी मरम्मत	दुर्वह अनुबंध का प्रावधान	अन्य प्रावधान
1 अप्रैल 2020 तक के अनुसार	**1,891.77**	**3,508.21**	**-**	**9,045.36**
लाभ या हानि में शुल्क लिया गया/(जमा किया गया)				
मान्यता प्राप्त अतिरिक्त प्रावधान	196.31	627.96	1,177.00	2,415.74
वर्ष के दौरान प्रयुक्त राशि	(1967.27)	(1,423.38)	-	(63.83)
31 मार्च 2021 तक के अनुसार	**120.81**	**2,712.79**	**1,177.00**	**11,397.27**
लाभ या हानि में शुल्क लिया गया/(जमा किया गया)				
मान्यता प्राप्त अतिरिक्त प्रावधान	306.24	1429.32	-	3682.58
वर्ष के दौरान प्रयुक्त राशि	(56.32)	(1816.86)	(393.68)	(2662.69)
31 मार्च 2022 तक के अनुसार	**370.73**	**2,325.25**	**783.32**	**12,417.16**

नोट 20: संचालन से राजस्व

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
(क) अनुबंध राजस्व		
- पोत निर्माण	1,57,101.33	1,01,032.81
- सामान्य इंजीनियरिंग	577.78	393.03
- डीजल इंजन	5,527.51	1,775.94
(ख) उत्पादों की बिक्री		
-बी एवं डी स्पेयर्स	899.27	2,571.70
-बेली ब्रिज	5,498.18	4,804.79
- सामान्य इंजीनियरिंग	602.69	1,257.35
-डीजल इंजन	-	4.89
(ग) सेवाओं की बिक्री		
- पोत मरम्मत	4,049.12	1,198.15
-बेली ब्रिज	504.75	212.20
-सामान्य इंजीनियरिंग	-	1.60
- डीजल इंजन	20.50	23.94
(घ) विविध परियोजना	53.39	-
(ङ) अन्य संचालनीय राजस्व		
- स्क्रैप की बिक्री	868.72	807.13
- प्रशिक्षण शुल्क	48.13	-
संचालन से कुल राजस्व	**1,75,751.37**	**1,14,083.53**

नोट :

i. निर्यात अनुबंध से संचालन से उपरोक्त शामिल राजस्व 6,094.42 लाख (वित्त वर्ष 20- 21 : रू. 2,851.66 लाख) है।

ii. निर्यात बिक्री 3,485.12 लाख (वित्त वर्ष 20-21 : रू. 8,749.00 लाख) रू.।

iii. कंपनी रक्षा उपकरणों के उत्पादन में लगी हुई है और अधिसचूना संख्या जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 5 जन, 2015 में संशोधन करके दिनांक 23 फरवरी, 2018 की अधिसचूना एस.ओ. 802 (ई) के माध्यम से सेगमेंट रिपोर्टिंग से छूट दी गई थी। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, इंड एएस 115 के तहत ऑपरेटिंग सेगमेंट पर कंपनी द्वारा अलग-अलग कोई प्रकटीकरण नहीं किया गया है।

नोट 21: अन्य आय

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
ब्याज आय	13,019.00	15,268.23
म्यूचुअल फंड की बिक्री पर लाभ	1,368.59	716.44
उचित मूल्यांकन पर लाभ		
-म्यूचुअल फंड	25.07	235.02
-अन्य	459.25	122.79
किराया आय	18.30	6.28
शुद्ध विदेशी विनिमय लाभ	44.90	86.47
बीमा दावे	207.95	9.31
देनदारियाँ/प्रावधान रिटेन बैंक	654.55	894.93
रिटायर्ड परिसंपत्ति (शुद्ध) पर लाभ/(हानि)	56.03	169.35
अन्य आय	211.74	1,063.53
कुल अन्य आय	**16,065.38**	**18,572.35**

नोट 22(क): खपत की गई सामग्रियों की लागत

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
कच्चे माल	16,881.64	15,431.48
उपकरण एवं घटक	76,638.73	29,293.41
खपत की गई सामग्रियों की कुल लागत	**93,520.37**	**44,724.89**

नोट 22(ख): चल रहे कार्य और स्क्रैप की वस्तुसची में परिवर्तन

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च , 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
आरंभिक शेष		
- बेली ब्रिज यूनिट	5,057.88	5,593.16
- इंजन यूनिट	309.05	578.03
- अन्य	459.56	675.23
कुल आरंभिक शेष	**5,826.49**	**6,846.42**
समापन शेष		
- बेली ब्रिज यूनिट	4,339.84	5,057.88
- इंजन यूनिट	292.22	309.05
- अन्य	955.09	459.56
कुल समापन शेष	**5,587.15**	**5,826.49**
चल रहे कार्य की वस्तुस्तुची में कुल परिवर्तन	239.34	1,019.93
स्क्रैप की वस्तुस्तुची में परिवर्तन	(200.63)	112.97
चल रहे कार्य और स्क्रैप की वस्तुसची में कुल परिवर्तन	**38.71**	**1132.90**

नोट 23: कर्मचारी लाभ व्यय

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च ,2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
वेतन और पारिश्रमिक	23,669.68	22,193.45
अल्प: विशिष्ट: मद में हस्तांतरण	(709.95)	(1,920.22)
	22,959.73	20,273.23
भविष्य निधि और अन्य कोश में योगदान	3,298.82	3,313.61
कर्मचारी कल्याण व्यय	2,770.05	3,351.20
कुल कर्मचारी लाभ व्यय	**29,028.60**	**26,938.04**

नोट 24: वित्त लागत

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च ,2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
ब्याज व्यय		
-लीज देयता पर ब्याज व्यय	62.62	39.85
-सूक्ष्म एवं सघु उद्यमों के बकाया पर ब्याज	13.79	28.34
कुल वित्त लागत	**76.41**	**68.19**

नोट 25: मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च ,2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का मलूयह्रास	3,410.74	2,843.20
अल्प: विशिष्ट: मद में हस्तांतरण	(58.59)	(154.72)
	3,352.15	2,688.48
अमूर्त परिसंपत्ति का परिशोधन	218.86	220.28
कुल मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	**3,571.01**	**2,908.76**

नोट 26: अन्य व्यय - परियोजना सबंन्धित

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च ,2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च , 2021 को समाप्त वर्ष
सुविधा किराया	121.56	336.11
बीमा	325.89	207.18
यात्रा व्यय	255.71	138.53
तकनीशियनों की फीस	1,365.59	5,120.92
जलावतरण और प्रवर्तीकरण संबंधित व्यय	86.70	64.88
बैंक प्रभार	1.25	926.63
विविध व्यय	192.10	736.86
कुल अन्य व्यय - परियोजना संबंधित	**2,348.80**	**7,531.11**

नोट 27: अन्य व्यय

(लाख रू. में)

विवरण	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष
स्टोर्स और स्पेयर्स पार्ट्स की खपत	71.30	61.51
बिजली और ईंधन	863.48	630.15
किराया	128.31	64.30
मरम्मत और रखरखाव		
- भवन	601.81	640.88
- संयंत्र एवं उपकरण	560.08	329.32
- अन्य	1,199.34	1,166.00
बीमा	630.94	781.01
दरें और कर	124.70	257.75
मार्केटिंग व्यय	91.18	110.74
स्टोर खाली करने और प्रेषण का खर्च	29.07	35.77
परिसमापन हर्जाना	306.50	191.40
अगतिमान एवं अप्रचलित वस्तुस्तुची हेतु प्रावधान	231.34	240.78
सामाग्री हेतु प्रावधान	184.98	-
परिवहन किराया शुल्क	336.58	398.55
यात्रा व्यय	125.55	79.39
विज्ञापन और प्रचार	289.28	240.52
बैंक चार्ज एवं कमीशन	38.90	14.70
मुद्रण और लेखन सामग्री	8.09	9.43
डाक एवं कूरियर	5.85	5.31
टेलीफोन और फैक्स	33.78	64.45
कानूनी खर्च	11.00	18.88
निगमित सामाजिक दायित्व	410.00	370.00
लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक:		
(क) लेखा परीक्षण शुल्क	8.60	7.83
(ख) कर लेखा परीक्षण शुल्क	1.25	1.25
(ग) अन्य सेवाओं हेतु शुल्क	5.10	4.60
सीआईएसएफ़ व्यय	3,499.57	3,501.15
रिटेन ऑफ की गई परिसंपत्ति संयंत्र एवं उपकरण	27.81	15.38
दुर्वह अनुबंध पर नुकसान	-	1,177.00
